सुप्रभात
रांची, रविवार
12.02.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 210 12

बेहद हॉट नजर आयी सारा

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

झारखंड में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू, खड़गे ने अडाणी को ले मोदी पर साधा निशाना, कहा

# समय आ गया, अब जनता देगी भाजपा को जवाब

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची /साहिबगंज ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हाथ से हाथ जोड़ों अभियान की शुरूआत करते हुए कार्यकर्त्ताओं से अपील की कि वे कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने और पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुचाने का काम करें। उन्होंने भाजपा और पीएम मोदी पर जम कर निशाना साधा। श्री खड़गे ने कहा कि देश में विकास करने के नाम पर भाजपा सत्ता में आयी और जैसे ही गद्दी पर बैठी नफरत फैलाने का काम शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अडानी को इतना लाभ पहुंचाया कि देश की जनता अब परेशान हैं। आज देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। भाजपा के इस कुकृत्यों का जवाब जनता समय पर देगी।



## प्रधानमंत्री झूठ बोलता है

मल्लिकार्जुन खड़गे शनिवार को साहिबगंज के पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के गुमानी में (श्रीकुंड) हाईस्कूल मैदान से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत करने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मोदी सरकार पर अडाणी को बचाने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि देश की सारी संपत्तियां एक व्यक्ति को सौंपी जा रही है। इस मुद्दे को जब उन्होंने संसद में उठाया तो, सरकार ने जवाब देने के बदले इसे असंसदीय करार देकर कार्यवाही से ही बाहर कर दिया। उन्होंने कहा, संसद में हमने पूछा था कि अडाणी की संपत्ति ढाई साल में 13 लाख करोड़ हो गयी। कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा, अडाणी, पीएम मोदी के मित्र हैं। पीएम ने अदाणी को सरकारी पैसा दिया है। इसलिए संपत्ति में इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा, देश का प्रधानमंत्री झूठ बोलता है। उन्होंने कहा मोदी शासनकाल में आम लोगों का नहीं बल्कि सिर्फ अडानी का विकास हुआ।

## सीएम हेमंत ने किया स्वागत

झारखंड के दौरे पर पहली बार आये कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का सूबे के सीएम हेमंत सोरेन ने भी ट्वीट कर स्वागत किया है। अपने ट्वीट में लिखा- 'झारखंड की वीर भूमि पर मल्लिकार्जुन खड़गे जी का हार्दिक स्वागत और जोहार।

## मोदी-शाह के पास अजीब वाशिंग मशीन

श्री खड़गे ने कहा कि मोदी और शाह के पास एक ऐसी वॉशिंग मशीन है जिसमें देश के दागियों को उसमें डालकर सफेद करते है और उसे अपनी पार्टी में शामिल कर लेते हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी का हाथ मजबूत करते हुए हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत इसलिए की गयी कि यह राज्य पूरे देश को कोयला देकर रोशन करता है। (शेष पेज 11 पर)

# मांडर में दिन-दहाड़े जेवरात दुकान से 70 लाख की लूट

## हथियार का भय दिखा कर नकद भी ले भागे, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** रांची के मांडर थाना के मिशन चौक पर स्थित सोने-चांदी की एक दुकान से दिनदहाड़े अपराधियों ने 70 लाख से अधिक के गहने और नगद लूट लिये। जानकारी मिलने के बाद पुलिस अपराधियों की तलाश में जुट गयी है। लूट की ये घटना रांची-मेदनीनगर मुख्यपथ पर स्थित शंकर एंड संस ज्वेलर्स नामक दुकान में हुई। सभी अपराधी हथियार के साथ आये थे।

बताया जा रहा है कि दिन के करीब ढाई बजे संचालक अभय कुमार सोनी अपनी दुकान पर बैठे थे। दो व्यापारियों से चांदी के जेवर लेन देन की बात कर रहे थे। इसी दौरान



हेलमेट पहने दो लोग दुकान पहुंचे। जब उनसे हेलमेट उतारने को कहा गया तो उन लोगों ने हथियार निकाल लिया। गोली मारने की धमकी देते हुए दुकान में मौजूद सारे जेवर को एक बैग में डाला और चलते बने।

घटना के तुरंत बाद बाद दुकान संचालक मांडर थाने पहुंच प्राथमिकी दर्ज करायी। प्राथमिकी के अनुसार सोने के लगभग एक किलो जेवर तथा चांदी के लगभग सात किलो के जेवर अपराधियों ने लूटे। जाते-जाते 30 हजार नगद तथा एक लाख के तीन फोन भी ले भागे। (शेष पेज 11 पर)

## बालू लदे ट्रक ने रौंदा, तीन चचेरे भाइयों की मौत

**गुमला।** अवैध बालू लदे ट्रक की चपेट में आकर सिसई कॉलेज के समीप बाइक सवार तीन युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान बिरेंद्र उरांव (20), बुधेश्वर उरांव (17) और विकास उरांव (19) के रूप में हुई। तीनों चचेरे भाई थे। बरगांव कुलेंगकेरी बगीचा टोली के रहने वाले थे। तीनों भाई अपने एक दोस्त से बाइक मांगकर पूना टोली स्थित अपने रिश्तेदार बसंती देवी के घर मेहमानी गये थे। बरगांव की ओर से तेज गति में आ रहे ट्रक (जेएच 07 ई 8301) तीनो युवकों को रौंदते हुए फरार हो गया। तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। शनिवार को घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ो ग्रामीण थाना पहुंचे और मुआवजे और वाहन को पकड़ने की मांग करने लगे। सीसीटीवी फुटेज से आइसर ट्रक की पहचान की गयी और पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रीमीणों ने जाम समाप्त किया।

रांची पहुंचे तेजस्वी, सीएम हेमंत से कई मद्दों पर की बात

# सभी विपक्षी दलों को गोलबंद कर अपनी ताकत बढ़ायेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने औपचारिक मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच विकास से जुड़े मुद्दे और कई विषयों पर चर्चा हुई। इससे पूर्व रांची पहुंचने पर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए श्री यादव ने कहा कि वह सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात कर चुनाव से पहले सभी विपक्षी दलों को गोलबंद कर एक साथ चुनाव लड़ने की रणनीति बनायेंगे। खासकर क्षेत्रीय दल जिस भी राज्य में मजबूत है उनको मजबूती के साथ लड़ाई लड़नी है। सभी पार्टियों की चाहत होती है कि ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़े, लेकिन जो जहां भी मजबूत



है वहां उसे मौका मिलना चाहिए। हम अपनी ताकत को बढ़ायेंगे, तभी चुनाव लड़ने के लिए सक्षम हो पायेंगे। दोपहर में तेजस्वी यादव झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मिले। इस मुलाकात की जानकारी सीएम हेमंत ने ट्वीट कर दी। ट्विटर पर उन्होंने लिखा है कि 'बिहार राज्य के माननीय उप-मुख्यमंत्री भाई तेजस्वी यादव जी से आवास में मुलाकात हुई। मुलाकात के दौरान देश और राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। श्री यादव के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, अब्दुल बारी सिद्दीकी, श्याम रजक, सुरेश पासवान, संजय प्रसाद यादव भी मौजूद थे। (शेष पेज 11 पर)

# लेफ्ट और कांग्रेस दो-धारी तलवार, सतर्क रहें : मोदी

**दोनों ने बारी-बारी से त्रिपुरा को लूटा, फिर बनायें डबल इंजन सरकार**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** त्रिपुरा विधानसभा चुनाव का प्रचार अभियान जोर पकड़ चुका है। शनिवार को पीएम मोदी ने त्रिपुरा के राधाकिशोरपुर में आयोजित विजय संकल्प रैली कांग्रेस और वामदल पर जमकर हमला बोला। पीएम ने कहा कि जिन्होंने सालों साल बारी-बारी से त्रिपुरा को लूटा, वही लोग फिर से एक साथ आ हैं। ये दोनों आपका भला करने नहीं सिर्फ चंदा वसूलने आये हैं। इसलिए त्रिपुरा के लोगों को लेफ्ट-कांग्रेस से सतर्क रहने की अपील की और कहा कि ये दोनों दल दो धारी



तलवार हैं। मोदी ने कहा, त्रिपुरा के लोगों से मेरा वादा है कि यहां फिर से भाजपा सरकार बनने पर विकास में और तेजी आयेगी। आपके सपने साकार होंगे। भाजपा को दिया एक-एक वोट अनमोल है। आपके वोट की शक्ति आपका और आपके बच्चों का भविष्य सुरक्षित करेगा। त्रिपुरा दक्षिण एशिया का गेट वे बनने जा रहा है। भाजपा सरकार ने त्रिपुरा को डर, धमकी और हिंसा से मुक्त कर दिया है। अब कानून का राज है। अब सब विकास के दायरे में आ गये हैं। पहले क्या हालात थे आपसे छिपा नहीं है। उल्लेखनीय है कि त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए 16 फरवरी को मतदान होगा। (शेष पेज 11 पर)

# कर्मचारी हित में है पुरानी पेंशन योजना : मुख्यमंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत ने कहा कि पेंशन बुढ़ापे की लाठी होती है। अगर यह लाठी आपके पास नहीं होगी तो आज के भौतिकवादी युग में आप को सहारा मिलना मुश्किल हो जायेगा । इसी सोच को ध्यान में रखते हुए सरकार ने जहां राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू करने का निर्णय लिया है , वहीं समाज के सभी गरीब, पिछड़े और जरूरतमंद लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है । यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत सभी बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगों और एकल महिला को पेंशन योजना से जोड़ा जा रहा है। (शेष पेज 11 पर)



**शनिवार को रिटायर हुए डीजीपी नीरज सिन्हा ने सीएम से शिष्टाचार भेंट की। सीएम ने उन्हें शॉल और मोमेंटो दे कर उनकी लंबी उम्र, खुशहाल, सुखद और स्वस्थ जीवन के लिए कामना दी। साथ ही कहा कि आपके कार्य और अनुभव का लाभ सभी को मिलेगा।**

## भारत की ऐतिहासिक जीत, टेस्ट में कंगारू फेल

**नागपुर।** स्पिनर अश्विन की अगुवाई में भारत ने दुनिया की नंबर एक टेस्ट टीम आस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 132 रनों से हरा कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। टास जीत कर पहले खेलते हुए आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 177 रन बनाये। जवाब में भारत ने 400 रनों का स्कोर खड़ा किया था। पहली पारी में 223 रन से पिछड़ने वाली आस्ट्रेलिया दूसरी पारी में 91 रन बना सकी। अश्विन (37 रन पर पांच विकेट) और रविंद्र जडेजा (34 रन पर दो विकेट) ने मेहमान बल्लेबाजी की बखिया उधेड़ दी। कंगारूओं पर भारत की यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है।

# राज्य के सरकारी कर्मियों का भी होगा परफॉर्मेंस पर मूल्यांकन

## बनेंगे नियम, प्रमोशन को भरने होंगे ऑनलाईन अप्रेजल, तीन सदस्यीय कमेटी बनी

सुधीर

**रांची।** राज्य के सरकारी कर्मियों को भी अब निजी संस्थानों की तरह डेडिकेटेड होकर काम करने होंगे। इतना ही नहीं, उन्हें प्रमोशन के लिए भी अप्रेजल फार्म भी ऑनलाईन भरना होगा। एनुअल परफॉरमेंस अप्रेजल रिपोर्ट (एपीएआर) के आधार पर ही उन्हें तरक्की मिलेगी। इसके लिए सीमा निर्धारित की जायेगी। पहले की तरह अब सालों बाद कोई अधिकारी उनके कार्यकाल को उत्कृष्ठ नहीं लिख पायेंगे। निर्धारित अबधि के भीतर ही उन्हें ऑनलाईन फार्म भरकर देना होगा।



इसके लिए राज्य सरकार नियम बना रही है। इसके तहत झारखंड प्रशासनिक सेवा सहित राज्य की अन्य दूसरी सेवा के अधिकारियों के परफॉरमेंस मूल्यांकन ऑनलाइन माध्यम से अभिलेखित करने के लिए नियम का गठन किया जायेगा।

**तीन सदस्यी कमेटी बनायेगी नियम :** सीएम हेमंत सोरेन की सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और सदस्य राजस्व पर्षद झारखंड अमरेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। इस कमेटी में वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, सचिव योजना एवं विकास विभाग अमिताभ कौशल को रखा गया है। यह समिति झाप्रसे अधिकारियों के एनुअल परफॉरमेंस अप्रेजल रिपोर्ट एपीएआर लिखने के लिए कार्मिक विभाग द्वारा जारी सर्कुलर, पत्रों की समीक्षा तथा झारखंड राज्य सेवाओं और संवर्गों के पदाधिकारियों और कर्मियों के परफॉरमेंस स्व-मूल्यांकन प्रतिवेदन एपीएआर के ऑनलाइन माध्यम से किये जाने को लेकर नियम बनायेगी। इस पर सरकार की मंजूरी ली जायेगी।

### ऑनलाइन दिया जा रहा परफॉरमेंस अप्रेजल

बताते चलें कि अधिकारियों-कर्मचारियों को अभी परफॉरमेंस अप्रेजल ऑनलाइन दिया जा रहा है। इसे लेकर अब कमेटी बना ली गयी है। कमेटी के अधिकारी मिलकर विस्तृत नियम बनायेंगे। सरकार के स्तर पर इस नियम को तैयार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# भारत जितना मोदी-भागवत का उतना ही हमारा : मौलाना मदनी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के चीफ मौलाना महमूद मदनी ने कहा है कि भाजपा और आरएसएस से हमारा कोई धार्मिक मतभेद नहीं, बल्कि वैचारिक मतभेद है। दिल्ली के रामलीला मैदान में शनिवार को जमीयत के 34वें अधिवेशन में उन्होंने कहा- भारत जितना मोदी और भागवत का है, उतना ही मदनी का भी है। उन्होंने कहा, हम संघ और उसके सर संघ चालक को न्योता देते हैं। आपसी भेदभेद और दुश्मनी को भूलकर एक दूसरे को गले लगायें और देश को दुनिया का सबसे शक्तिशाली मुल्क बनायें। हमें सनातन धर्म से कोई शिकायत नहीं है, आपको भी इस्लाम से कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए।

### हमें सनातन से परेशानी नहीं, इस्लाम से किसी को शिकायत न हो

**मुसलमानों का भारत सबसे अच्छा देश :** मदनी ने कहा कि मुसलमानों के लिए भारत सबसे अच्छा देश है। यह भूमि मुसलमानों की पहली मातृभूमि है। यह कहना कि इस्लाम एक ऐसा धर्म है जो बाहर से आया है। (शेष पेज11 पर)

## न्यूज डायरी

### झारखंड के हिमांशु ने गोल्ड जीत राज्य का बढ़ाया मान

**रांची।** विश्व के सबसे बड़े जूनियर एथलेटिक्स टैलेंट में झारखंड के हिमांशु कुमार सिंह ने गोल्ड मेडल जीता है। पूर्वी सिंहभमू निवासी हिमांशू ने पटना में 10 से 12 फरवरी तक आयोजित 18वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा का रजत दामु गणेश (आंध्रप्रदेश) 1616 अंक लाकर और सूरज सिंह (उत्तराखंड) ने 1608 के साथ कांस्य पदक जीता। टैलेंट हंट में झारखंड के 24 जिलों समेत देश भर के 599 जिलों से 5472 एथलीट भाग ले रहे हैं।

### गरीबों को निःशुल्क तीर्थाटन करायेगी सरकार

**रांची।** राज्य सरकार ने गरीबों खासकर बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ लोगों को धार्मिक तीर्थ दर्शन करयेगी। पर्यटन निदेशालय, झारखंड के मुताबिक राज्य के बुजूर्ग नागरिकों को सीएम तीर्थ दर्शन योजना का लाभ दिया जाना है। राज्य में ऐसे नागरिक जिनके पास बीपीएल कार्ड है और उनकी उम्र 60 वर्ष या इससे अधिक है, उन्हें दर्शन कराने में सरकार मदद करेगी। इसके लिए इच्छुक हिन्दू धर्मावलंबियों की तलाश शुरू कर दी गयी है। चयनित लोगों को द्वारिका और सोमनाथ की यात्रा विशेष ट्रेन द्वारा आईआरसीटीसी के माध्यम से फरवरी के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ किया जाना है।

### तुर्किये भूकंप में एक भारतीय की मौत

**अंकारा।** तुर्किये में आये विनाशकारी भूकंप से एक भारतीय की मौत होने की पुष्टि हुई है। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, 'छह फरवरी को भूकंप आने के बाद से लापता एक भारतीय नागरिक विजय कुमार का शव मिला है। माल्टा के एक होटल के मलबे के बीच उनकी पहचान की गयी है। वह व्यापार कार्यों से तुर्किये गये थे। भारतीय दूतावास ने कहा भूकंप के बाद से लापता भारतीय नागरिक विजय कुमार का शव मिला है। दूतावास ने कहा कि उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति हमारी गहरी संवेदना। पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द उनके परिवार तक पहुंचाने की व्यवस्था कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने तिलका मांझी को किया नमन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को अमीर वीर शहीद बाबा तिलका मांझी की जयंती पर शत-शत नमन किया। मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके कहा कि अंग्रेजों के शोषण के खिलाफ झारखंड के आदिवासी मूलवासियों के विद्रोह का इतिहास बहुत पुराना है। 18157 से कहीं पहले अंग्रेज शोषकों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल बजाने वाले अमीर वीर शहीद बाबा थे।

### महिलाएं हर जिम्मेदारी उठाने में सक्षमः राष्ट्रपति

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महिलाओं ने जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, चाहे वह राजनीति, अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल, साहित्य और संगीत हो। यहां अपने पूर्व शिक्षण संस्थान, रमा देवी महिला विश्वविद्यालय (आरडीडब्ल्यूयू) के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने यह साबित कर दिया है कि वे समाज के साथ-साथ पूरे देश में किसी भी जिम्मेदारी को उठाने में सक्षम हैं। वह अपने गृह राज्य के दो दिवसीय दौरे पर हैं।

### बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी पहुंचे रांची, कार्यकर्ता सम्मेलन में होंगे शामिल

# झारखंड में राजद का जनाधार बढ़ाने और अधिक सीटें जीतने की बनायेंगे रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में खो चुकी सियासी जमीन को पुनः पाने के लिए राष्ट्रीय जनता दल अभी से ही एड़ी चोटी का जोड़ लगाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को रांची में आयोजित कार्यकर्त्ता सम्मेलन में भाग लेने के लिए शनिवार को राजद नेता एवं बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव शनिवार को रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर राजद के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने तेजस्वी यादव का स्वागत किया।

मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा कि रविवार को झारखंड प्रदेश राजद द्वारा बुलाये गये कार्यकर्त्ता सम्मेलन में कार्यकर्त्ताओं से पार्टी की गतिविधियों को लेकर चर्चा करेंगे। झारखंड में राजद पार्टी का जनाधार कैसे आगे बढ़े, पार्टी झारखंड में कैसे ज्यादा सीट जीत सके, इसकी रणनीति बनायी जाएगी। तेजस्वी यादव अपने रांची प्रवास के दौरान शनिवार को होटल रेडिसन ब्लू रूकेंगे और नेताओं से बात कर झारखंड में आरजेडी के जनाधार को बढ़ाने को लेकर रणनीति भी तैयार करेंगे।

**ये रहे मौजूद :** बता दें कि तेजस्वी यादव के साथ राजद के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मंत्री श्याम रजक, झारखंड राजद के प्रभारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण, राजद के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी भी रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट इन नेताओं का स्वागत झारखंड राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय सिंह, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, खटाल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गौरी शंकर यादव, फिरोज अंसारी, इरफान अहमद अंसारी, विशु विशाल, मंतोष यादव ने स्वागत किया।

**स्वस्थ हैं लालू :** तेजस्वी यादव आज झारखंड राजद के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। रविवार को तेजस्वी यादव पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। रविवार को तेजस्वी यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार तेजस्वी यादव पार्टी की गतिविधियों को लेकर चर्चा करेंगे। झारखंड में पार्टी का जनाधार कैसे आगे बढ़े, पार्टी झारखंड में कैसे ज्यादा सीट जीत सके, इस बात को लेकर के तेजस्वी यादव बैठक करेंगे।

### स्वागत में पहुंची महिला नेता आपस में भिड़ीं

**रांची।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के स्वागत में पहुंची महिला नेता आपस में भीड़ गईं। जानकारी के अनुसार महिला कार्यकर्ता तेजस्वी के इंतजार में रांची एयरपोर्ट के बाहर नाच गा रही थीं। इसी दौरान दो महिला नेता आपस में भीड़ गई और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने लगी। राष्ट्रीय जनता दल की महिला प्रकोष्ठ की महासचिव पिंकी यादव ने प्रदेश महिला अध्यक्ष रानी देवी पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब अपने समर्थकों के साथ नाच गा रहे थे, इसी दौरान रानी देवी पहुंची और अपशब्द कहने लगी। वह हमेशा कार्यकर्ताओं को दबाने की कोशिश करती है, ताकि पार्टी में दबदबा बना रहे। वहीं, रानी देवी ने बताया कि पिंकी यादव की ओर से लगाये जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने पिंकी यादव पर पार्टी में फूट डालने का आरोप लगाया। बढ़ते बहस को देखते ही वरिष्ठ नेता पहुंचे और दोनों पक्षों की महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत कराया।

# अब महीने में दो बार लगेगा ऊर्जा मेला, जेबीवीएनएल ने दिया आदेश

### आज लगनेवाले ऊर्जा मेला में क्विज कॉन्टेस्ट का भी होगा आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से अब हर महीने ऊर्जा मेला का आयोजन किया जायेगा। आयोजन महीने में दो बार किया जायेगा, जहां बिजली उपभोक्ता बिजली संबधी किसी भी समस्या का समाधान पा सकते हैं। इस 12 फरवरी को भी निगम की ओर से उर्जा मेला का आयोजन किया जा रहा है, जो सभी जिलों में आयोजित किया जायेगा। इस दौरान क्विज कॉन्टेस्ट का भी आयोजन होगा और विजेताओं को पुरस्कार भी दिये जायेंगे। सभी विद्युत आपूर्ति क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से इसकी तैयारी कर ली है। वहीं, रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र ने भी इसके लिए जगह चिन्हित कर लिया है, जहां मेला आयोजित किया जायेगा। इसके पहले निगम ने 21 जनवरी को उर्जा मेला का आयोजन किया था। ऊर्जा मेला की सफलता को देखते हुए निगम ने हर महीने में दो बार मेला आयोजित करने का निर्णय लिया है। 21 जनवरी को आयोजित उर्जा मेला में रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र में लगभग 1600 आवेदन मिले थे। इनमे से कुछ आवेदनों का निवारण निगम ने तुरंत किया था।

**किन-किन समस्याओं का समाधान किया जायेगा :** मेला में बिजली उपभोक्ता बिजली संबधी सभी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं, जहां बिजली कनेक्शन से लेकर बिल जमा करने तक की सारी जानकारियां दी जायेगी। मेला में उर्जा विभाग और जेबीवीएनएल की ओर से चलाये जा रहे अलग अलग योजनाओं की जानकारी भी दी जायेगी। सरकार द्वारा दिए जा रहे 100 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा का लाभ लेने के लिए मीटर लगाने के संबध मे जानकारी, नया विद्युत कनेक्शन लेने से संबंधित मामला, लोड बढ़ने से संबधित मामला, कृषि कार्य के लिये नया विद्युत संबंध, बिजली बिल सुधार से संबंधित मामला। बिजली बिल नहीं मिलने की शिकायत, खराब या जले मीटर को बदलने के संबंधित मामला। ट्रान्सफार्मर जलने या खराब होने की शिकायत, लो मोल्टेज की शिकायत समेत अन्य समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

**सोशल मीडिया से हो रहा प्रचार-प्रसार :** जेबीवीएनएल की ओर से ऊर्जा मेला का प्रचार प्रसार निगम के सोशल मीडिया हैंडल पर किया जा रहा है। वहीं, अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल का उपयोग कर भी लोगों को जानकारी दी जा रही है। जानकारी हो कि पिछले कुछ समये में निगम सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर कई योजनाओं की जानकारी लोगों का तक पहुंचा रहा है, जिसमें मीटर कनेक्शन, सुविधा एप का इस्तेमाल, समय पर बिल पेमेंट, बिजली चोरी के खिलाफ अभियान आदि जानकारी जा रही है।

## खबर एक नजर में

### पथ निर्माण विभाग के 26 जेई बदले

**रांची।** पथ निर्माण विभाग ने दो दर्जन से अधिक कनीय अभियंताओं (जेई) को बदल दिया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। पथ निर्माण विभाग की ओर से जारी सूची के अनुसार अभियंताओं में मनीष पुरन की सेवा भवन निर्माण विभाग, सरकार सोरेन की सेवा ग्रामीण कार्य विभाग, साधन कुमार दास की सेवा भवन निर्माण विभाग, विजय कुमार बाखला की सेवा ग्रामीण कार्य विभाग, अशोक कुमार मंडल को एनएच मेरु प्रशाखा , प्रमंडल हजारीबाग पदस्थापित किया गया है। इसके अलावा सुजय कुमार, प्रशाखा पाकुड़, रवि प्रकाश ओड़िया , मिष्ठी अन्वेषण प्रमंडल अग्रिम योजना रांची, प्रेम शंकर प्रसाद सिंह पथ निर्माण प्रमंडल गोड्डा, प्रवीण कुमार, रातु, रंजीत कुमार साह पथ , नामकुम, धर्मेंद्र रजक , पथ ओरमांझी, दीपक पांडे पथ हरमू, घोष महतो , पथ प्रमंडल बोकारो, पशुपति कुमार प्राक्कलक जमशेदपुर, मनोज कुमार सिंह ,बोरियों, पुरुषोत्तम कुमार , एनएच मेदिनीनगर, पियूष प्रियम, डोमचांच, पंकज कुमार , जलडेगा, जितेंद्र कुमार, सतगावां, विजय कुमार रवानी , सेवा ग्रामीण कार्य विभाग, सतीश कुमार , पथ प्रमंडल रांची ग्रामीण, नवदीप कुमार, पथ मंडल , देवघर , दीपक टूडू को पथ प्रमंडल रांची ग्रामीण भेजा गया है।

### स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना निर्वाचन आयोग की जिम्मेवारी : सीपीआईएम

**रांची।** सीपीआईएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा है कि 16 फरवरी को त्रिपुरा विधानसभा का चुनाव होना है। चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए सत्तारूढ़ बीजेपी का सीपीआईएम और अन्य विरोधी पार्टियों के कार्यकताओं व समर्थकों पर पहले से जारी हमले की घटनाएं बढ़ती जा रही है। माकपा ने निर्वाचन आयोग से त्रिपुरा में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है।

### सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद को समर्पित हैं भाजपा कार्यकर्ता : दीपक प्रकाश

**रांची।** भाजपा द्वारा आज प्रदेश भर में बूथ स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। हरमू रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में सांसद दीपक प्रकाश सहित अन्य नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में बालमुकुंद सहाय, विधायक नवीन जायसवाल, समरी लाल, सुबोध सिंह गुड्डू, सूर्यमणि सिंह, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, अविनेश कुमार सिंह, संजीव विजय वर्गीय, राकेश भास्कर, अशोक बड़ाइक, तारिक इमरान, राजश्री जयंती, सत्यनारायण सिंह, सीमा शर्मा, नीरज सिंह, माया सिंह, कमाल खान, गुरविंदर सिंह सेठी, राजेंद्र केसरी, मुकेश मुक्ता, अरुण झा, संदीप वर्मा,रमेश सिंह, सूरज शाहदेव, संजय सहाय, सुबोधकांत आदि शामिल थे।

### झारखंड कैडर की संपत मीणा केंद्र में बनी एडीजी



**रांची।** सीबीआइ में लखनऊ जोन की संयुक्त निदेशक के पद पर पदस्थापित झारखंड कैडर की 1994 बैच की आइपीएस अधिकारी संपत मीणा को केंद्र में एडीजी बनाया गया है। गृह मंत्रालय से जारी पत्र में पूरे देश में 35 आईपीएस को एडीजी रैंक में प्रोन्नति दी गयी है। झारखंड में इनमें से केवल संपत मीणा का नाम शामिल है। संपत मीणा वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। वहां से लौटने के बाद झारखंड में एडीजी रैंक में योगदान देंगी। झारखंड पुलिस में संपत मीणा बेदाग छवि के लिए जानी जाती रही हैं। लापता बच्चों की खोज के लिए उन्होंने झारखंड में ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया था, जो बहुत चर्चित रहा था। इसमें पूरे देश में लापता बच्चों की तलाश हुई थी। इसके अलावा उन्होंने झारखंड में बेहतर कार्य की बदौलत अपनी तेज तर्रार आइपीएस अधिकारी की छवि कायम की थी।

# घुसपैठियों के बीच हाथ जोड़ो यात्रा करने आये खड़गे : दीपक प्रकाश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि साहिबगंज में हाथ जोड़ो यात्रा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे घुसपैठियों को संरक्षण देने पहुंचे हैं। श्री प्रकाश शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री खड़गे साहिबगंज में भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि भारत की संप्रभुता को संकट में डालने वाली पार्टी कांग्रेस को जोड़ने की बात शोभा नहीं देती है। इस पार्टी के डीएनए में तो भारत को तोड़ने की नीति है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने कार्यक्रम की शुरूआत की जगह साहिबगंज में क्यों रखी, इसलिये कि साहिबगंज में सबसे ज्यादा बांग्लादेशी घुसपैठिये निवास करते हैं। जब सिविल सोसाइटी ने घुसपैठियों को भगाने की बात की, तो यही कांग्रेस और झामुमो की सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा कि हमारी सरकार प्रवासी भगाने का काम नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता था कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष झारखंड में साहिबगंज में हुए अवैध खनन की बात करेंगे। रुबिका की हत्या के संबंध में बात करेंगे। रूपा तिर्की, संध्या टोपनो, अरसू हेंब्रम की हत्या के बारे में बोलेंगे। उनके परिवार के लोगों से मिलेंगे और उन्हें सांत्वना देंगे। लेकिन उन्हें ये सब याद ही नहीं रहा।

# अपनी विदाई के मौके पर डीजीपी नीरज सिन्हा बोले- राज्य में सीमित हुआ उग्रवाद

### डीजी अजय कुमार सिंह को डीजीपी का मिला प्रभार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा की सेवानिवृत्ति के अवसर पर शनिवार को जैप वन ग्राउंड में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कई जगह काम हुए हैं। राज्य में उग्रवाद के भौगोलिक विस्तार को सीमित किया गया है। तीन दशक से जहां पुलिस जा नहीं पाती थी, वहां पुलिस की पहुंच है। आज ग्रामीण इतने खुश हैं कि पुलिस को हर काम में सहयोग दे रहे हैं। लोग कहते हैं उग्रवाद नक्सलवाद से परेशान होकर अपना घर तक छोड़ दिया था लेकिन खत्म हो रहे उग्रवाद के वजह से 20 साल बाद गांव लौट रहे है। बूढ़ापहाड़ इलाके में कभी सरकार नही पहुंच पाती थी, आज वहां शीर्ष नेतृत्व पर पहुंच चुकी है।

1987 बैच के आईपीएस अधिकारी नीरज सिन्हा ने 12 फरवरी 2021 को झारखंड के डीजीपी के तौर पर पदभार ग्रहण किया था।

इस मौके पर डीजी अजय कुमार सिंह, डीजी अनुराग गुप्ता, डीजी अनिल पालटा, एडीजी आरके मल्लिक, एडीजी प्रशांत सिंह, एडीजी मुरारीलाल मीणा समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

गौरतलब हो कि नीरज सिन्हा भारतीय पुलिस सेवा में आने के बाद एकीकृत बिहार में एएसपी पीरो बने,जहानाबाद,जमुई, समस्तीपुर, आरा, कटिहार और नालंदा में एसपी के पद पर रहे। झारखंड बनने पर 25 नवंबर 2000 को रांची एसएसपी बनाये गये थे। इसके अलावा एसपी हजारीबाग, रेंज डीआइजी हजारीबाग, एडीजी निगरानी, डीजी वायरलेस, डीजी एसीबी सहित कई पदो पर रहे। डीजी अजय कुमार सिंह को डीजीपी का प्रभार मिला है।

### केंद्रीय संचार राज्य मंत्री ने लोकसभा में सांसद संजय सेठ को बताया

# इंटरनेट सेवा से वंचित हैं झारखंड के 1367 गांव

### देश के 238 शहरों में शुरू हुई 5जी की सेवा इसमें झारखंड के रांची, जमशेदपुर और धनबाद शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय संचार राज्य मंत्री देबु सिंह चौहान ने कहा कि भारत के 29 राज्यों के 238 शहरों में 5 जी की सेवा शुरू हो गई है। जिसमें झारखंड से रांची, जमशेदपुर और धनबाद शहर शामिल है। दरअसल, श्री चौहान संसद में संजय सेठ के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड के 1367 गांव में 4जी की सेवाएं आरंभ नहीं हो पाई हैं। विशेष परियोजना के तहत इन सभी गांव को 4जी की सेवाओं से जोड़ने के लिए काम चल रहा है। बीएसएनएल द्वारा वित्त पोषण सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि के तहत यह परियोजना संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि झारखंड के जिन जिलों के गांव इंटरनेट से अछूते हैं, उसमें सबसे अधिक गांव पूर्वी सिंहभूम के हैं। यहां के 279 गांव इंटरनेट से अछूते हैं। वही, चतरा के 155 गांव में इंटरनेट नहीं पहुंच पाया है। पलामू के 129 गांव तक इंटरनेट की कनेक्टिविटी नहीं मिली है। जबकि रांची में सिर्फ 4 गांव इंटरनेट से अछूते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि बहुत जल्दी क्षेत्रों में इंटरनेट की सेवा बहाल कर दी जायेगी।

उन्होंने सदन को बताया कि स्पेक्ट्रम की नीलामी और लाइसेंस की शर्तों के लिए आए आवेदन, नोटिस के अनुसार स्पेक्ट्रम के आवंटन अवधि से 5 वर्ष में रोलआउट की चरणबद्ध ढंग से पूर्ति करना है। अनिवार्य रोल आउट के अलावा मोबाइल नेटवर्क का और विस्तार दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के तकनीकी पहलू पर निर्भर करता है।

# सिपाहियों के लिए बनी वरिष्ठता सूची को हाईकोर्ट में दी चुनौती

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी अंतिम वरिष्ठता सूची को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में आरक्षियों ने याचिका डालकर इस मामले को चुनौती दी है। याचिका सतेन्द्र पांडेय, नीलकंठ ठाकुर सहित अन्य आरक्षियों की ओर से अधिवक्ता ऋषिकेश गिरी के माध्यम से दाखिल की गई है। प्रार्थियों ने अपनी याचिका में कहा है कि झारखंड पुलिस द्वारा जारी की गई वरिष्ठता सूची आपत्तियों को निस्तारित किए बगैर जारी कर दी गई है, जो गलत है। याचिका में झारखंड के मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, डीजीपी और कार्मिक डीआईजी को पार्टी बनाया गया है।

**आरक्षण का पालन नहीं किया गया :** याचिका में कहा गया है कि प्रोन्नति को लेकर पुलिस मुख्यालय की तरफ से वर्ष 2020 में फिट लिस्ट जारी किया गया था। हालांकि इस लिस्ट में शामिल लोगों को प्रोन्नति नहीं दी गई, न ही इसे रद्द किया गया।

### पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड के दुबियाखांड़ में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला शुरू

# निरंतर भव्यता की ओर बढ़ेगा राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला, लोगों को मिलेगा लाभ : मिथिलेश ठाकुर

खबर मन्त्र टोली



**मेदिनीनगर/सतबरवा।** राज्य के पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने पलामू जिले के दुबियाखांड़ में शनिवार को दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का शुभारंभ किया। यह मेला पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग एवं राजा मेदिनीराय स्मृति न्यास सह मेला समिति की ओर से आयोजित किया जा रहा है। मेला का समापन आज होगा। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला निरंतर भव्यता की ओर बढ़ेगा। मेला का लाभ आदिवासी समाज सहित अन्य लोगों को मिले इसके प्रयास हो रहे हैं। मेले के माध्यम से आदिवासियों को उनका हक, अधिकार देकर राजा मेदिनीराय के सपनों का झारखंड बनाने का प्रयास हो रहा है। मेला आदिवासियों सहित पूरे पलामू प्रमंडलवासियों की भावना जुड़ी है। मेले में विभिन्न विभागों के स्टॉल भी लगाये गये हैं, जहां सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि योजनाओं का लाभ देने एवं लेने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है।

उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने ऐसी-ऐसी योजनाएं लागू की है, जिसका सीधा लाभ आमजनों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का विकास एवं प्रचार-प्रसार झारखंड के साथ-साथ आसपास के राज्यों में भी होगा। उन्होंने मेला के आयोजन में बेहतर तैयारी एवं सफलता के लिए पलामू जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

### आदिवासी संस्कृति को आगे बढ़ायेगा मेला : नामधारी

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि बिहार के सोनपुर मेले की तर्ज पर राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेले का विस्तार उनका सपना है। आदिवासी महाकुंभ मेला का राजकीय मेला घोषित होना लोगों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि मेले को राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। मेले के माध्यम से आदिवासियों के समस्याओं का निदान होना चाहिए। आदिवासी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए मेला काफी सार्थक साबित हो रहा है।

### हर व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं की पहुंच : उपायुक्त

पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने कहा कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला की भव्यता आगामी वर्ष में और बढ़ेगी। राजकीय मेला घोषित होने के बाद पहली बार यह आयोजन हो रहा है। आगामी वर्ष में राज्यभर में इसका प्रचार-प्रसार होगा। उन्होंने कहा कि सरकार एवं प्रशासन हर घर के हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित है। सुदूरवर्ती गांवों में रह रहे आदिम जनजाति परिवारों तक प्रशासन पहुंचकर योजनाओं का लाभ दे रही है। इससे समाज के लोगों का उत्थान एवं विकास हो रहा है। पलामू के योग्यताधारी व्यक्तियों को पेंशन योजना से आच्छादित किया गया है। उन्होंने कहा कि मेला परिसर में पलामू जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

**ये थे मौजूद :** राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के उद्घाटन कार्यक्रम में उक्त अतिथियों के अलावा जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, गढ़वा जिला बीससूत्री उपाध्यक्ष, पलामू जिला बीससूत्री उपाध्यक्ष, खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषभ गर्ग, अंचल अधिकारी झुनू मिश्रा के अलावा अन्य सरकारी पदाधिकारी-कर्मी, झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा, संजीव तिवारी, इंडियन रोटी बैंक के दीपक तिवारी, सोनू सिंह नामधारी, प्रेम प्रकाश ठाकुर, तनवीर आलम सहित राजा मेदिनीराय स्मृति न्यास सह मेला समिति के त्रिपुरारी सिंह, रामेश्वर सिंह चेरो, जेपी मिंज, भरदुल सिंह चेरो, हृदया सिंह, निर्मल सिंह, प्रमोद सिंह, उमेश सिंह, राजकुमार सिंह, अजीत सिंह, सुनील उरांव, सुरेंद्र सिंह, प्रताप तिर्की, विपिन सिंह, लक्ष्मण सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सादगी व बहादुरी के प्रतीक थे राजा मेदिनीराय : एसपी

पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि राजा मेदिनीराय सादगी एवं बहादुरी के प्रतीक थे। उनकी यादों में लगाई जा रही राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला की भव्यता एवं लोकप्रियता और अधिक बढ़ेगी।

### अर्जुन सिंह ने मेला के इतिहास की दी जानकारी

मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए मेला के इतिहास से अवगत कराया। साथ में ही वनों में रह रहे लोगों को चिह्नित कर उन्हें वन पट्टा उपलब्ध कराने, पलामू समाहरणालय परिसर में राजा मेदिनीराय की प्रतिमा स्थापित करने, रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर मेदिनीनगर करने आदि से संबंधित मांग रखी।

मेले में शहीद नीलांबर-पीतांबर के वंशज को मोमेंटो एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया।


Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002 e-mail--- eeredapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement very Short Notice (3rd Call)
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/42/22-23 Dated 10.02.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for Strengthening and Widening/Re construction to Four Lane road of Kanderbera to Domuhani under Sarikela-Kharsawan, replacement of culverts and bridges, construction of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Plan including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Plan and Forest Diversion Proposal etc as required, at Saraikela Kharsawan in the state of Jharkhand. Tentative Length -8.0 Km..from Consultant's empanelled in Category- I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 08 Km. |
| 3 | Work completion time | 60 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 13.02.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 20.02.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 21.02.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10- | PR No- | 286719 (Road) 22-23(D) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi

PR 290021 Road (22-23)_D

राज्य में जारी है कृषि बिल का विरोध, व्यापारी कर रहे हैं प्रदर्शन

# 15 से खाद्यान्न का आवक व बिक्री बंद करने से बढ़ सकती है परेशानी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के खाद्यान्न व्यापारी न सिर्फ कृषि बिल को वापस लेने की बात रहे हैं, बल्कि मार्केटिंग बोर्ड को भंग कर कृषि विभाग के माध्यम से बाजार समितियों के संचालन की मांग कर रहे हैं। यही कारण है कि राज्य के खाद्यान्न व्यापारी पिछले चार दिनों से काला बिल्ला लगाकर बिल का विरोध कर रहे हैं और बाजार समितियों में धरना-प्रदर्शन भी कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को भी व्यापारियों ने कृषि बिल के विरोध में प्रदर्शन किया। साथ ही राज्य के विभिन्न जिलों में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का पुतला भी फूंका। बताते चलें कि झारखण्ड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा), विधेयक, 2022 के विरोध में खाद्यान्न व्यापार 15 फरवरी से अनिश्चितकालीन बंद की घोषणा की है। इसी के तहत रविवार को जिला स्तर पर स्थानीय विधायकों का घेराव करेंगे और उनसे मिलकर समर्थन मांगेंगे।

**चैंबर के कार्यक्रम** : आज रविवार को जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स के नेतृत्व में खाद्यान व्यवसायी सभी जिलों के स्थानीय विधायक का घेराव करेंगे और कृषि विधेयक को समाप्त करने के पक्ष में समर्थन प्राप्त करेंगे। वहीं सोमवार को इस विधेयक की खामियों का उल्लेख करते हुए सभी जिलों से कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को अधिक से अधिक संख्या में पोस्टकार्ड प्रेषित भेजेंगे।

मंगलवार को सभी जिलों में उपायुक्त कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करेंगे और बुधवार से खाद्यान का आवक और बिक्री रोक देंगे।

### बंद से जो प्रभावित होंगी

रोजमर्रा की आम उपभोग की वस्तुओं पर 2% कृषि टैक्स लगाये जाने से महंगाई और बढ़ेगी जो आम लोगों पर भारी वित्तीय बोझ होगा। कृषि टैक्स प्रभावी होने से कृषकों को उनके उत्पाद का मूल्य कम मिलेगा जिससे किसानों की आय घटेगी। कृषि टैक्स से कृषि उत्पाद का उत्पादन, विपणन एवं प्रसंस्करण उद्योग एवं व्यापार में कमी आयेगी। कृषि व्यवसाय एवं उद्योगों का विचलन निकटवर्ती राज्यों में हो जायेगा ।

चैंबर का आरोप किसानों को जब इसके बारे में जानकारी तक नहीं तो ट्रेडिंग कैसे

# ई-नाम पोर्टल का डाटा फर्जी : चैंबर

गोभी और इमली की ट्रेडिंग छह साल में मात्र दो दिन

जांच के लिए पीएम और कृषि मंत्री को लिखा पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किसानों के केंद्र सरकार की भावी योजना ई-नाम पोर्टल में फर्जीवाड़ा का आरोप लगाया है। चैंबर का आरोप है कि एक अप्रैल 2017 से जनवरी 2023 तक जो आंकड़े राज्य सरकार ने ई-नाम पोर्टल अपलोड किया है, वो पूरी तरह से फर्जी और तथ्यहीन है। इस संबध में चैंबर ने आंकड़ें भी पेश किया है, जिसमें कृषि उपजों, आवाक और बिक्री में भारी अंतर दिखाया गया है। व्यापारियों की मानें तो पंडरा बाजार समिति के अपलोड डाटा में भारी गड़बड़ी है। पंडरा बाजार के अपलोड डाटा में कुल नौ फसलों की ट्रेडिंग दी गयी है, जिसमें से गोभी और ईमली का व्यापार मात्र छह साल में दो दिन दिखाया गया है। गोभी और ईमली जैसी वस्तुओं को छह साल में सिर्फ दो बार आवक और बिक्री गयी, तो छह वर्षों में किसानों के उत्पाद पोर्टल पर बिक्री के लिए क्यों नहीं लाये गये। इसकी सत्यता की जांच होनी चाहिए। वहीं, 21 जनवरी 2021 को पंडरा बाजार समिति में आलू की आवक शून्य क्विंटल दिखाई गई है, जबकि उसके सामने ही 25 क्विंटल की बिक्री प्रदर्शित की गयी है। इसी प्रकार 13 मई 2020 को तरबूज की आवक शून्य क्विंटल और बिक्री 56 क्विंटल प्रदर्शित दिखायी गयी। वहीं, एक जून 2021 को तरबूज की आवक शून्य क्विंटल और बिक्री 30 क्विंटल दिखाई गयी है।

### ट्रेडिंग की सत्यता की जांच होनी चाहिये

पंडरा बाजार समिति की मानें तो छह वर्षों में बाजार समिति के ई-नाम पोर्टल पर रागी 363 टन, मकई 134 टन, गेहूं 276 टन, आलू 51 टन, टमाटर 37 टन, अदरक 31 टन, तरबूज 37 टन, गोभी 3 टन और ईमली 1 टन का डाटा अपलोड किया गया है। इन छह वर्षों में विभिन्न अवधि में बिक्री एवं आवक का उल्लेख किया गया है। इन उत्पादों की आवक किन पंजीकृत किसानों की ओर से मंडी में लाये गये और किन आढ़तियों को इसकी बिक्री की गयी इसकी जांच समिति से की जानी चाहिये। पोर्टल पर पंडरा बाजार समिति के अपलोड डाटा से जानकारी मिलती है कि लगभग छह वर्षों में 250 दिन का व्यापार ही ई-पोर्टल पर हुआ है। इन छह वर्षों में 250 दिन के अतिरिक्त व्यापार क्यों नहीं हुआ और कृषकों की आवक की बिक्री किस प्रकार हुई इसकी जांच की जानी चाहिये।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री को लिखा पत्र, जांच की मांग की

चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से इस मामले में पीएम और केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र लिखा गया है। इसमें बताया गया है कि ई-नाम पर झारखंड में हो रहे फर्जीवाड़ा की उच्चस्तरीय जांच की जानी चाहिये। अपलोड डाटा की सत्यता की जांच पंडरा बाजार समिति से की जानी चाहिये। यहां पिछले छह सालों में किसानों के आवाक की सत्यता की जांच की मांग भी की गयी है। पत्र में कहा गया है कि फर्जी डाटा अपलोड करके केंद्र सरकार को एक ऐसी वस्तुस्थिति दिखाने की कोशिश की जा रही है कि राज्य में ई नाम सुगमतापूर्वक चल रहा है लेकिन स्थिति बिल्कुल विपरित है। जब राज्य के किसानों को इस योजना के बारे में जानकारी तक नहीं है तो वे ई-ट्रेडिंग किस प्रकार संभव है।

## गरीबों को द्वारिका और सोमनाथ की सैर कराएगी झारखंड सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने गरीबों खासकर बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ लोगों को धार्मिक तीर्थ दर्शन कराएगी। पर्यटन निदेशालय, झारखंड के मुताबिक राज्य के बुजूर्ग नागरिकों को सीएम तीर्थ दर्शन योजना का लाभ दिया जाना है। राज्य में ऐसे नागरिक जिनके पास बीपीएल कार्ड है और उनकी उम्र 60 वर्ष या इससे अधिक है, उन्हें दर्शन कराने में सरकार मदद करेगी। इसके लिए उनसे कोई राशि नहीं ली जायेगी। पर्यटन, कला संस्कृति विभाग, झारखंड के द्वारा इसके लिए इच्छुक हिन्दू धर्मावलंबियों की तलाश शुरू कर दी गयी है। चयनित लोगों को द्वारिका और सोमनाथ की यात्रा विशेष ट्रेन द्वारा आईआरसीटीसी के माध्यम से फरवरी के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ किया जाना है।

**यहां करें संपर्क** : पर्यटन निदेशालय ने कहा है कि जो भी योग्य हिन्दू नागरिक हैं और जिनके पास बीपीएल कार्ड है, वे अपने अपने जिलों में उपायुक्त कार्यालय में संपर्क करें। निर्धारित योग्यता और अन्य जानकारी के अलावा वहां आवेदन भी कर सकते हैं। 16 फरवरी 2023 तक इसके लिए डीसी ऑफिस में जमा करने की समय सीमा तय है।

## पारा मेडिकल कर्मियों की बिगड़ रही तबियत

**रांची।** पारा मेडिकल कर्मियों के धरना के 26वें दिन और अनशन के 19वें दिन अनुबंध कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। अब तक अनुबंध कर्मी का मनोबल नहीं गिरा। शनिवार को ममता कुमारी की हालत बहुत ज्यादा खराब होने से उन्हें सदर हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। अब तक सरकार की ओर से अनशनकारियों की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बबीता कुमारी आईसीयू में है। इधर अनशनकारी नेत्र सहायक कुमार लोकेश और रितेश कुमार आंदोलन को सफल बनाने को सदर अस्पताल से वापस धरना स्थल पर आए।

## रांची नगर निगम के सफाई कर्मी पिंटू कच्छप के साथ मारपीट के आरोपी नामुकम सीओ को मिली क्लीन चिट

कार्मिक ने जारी किया आदेश, समझौता के बाद सीओ ने कहा था कि सिर्फ कहासुनी हुई थी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची नगर निगम के सफाई कर्मी पिंटू कच्छप के साथ मारपीट करने के आरोप से नामकुम सीओ बिनोद प्रजापति को क्लीन चिट मिल गयी है। कार्मिक विभाग ने नामकुम अंचल अधिकारी के बचाव बयान, साक्ष्य की समीक्षा और रांची उपायुक्त के मंतव्य के बाद झारखंड प्रशासनिक सेवा के इस अधिकारी को आरोपों से मुक्त करने संबंधित आदेश जारी कर दिया है। कार्मिक विभाग ने यह कार्रवाई पिंटू कच्छप और सीओ के बीच समझौता हो जाने के बाद की। सीओ ने यह भी स्पष्टीकरण में अब कहा कि दोनों के बीच सिर्फ कहासुनी हुई थी, मारपीट नहीं हुई थी।

**क्या था मामला** : बताते चलें कि 17 मई 2022 को एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें नामकुम सीओ विनोद प्रजापति द्वारा रांची नगर निगम के सफाईकर्मी पिंटू कच्छप की लात एवं घूंसे से पिटाई करते देखा गया था। मीडिया में यह बात सामने आयी कि 16 मई को 11 बजे बरियातू स्थित आर्मी कैंप के समीप राधा-कृष्ण अपार्टमेंट के पास सड़क पर कूड़ा वाहन खड़ा कर पिंटू कचरे का उठाव कर रहा था। इसी दौरान सीओ अपने वाहन से वहां उसे गुजर रहे थे लेकिन, सड़क पर कूड़ा वाहन खड़ा होने के काारण उन्हें डेढ़ मिनट तक रूकना पड़ा। इस पर सीओ नाराज हुए और पिंटू कच्छप के साथ मारपीट की। पूरा मामला सामने आने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी कार्रवाई का आदेश दिया था। इसके बाद रांची उपायुक्त और राजस्व निबंधन भूमि सुधार विभाग ने 18 मई को कार्रवाई की अनुशंसा की थी। नामकुम सीओ से इसके बाद स्पष्टीकरण पूछा गया था।

खबर एक नजर में

### अरगोड़ा में फायरिंग, एक गिरफ्तार

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के इमली चौक के पास आपसी विवाद में फायरिंग, आरोपी गिरफ्तारअरगोड़ा थाना क्षेत्र के इमली चौक के पास आपसी विवाद में फायरिंग का मामला सामने आया है। हालांकि अरगोड़ा थाना पुलिस त्वरित कारवाई करते हुए अफरोज नामक एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी बीएसएफ से सेवानिवृत है। जानकारी के अनुसार आपसी विवाद में अफरोज ने हवाई फायरिंग की थी, आवाज सुनकर आसपास दहशत मच गई। किस वजह से फायरिंग की गई, अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना पर पहुंची अरगोड़ा थाना पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

### पॉलीकैब ने आईसीसी के साथ साझेदारी की

**रांची।** पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड ने आईसीसी के साथ साझेदारी की घोषणा करते हुए कहा है कि 2023 में आयोजित पुरुष व महिला क्रिकेट के सभी विश्व स्तरीय आयोजन का प्रायोजक पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड होगा। इन विश्व स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्यत : दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप, इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मैच और आईसीसी पुरुष क्रिकेट वन डे विश्व कप शामिल हैं। पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड के प्रेसिडेंट निलेश मलानी ने कहा कि पॉलीकैब 60 से अधिक देशों में उपस्थिति के साथ एक प्रतिष्ठित घरेलू ब्रांड है।

### डीएवी बरियातु में ब्लेसिंग सेरेमनी आयोजित



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए ब्लेसिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें हवन तथा शिक्षकों द्वारा बोर्ड परीक्षा तथा भविष्य को मार्गदर्शन दिया गया। उन्हें राष्ट्र की बहुमूल्य निधि बनने की सलाह दी गई।

### मेदांता में शिबू सोरेन से मिले राजद श्याम रजक

**रांची।** मेदांता हॉस्पिटल में इलाजरत झामुमो सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से राजद के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मंत्री श्याम रजक ने मुलाकात की। गौरतलब है कि बीते गुरुवार को तबियत खराब होने के बाद शिबू सोरेन का इलाज मेदांता में चल रहा है। मुलकात के दौरान श्याम रजक ने गुरूजी की हाल-चाल जाना और जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन सरकार के अभिभावक है। झारखंड के बड़े नेता हैं। इनके अस्वस्थ होने से लोग चिंतित हैं। ईश्वर गुरु जी को जल्द स्वस्थ करें यहीं कामना करते हैं।

### 156 शिक्षकों की हुई वेतन वृद्धि सेवा संतुष्टि

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अनुरोध पर प्राथमिक और मध्य विद्यालय के 156 शिक्षक/ शिक्षिकों का शिविर लगाकर मध्य विद्यालय बोड़ेया रांची में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कांके सुरेश चौधरी के द्वारा शिक्षकों की मूल सेवा पुस्तिका में वेतन वृद्धि, सेवा संपुष्टि संधारण और सेवा सत्यापन किया किया गया। जिन शिक्षकों का जनवरी माह का वेतन वृद्धि निर्धारित था, वैसे सभी शिक्षकों का कार्य को संपूर्ण किया गया। बीईईओ सुरेश चौधरी को इस कार्य के लिए संघ की ओर से मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में बीईईओ सुरेश चौधरी, संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, संजय कुमार, मनीष कुमार, सबिता मिंज, बिना सिन्हा, शांति एक्का, त्रिदीप साहू, हेमंत कुमार सिंह, मधु और जय किशोर सिंह शामिल थे।

## युवा उद्यमी बनने पर भी विचार करें: किशोर मंत्री



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेहरू युवा केन्द्र, रांची की ओर से शनिवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के वोकेशनल बिल्डिंग स्थित सभागार में कॅरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य भूमिका स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज व विवेकानंद यूथ क्वेक फॉउंड्सशन का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में लगभग 200 बच्चे लाभान्वित हुए। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एफजेसीसीआई के अध्यक्ष किशोर मंत्री उपस्थित थे। किशोर मंत्री ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से युवाओं को सही मार्गदर्शन मिलता है, जिससे भविष्य में उनकी गुमराह होने की संभावना कम हो जाती है। साथ ही रोजगार के अलावा उद्यमी बनने पर भी विचार करना चाहिए। वहीं ज्रेडा से अतिलेश गौतम, विधानसभा के सेक्शन ऑफिसर अश्विनी कुमार, रजनीश कुमार तथा अनुभव चक्रवर्ती, डॉ प्रमोद कुमार झा ने भी अपने विचार रखे। डॉ अशोक कुमार ने नाग ने कहा इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित कराएंग, ताकि छात्रों को लाभ मिले। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से गौरव चुघ, विक्रांत रवि, उद्धव टोप्पो, मदनजीत सिंह, पल्लवी मिश्रा, श्रेया प्रदीप, शैली उपाध्याय, प्रियंका मिश्रा एवं सौरभ सोनी, श्रवण कुमार, रितिक प्रियांशी, पुरूषोत्तम, अमित, शिवम ने सराहनीय भूमिका निभायी।

## 11 साल से युवक की हत्या कर फरारी काट रहा था सन्नी उर्फ ऋषभ, हुई थी एक की मौत

कुबेर सिंह

**रांची।** रांची पुलिस ने जिस मोस्ट वांटेड सन्नी सिंह उर्फ सन्नी उर्फ ऋषभ को नोएडा से गिरफ्तार किया है उसने बिटटू मिश्रा गैंग के जयप्रकाश यादव, बिटटू मिश्रा और जितेंद्र पासवान पर फायरिंग की थी। फायरिंग में जयप्रकाश यादव को गर्दन समेत चार जगह गोली लगी थी। इस हमले में जितेंद्र पासवान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। सन्नी उर्फ ऋषभ इस घटना को अंजाम 20 फरवरी, 2012 को दिया था तब से वह फरार था। सन्नी सिंह की दो माह पूर्व ही उसके किशोरगंज स्थित मकान में कुर्की हुई थी। सन्नी को पश्चिम बंगाल, बोकारो, पंजाब समेत कई राज्यों की पुलिस खोजने रांची धमक चुकी थी। सन्नी का भाई दो माह पूर्व रांची के जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा पर सरायकेला-खरसांवा में गोलीकांड के आरोप में जेल में बंद है। सन्नी सिंह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद संदीप प्रधान उर्फ थापा का सहयोगी बताया जाता है। बताया जाता है कि सन्नी सिंह फोन पर ही रेलवे का टेंडर, रांची में सड़क, ऑटो स्टैंड का टेंडर फोन पर ही अपने लोगों के माध्यम से लेता था। जब कोई विरोध करता था तो उस पर फायरिंग और बम से हमला करवा देता था।

दरअसल, पुलिस को स्पाई से इंफॉर्मेशन मिली थी कि रंगदारी और बालू वाले ट्रैक्टर से वसूली को लेकर दोनों गैंग आपने-सामने हैं। पहले भी इसे लेकर दोनों गैंग आपस में भिड़ चुके हैं। ऐसे में संदीप थापा के जेल से छूटने के बाद फिर से गैंगवार की आशंका बढ़ने की सूचना पुलिस को दे दी गई थी। यदि उस वक्त पुलिस सतर्क हो गई होती तो जितेंद्र पासवान की हत्या नहीं हुई होती।

**बिहार से बुलाए गए थे शूटर्स** : पुलिस इन्वेस्टीगेशन में यह बात भी सामने आई है कि जब प्रकाश यादव जेल गेट पर संदीप थापा से मिलने के बाद वापस लौट रहा था तो उसने प्रकाश, जितेंद्र और बिप्तू को फोन कर जूता खरीदने को कहा था। इसी दरम्यान संदीप द्वारा बिहार से बुलाए गए शूटर्स ने फायरिंग की थी। इस मामले में पुलिस ने संदीप थापा को रिमांड पर भी लिया था। इस मामले में पुलिस ने शूटर सन्नी सिंह उर्फ ऋषभ (किशोरगंज) फरार हो गया था। इस मामले में राजेश सिंह और तमन्ना खान को बाहर से बुलाया गया था। राजेश सिंह नामकुम में सुरेंद्र राय हत्याकांड में नामजद था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी किया था, लेकिन बेल लेने के बाद वह आज भी पुलिस की पकड़ में नहीं आया है जबकि तमन्ना खान को पुलिस ने पटना से अरेस्ट किया किया था।

### नाम बदलकर शिमला में छिपा था सन्नी सिंह



**रांची।** राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित किशोरगंज रोड नंबर चार निवासी सन्नी उर्फ सन्नी सिंह को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को एसएसपी ने प्रेस काफ्रेंस में बताया कि सूचना मिली थी कि हिमाचल प्रदेश के शिमला में नाम बदल कर छिपा है। सन्नी सिंह वहीं से वर्चुअल कॉल और टेलिग्राम से फोन कर रांची, बोकारो और बंगाल के कारोबारियों से रंगदारी मांगता था जो कारोबारी रंगदारी देने से मना करता था, उस पर वह गोली और बम से हमला करवा देता था। इसी सूचना पर कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम को हिमाचल प्रदेश भेजा गया। हालांकि इस बात की जानकारी सन्नी सिंह को मिली तो शिमला से भाग कर दिल्ली पहुंच गया। इसके बाद रांची पुलिस ने शिमला और दिल्ली पुलिस के सहयोग से सन्नी सिंह को दिल्ली से गिरफ्तार किया।

जी-20 समिट के मद्देनजर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में अहम बैठक आयोजित

# शहर को सुंदर व साफ सुथरा बनाने के लिए कार्य आदेश जारी, बेहतर छवि बनाने का हरसंभव प्रयास

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मार्च माह के प्रथम सप्ताह में रांची शहर में प्रस्तावित जी-20 समिट बैठक को लेकर रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के उद्देश्य से शनिवार को अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन की अध्यक्षता में सभी शाखा प्रभारियों, जोनल सुपरवाइजर एवं सुपरवाइजरों के साथ बैठक हुई। जिसमें सभी जोनल सुपरवाइजर एवं सुपवाइजरों को निर्देश दिया गया कि डेलिगेट्स के आने वाले निर्धारित रूट की विशेष साफ-सफाई की जाए। बैठक में उनके द्वारा अबतक किए गए सफाई कार्यों के प्रगति की पृच्छा की गयी तथा शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



बैठक में अपर नगर आयुक्त ने कहा कि जी-20 समिट को लेकर रांची शहर में पूर्ण सफाई एवं सौदर्यीकरण के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य जारी है।

मार्च माह के पहले सप्ताह में प्रस्तावित जी 20 समिट की बैठक के लिए विभिन्न डेलिगेट्स यहां आएंगे इसलिए यह जरुरी है कि हमारे शहर की छवि अलग नजर आए। उन्होंने सभी को सख्त निर्देश दिया कि प्रतिदिन साफ-सफाई कार्य नियमि रुप से किए जाए तथा पूरे शहर में कहीं भी कूड़ा न दिखे। इसके अलावा शहर की सभी बड़ी एवं छोटी नालियों को सफाई कर स्लैब से ढंकना सुनिश्चित करें तथा जहां मरम्मत की आवश्यकता है उसे त्वरित ठीक किया जाए।

स्वच्छता शाखा को निदेश दिया गया कि निर्धारित तीन रूट यथा एयरपोर्ट हिनू चौक, डीपीएस चौक, डिबडीह पुल से अरगोड़ा चौक तक दूसरा अरगोड़ा चौक से हज हाउस से लेकर रेडिशन ब्लू होटल, सुजाता चौक से लेकर सिरम टोली चौक से बीएनआर चाणक्य होटल तक तथा तीसरा अरगोड़ा चौक से हरमू, किशोरगंज चौक रातू रोड चौक होते हुए कांके रोड तक पूर्ण सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। शहर के सभी मुख्य चौक चौराहों पर रंग-रोगन, सुलम शौचालयों एवं मॉड्यूलर, टॉयलेट की सफाई एवं रात्रिकालीन सफाई मेकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीन से की जाए। शहर को और आकर्षक एवं सुंदर बनाने के लिए जर्जर पड़ी दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग बनाएं।

बैठक में विद्युत शाखा को निर्देश दिया गया कि तय रूट की बत्तियों को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए और अनावश्यक उलझे तारों को हटवाएं।

वहीं बागवानी शाखा को यह निर्देश दिया गया कि मुख्य मार्गों के डिवाइजर पर मौसमी फूलों का अधिष्ठापन किया जाए तथा सड़कों के किनारे आवश्यकतानुसार सूखे पेड़ की डालियों-टहनियों को ट्रिम किया जाए।

इनफोर्समेंट शाखा को निर्देश दिया गया कि नो वेंडिंग जोन में खड़ी दुकानों को हटवाएं तथा सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करें। वेंडर्स, फल विक्रेताओं एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान जिनके द्वारा कूड़ा एवं गंदगी फैलायी जा रही है उन्हें चिन्हित करते हुए जुर्माना लगायें।

बैठक में रांची नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों से अनुरोध किया गया कि वे प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें और कचरा न फैलाएं।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 76 हजार से अधिक वादों का निष्पादन

# डालसा ने 11 पीड़ितों के बीच 46 लाख रुपये मुआवजा राशि का किया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** व्यववहार न्यायालय, रांची में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायायुक्त अरूण कुमार राय, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय थे। मंच का संचालन डालसा सचिव राकेश रंजन ने किया।



**डालसा ने दिया कुशाग्र कमल उर्फ कार्तिक को पांच लाख का मुआवजा** : प्रेम कुमार खत्री ने अपनी बेटी पायल खत्री का विवाह 10.02.2007 को हिंदू अधिकारों और रीति-रिवाजों के अनुसार रवींद्र कुमार के साथ किया था। शादी के बाद से ही सभी आरोपित रुपये की मांग करने लगे। शिकायतकर्ता से एक लाख और एक मोटरसाइकिल दहेज के रूप में मांगा करते थे। दहेज न दिये जाने पर सभी सभी आरेपियों ने अलग-अलग तरीकों से पायल खत्री का शोषण किया करते थे। अंततः 09.01.2009 को सभी आरोपियों ने एक दूसरे के साथ मिलकर एक आपराधिक साजिश रची और पायल खत्री को आग लगा दी, जिससे उसके शरीर पर गंभीर चोटें आयी थी। पीड़िता ने कई अस्पतालों में इलाज कराया और आखिरकार 07.01.2009 को उसकी मौत हो गई। इसमें कुशाग्र कमल को 5 लाख रूपये का मुआवजा दिया गया।

यह भी ज्ञात हो कि राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर 11 पीड़ितों के बीच 46 लाख रुपए का वितरण झारखंड पीड़ित मुआवजा अधिनियम के तहत किया गया एवं वाहन दुर्घटना अधिनियम के तहत, 80 लाख रूप्ये का चेक श्री मनीष के द्वारा पीड़ित के परिजन को दिया गया। डालसा सचिव ने पीड़ितों से पीड़ित मुआवजा राशि का सही इस्तेमाल करने को कहा ताकि उनके बच्चों का भविष्य सुधर सके।

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायिक दण्डाधिकारियों के लिए 23 बेंच एवं कार्यपालक दण्डाधिकारियों के लिए 19 बेंच का गठन किया गया था। शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 76 हजार से अधिक वादों का निष्पादन किया गया एवं 64 करोड़ से अधिक रूपयों की समझौता राशि की वसूली विभिन्न वादों में किया गया, जिसमें प्रीलिटिगेशन एवं लिटिगेशन के वादों का निष्पादन सम्मिलित है।

# रिम्स में बे'रोक-टोक' प्राइवेट लैब के एजेंट निकाल रहे हैं मरीजों का खून

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** राज्य के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल रिम्स में प्रबंधन व्यवस्था दुरुस्त करने के दावे कर रहा है। वहीं हर तरह की मशीनें लगाई जा रही है, ताकि मरीजों को इलाज से लेकर जांच के लिए कहीं और जाने की जरूरत ही न पड़े। लेकिन प्राइवेट लैब के एजेंट बिना किसी रोक टोक रिम्स में घूम रहे है। इतना ही नहीं मरीजों को पकड़कर उनका खून निकाल ले रहे हैं यह कहकर कि वे रिपोर्ट जल्दी दिला देंगे। इस बीच मरीजों की परेशानी तो कम नहीं हुई है। इसके उलट प्राइवेट लैब के एजेंट बंपर कमाई कर रहे है। इसके बावजूद न तो ड्यूटी में तैनात होम गार्ड इन्हें रोक पा रहे है और न ही अधिकारियों की नजर इसपर है।

**एक ही कैंपस में दो नियम**

हॉस्पिटल की मेन बिल्डिंग में जहां दलालों का दबदबा कायम है। डॉक्टर भी बाहर के लैब की रिपोर्ट देखकर दवाएं लिख रहे है। वहीं सुपरस्पेशियलिटी बिल्डिंग में डॉक्टरों ने आदेश जारी कर दिया है, जिसमें डॉक्टरों ने कहा है कि इलाज के लिए केवल रिम्स के लैब की ही रिपोर्ट मान्य होगी। चाहे वह किसी भी तरह के टेस्ट हो। टेस्ट नहीं होने की स्थिति में बाहर से टेस्ट कराया जा सकता है। ऐसे में साफ है कि एक ही कैंपस में दो तरह के नियम है। मेन बिल्डिंग में डॉक्टर किसी भी रिपोर्ट को मान ले रहे है, जबकि सुपरस्पेशियलिटी में केवल रिम्स की रिपोर्ट वैलिड है।

**इनडोर में 1500 मरीज रहते है एडमिट**

हॉस्पिटल के ओपीडी में हर दिन 2000 से अधिक मरीज इलाज को पहुंचते है। वहीं इनडोर में भी एडमिट मरीजों की संख्या 1500 से अधिक रहती है। ऐसे में जाहिर है कि रिम्स में मरीजों का लोड होगा। इसी का फायदा उठाकर प्राइवेट लैब के एजेंट मरीजों को फंसा रहे है। मनमाना चार्ज वसूल रहे है और रिपोर्ट भी टाइम से नहीं मिल पाती।

**कैंपस में लगी है 5 करोड़ की टेस्ट मशीन**

हॉस्पिटल के कैंपस में ही सेंट्रल लैब को हाइटेक बनाया गया है, जहां पर पांच करोड़ की आटोमैटिक टेस्टिंग मशीन लगाई गई है। इसमें 24 घंटे में 10 हजार सैंपल टेस्ट करने की कैपेसिटी है। बावजूद इसके प्राइवेट लैब के एजेंट रिम्स पर हावी है। इससे साफ है कि कहीं न कहीं डॉक्टर, स्टाफ की मिली भगत से भी यह खेल चल रहा है।

## सिपाहियों के लिए बनी वरिष्ठता सूची को हाईकोर्ट में दी गई चुनौती

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी अंतिम वरिष्ठता सूची को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में आरक्षियों ने याचिका डालकर इस मामले को चुनौती दी है। याचिका सतेन्द्र पांडेय, नीलकंठ ठाकुर सहित अन्य आरक्षियों की ओर से अधिवक्ता ऋषिकेश गिरी के माध्यम से दाखिल की गई है। प्रार्थियों ने अपनी याचिका में कहा है कि झारखंड पुलिस द्वारा जारी की गई वरिष्ठता सूची आपत्तियों को निस्तारित किए बगैर जारी कर दी गई है, जो गलत है। याचिका में झारखंड के मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, डीजीपी और कार्मिक डीआईजी को पार्टी बनाया गया है।

**आरक्षण का पालन नहीं किया गया**

याचिका में कहा गया है कि प्रोन्नति को लेकर पुलिस मुख्यालय की तरफ से वर्ष 2020 में फिट लिस्ट जारी किया गया था। हालांकि इस लिस्ट में शामिल लोगों को प्रोन्नति नहीं दी गई, न ही इसे रद्द किया गया। इसके बाद बीते माह जनवरी में फिट लिस्ट जारी की गई और आपत्ति के लिए समय दिये बिना ही पोस्टिंग कर दी गई। आरक्षण का भी पालन नहीं किया गया। प्रोन्नित में आरक्षित वर्ग के लोगों को 50 प्रतिशत से अधिक का लाभ दिया गया है। 699 आरक्षियों को प्रमोशन दिया गया है। इसके लिए राज्यपाल की स्वीकृति भी नही ली गई है।



## शिव बारात में सुगम यातायात की मांग

**रांची।** शिव बारात आयोजन समिति के सदस्यों ने शनिवार को शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में सदर अनुमंडल पदाधिकारी, वरीय आरक्षी अधीक्षक, नगर आयुक्त एवं अन्य को ज्ञापन सौंपा। समिति के द्वारा 18 फरवरी 2023 को शिव बारात बड़े ही वृहद पैमाने पर निकाली जा रही है। इस दौरान सुगम यातायात व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की गयी। नगर आयुक्त से मिलकर शोभायात्रा के दौरान मार्ग में जल छिड़काव, साफ-सफाई, चलंत शौचालय की व्यवस्था को मांग की गयी। प्रतिनिधिमंडल में शैलेंद्र कुमार के अलावा नवीन पापनेजा, राकेश अरोड़ा, नमन भारतीय, हीरालाल तनेजा, राकेश अरोड़ा, विजय वर्मा, अशोक बजाज, सुमित बजाज, नीरज जयसवाल व अन्य मौजूद थें।

## अमन श्रीवास्तव समेत 15 के खिलाफ यूएपीए की धाराएं जोड़ने का आवेदन

**रांची।** आतंकवादी विरोधी दस्ते ने कोर्ट में आवेदन दाखिल कर आग्रह किया है कि अमन श्रीवास्तव गिरोह के खिलाफ चल रहे केस में गैरकानूनी गतिविधियां,रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धारा 16, 17, 18 और धारा 420 भी जोड़ी जाये। कांड संख्या 1-2022 के जांच अधिकारी ने कोर्ट में आवेदन देकर यह कहा है कि अब तक हुई जांच में कई नये तथ्य सामने आए हैं। इसलिए इस केस से जुड़े आरोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट में यूएपीए की धारा 16, 17, 18 और धारा 420 भी जोड़ी जाये। दरअसल, पिछले वर्ष एटीएस द्वारा दर्ज किये गये कांड संख्या 1-2022 में अमन श्रीवास्तव गिरोह के सरगना अमन श्रीवास्तव, अविक श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश राणु, मंजरी श्रीवास्तव, ए लकड़ा, प्रिंसराज श्रीवास्तव, विनोद कुमार पांडेय, अमजद खान, जहीर अंसारी, महमूद उर्फ नेपाली, असलम, फिरोज खान, सिद्धार्थ कुमार साहू पिंटू और सुनील को आरोपी बनाया गया है। पिछले वर्ष एटीएस ने कई राज्यों में छापेमारी कर अमन श्रीवास्तव गैंग के कई अपराधियों को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद एटीएस ने चार्जशीट में बताया है कि अमन श्रीवास्तव गैंग के अपराधी रंगदारी व लेवी से पैसे जुटाते थे। उससे हथियार खरीदकर आतंक कायम करने के लिए गोलीबारी व आगजनी कर व्यवसायियों ठेकेदारों में खौफ कायम करते थे।

# टू हॉप मार्केटिंग सोल्यूशन झारखंड के सुदुरवर्ती गांवों में खोलेगा अस्पताल : ब्रिजेश तिवारी

### गुमला, लातेहार समेत अन्य जिलों में अस्पताल खोलने की योजना

झारखंड सरकार के साथ समन्वय बनाकर हमारी टीम करेगी काम

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड की मौजूदा स्वास्थ्य व्यवस्था को देखते हुए टू हॉप मार्केटिंग सलूशन प्राइवेट लिमिटेड झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के लिए पहल शुरू की है। टू हॉप मार्केटिंग सलूशन प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी ब्रिजेश तिवारी ने झारखंड में अस्पताल खोलने की घोषणा की। आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि उनकी टीम पिछले कई वर्षों से राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था पर रिसर्च कर रही थी। रिसर्च में टीम ने यह पाया कि राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में वृहत तौर पर समर्पित होकर काम करने की जरुरत है। इससे सरकार को भी मजबूती मिलेगी। श्री तिवारी ने बताया कि राज्य के सुदरवर्ती गांवों में आज भी बेहतर चिकित्सा सेवा की कमी है।

स्वास्थ्य व्यवस्था के तहत न्यूनतम शुल्क में लोगों को बेहतर चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करायी जाएगी। इस क्रम में उन्होंने बताया कि झारखंड के कई जिलों जिसमें गुमला, लातेहार, हजारीबाग में अस्पताल खोलने की योजना है। आगामी वर्ष 2024 तक गुमला और लातेहार में अस्पताल का संचालन प्रारंभ हो जायेगा।

कंपनी के सीईओ रमेश गुप्ता ने बताया कि झारखण्ड सरकार के साथ मिलकर यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने का प्रयास करेंगे।

## खबर एक नजर में

### मारवाड़ी+2 के शिक्षक को पितृशोक



**रांची।** मारवाड़ी+2 उच्च विद्यालय रांची के शिक्षक कुमार सत्यप्रकाश के पिता एक विद्वान शिक्षाविद तथा गणितज्ञ 90 वर्षीय वृंदावन बिहारी का निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार पत्नी, दो पुत्र, एक पुत्री, दो पोता पोती, तीन नाती छोड़ गए हैं। यह शिक्षा जगत के लिए एक अपूर्णीय क्षति है ।

### श्री महावीर मंडल रांची की बैठक आज

**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची की बैठक रविवार की सुबह 11:30 बजे से श्री राम मंदिर सर्जना चौक में होगी। मंडल के अध्यक्ष अशोक पुरोहित ने बताया कि श्री रामनवमी मोहत्सव 2023 को धूमधाम एवं भव्य पारंपरिक तरीके से मोहत्सव को सफल बनाने के लिए महावीर मंडल रांची की वार्षिक आम सभा राम मंदिर सर्जना चौक में रखी गई है। श्री पुरोहित ने कि राजधानी रांची के सभी प्रभु श्री राम के भक्तों , सभी अखाड़ाधारी , श्री महावीर मंडल राँची के सदस्य से भारी से भारी संख्या में आम सभा मे आने का आवाहन किया।

### डीएसपीएमयू के अमानत पाठ्यक्रम का वार्षिक कैंप



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के भूगोल विभाग के अंतर्गत अमानत सर्वे सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। वर्तमान में सत्र 2022-23 बैच के विद्यार्थियों के लिए गत 7 फरवरी से 7 मार्च की अवधि तक 30 दिवसीय वार्षिक सर्वेक्षण कैंप का आयोजन कांके के होकर ग्राम में आयोजित किया जा रहा है। 68 विद्यार्थियों का नेतृत्व पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ नलिन कांत महतो और डॉ सत्यप्रिय महतो के दिशा निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा डॉ सुरजीत दत्ता, विवेक और अमीन रतन महतो इस सर्वेक्षण की बारीकियों से विद्यार्थियों को अवगत करा रहे हैं, जो इस पाठ्यक्रम की समाप्ति के उपरांत उनके रोजगार की दिशा में काफी उपयोगी साबित होगी। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### न्यूक्लियस हाइट्स मॉल में खुला द क्रेप कैफे



**रांची।** कांके रोड स्थित न्यूक्लियस हाइट्स मॉल में द क्रेप कैफे का शुभारंभ शनिवार को हुआ। इसका उद्घाटन सांसद संजय सेठ ने किया। द क्रेप कैफे का रांची शहर में दूसरा ब्रांच है। पहला ब्रांच लालपुर स्थित न्यूक्लियस मॉल में है। मौके पर सांसद श्री सेठ ने द क्रेप कैफे की सफलता की कामना करते हुए कहा कि रांची शहर तेजी से विकास कर रहा है। द क्रैप कैफे की संचिलका सुतापा नंदी ने बताया कि ब्रेकफॉस्ट, ऑमलेट, फ्रैच टोस्ट, बर्गर, सैंडविच, क्रॉन क्रैप्स, स्वीट क्रैप्स, कॉफी, टी, बबल टी, आइसड कॉफी, आइसड टी, मिल्कसेक, कॉकटेल समेत अन्य वैराइटी को मैन्यू में शामिल किया गया है। मौके पर चंदन सिन्हा, विनय प्रताप सिंह, आयुष सिन्हा, प्रियार्ग्मन, तेस्वनी विवेक, नीतिश समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग में फेयर वेल का आयोजन



**रांची।** विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग रांची में विधालय परिसर में दशम वर्ग के छात्र छात्राओं के लिए फेयरवेल (विदाई समारोह) का आयोजन किया गया। विधालय निदेशक महोदय संजय कुमार ने आने वाले बोर्ड परीक्षा के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। नवम वर्ग के विद्यार्थियों ने सीनियर छात्रछात्राओं का स्वागत पुष्प गुच्छ के साथ किया। अष्टम एवम सप्तम वर्ग के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति करके कार्यक्रम की शुरूआत की। दशम वर्ग के छात्र जगदीश,नाजिया और पारस चौहान ने अपने आठ साल के अनुभव को साझा किया।प्रधानाचार्या महोदया रेखा देवी छात्रछात्राओं को जीवन में आने वाली तमाम चुनौतियों को डट कर सामना करने और कड़ी परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने की नसीहत दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विधालय सचिव विकास गौरव,अभिभावकगण,शिक्षकशिक्षिका, कोऑर्डिनेटर अंशु तिवारी,पूजा सिंह, शकुंतला सिंह, अभिजीत,विश्वजीत, राजेश कुमार, नवीन पाठक, रेखा लांबा, अविनाश, श्रृष्टि, साक्षी जायसवाल, रेशमा बेगम का योगदान सराहनीय रहा।

## नोट बुक्स क्विज में कलाम हाऊस चैम्पियन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजकीयकृत आदर्श मवि पंडरा में इंटर हाऊस क्विज का आयोजन किया गया। क्विज का विषय था-झारखण्ड सरकार एवं शिक्षा विभाग, झारखण्ड द्वारा विद्यालय किट योजना अन्तर्गत स्कूली बच्चों को निःशुल्क वितरीत नोट बुक्स (अभ्यास पुस्तिका) के आवरण एवं अन्तः पृष्ठों पर मुद्रित एवं प्रसारित विभाग एवं झारखण्ड सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं समझ। विद्यालय प्रधान अशोक प्रसाद सिंह द्वारा एक पक्ष पूर्व विभाग द्वारा प्राप्त नोट बुक्स का बच्चों के बीच वितरण के समय ही निर्देश दिया गया था, कि सभी बच्चे उन्हें प्राप्त नोट बुक्स के कवर पेज पर अंकित जानकारियों का सूक्ष्मता के साथ स्मरण कर लें और अपने अभिभावक सहित सभी निकट सम्बंधियों को सरकार की योजनाओं से अवगत करावें तथा इस विषय पर पन्द्रह दिनों बाद आयोजित क्विज में भाग लेंगे। इसी के आलोक में शनिवार को कुल सात राउण्ड में 42 प्रश्नोत्तर से तैयार क्विज प्रतियोगिता में छः सदनों से लगभग 1000 बच्चों ने बड़े ही उत्सुकता व हर्षोल्लास के साथ भाग लिया है। प्राप्त अंक तालिका के आधार पर 55 अंक प्राप्त कर कलाम हाउस चैम्पियन हाऊस घोषित हुआ, जबकि 35 अंकों के साथ तेन्दुलकर हाऊस दूसरे एवं 30 अंकों के साथ मदर टेरेसा हाऊस तीसरे स्थान पर रहा। चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर क्रमशः राधाकृष्णन, मंगेशकर और रमण हाऊस रहा है। क्विज मास्टर की भूमिका शिक्षा मंत्री खुशी कुमारी और अनिता कुमारी ने तथा स्कोरर के रूप में रोहित कुमार ने सहयोग किया।

## अब अनीता अग्रवाल के हाथ जेसीआई उड़ान की कमान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेसीआई उड़ान की कमान अब अनीता अग्रवाल के हाथ में है। वर्ष 2023-24 के लिए उन्हें और उनकी टीम को 11 फरवरी को शपथ दिलाई गई। रांची के लालपुर स्थित होटल लैंडमार्क में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह की मुख्य अतिथि आईपीएस श्रीमती संध्या रानी मेहता थी। नई टीम में अनीता अग्रवाल को अध्यक्ष, प्रीति बाग्ला को सचिव बनाया गया है। निवर्तमान अध्यक्ष निधि सर्राफ ने अनीता अग्रवाल और निवर्तमान सचिव प्रिया पोद्दार ने प्रीति बाग्ला को पदभार सौंपा। अतिथियों को सम्मान भी किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि पद हमेशा उत्तदायित्व का बोध कराता है। वह कुछ करने के लिए बनती है। महिला का घर से बाहर निकलना अपने-आप में बड़ा कदम है। उन्हें हर कदम पर अपनी योग्यता साबित करनी पड़ती है। महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए नारी को ही प्रेरित करना और साथ देना होगा। पीआरओ रूपा मोदी ने बताया कि मौके पर कई नए सदस्यों ने उड़ान की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर जेसीआई की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राखी जैन, राखी गंगवाल जैन, विनीता चितलांगिया, आभा भंडारी, शिल्पी अग्रवाल, सुष्मिता सोमानी, अर्चना मुरारका, निधि बियानी, इशा खन्ना, प्रीति अग्रवाल आदि मौजूद थीं।

## भाजमो ने मनायी दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा बताये गये मार्गों को अपनाकर जनहित के कार्य करने की अपील की गयी। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत की सनातन विचारधारा को युवा अनुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुये देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। समावेशी विचारधारा के समर्थक जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। मौके पर वीरेंद्र सिंह, आशीष शीतल मुंडा, शिवानी लता, दुर्गेश चंद्रवंशी, सौरभ तिवारी, अविनाश कुमार अन्य मौजूद थें।

### मनमोहक नृत्य के माध्यम से एकजुटता को किया चरितार्थ



**रांची।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन (दवा) ने शनिवार को राष्ट्रीय एकता के थीम पर बहुत ही सुंदर कार्यक्रम आईएमए हॉल में आयोजित किया। सदस्यों ने मनमोहक नृत्य के माध्यम से विभिन्नताओं में एकजुटता को चरितार्थ किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गान से हुई। चेयरपर्सन विनीता शरण एवं को-चेयरपर्सन ,फाउंडर झूमा सरकार ने सदस्यों का स्वागत किया। सचिव मधु गुप्ता ने दवा के आनेवाले चैरिटी के बारे में बताया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। आज के कार्यक्रम में कुमुद मोहन, उषा पांडे, रुखसाना बानो, नीलम शेखर, सुमन बरनवाल ,श्वेता रंजन, अंजू कुमारी ,पल्लवी शरण, देवस्मिता बासु, डॉ रश्मि कुमारी, श्वेता सुरभि, शिवानी साहू, संचिता मुखर्जी, श्रीला चौधरी, रेखा मिश्रा, विभा सिंह,तबस्सुम हसन,दीपा चौहान व अन्य मौजूद थें।

## हज पर जाने वाले के लिए अंजुमन इस्लामियां में नि:शुल्क सेवा शुरु



**रांची।** हज 2023 में जाने के इच्छुक आजमीने हज के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। हज कमिटी ऑफ इंडिया की तरफ से ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 10 मार्च 2023 तय किया गया है। अंजुमन इस्लामिया राँची की तरफ से हज 2023 के लिए ऑनलाइल आवेदन करने का निःशुल्क प्रवधान किया गया है। अंजुमन इस्लामिया के मुसाफिर खाना स्थित इन्फॉर्मेशन सेंटर में हज ट्रेनर हाजी मो शकील सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आजमीने हज के ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए मुफ़्त सेवा देंगे। हाजी शकील ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने में बहुत ही सावधानी बरतने की जरूरत है। थोड़ी से भी गलती से आवेदन रद्द हो सकता है। उन्होंने बताया कि इच्छुक आजमीन ऑनलाइन आवेदन के लिए अपने साथ पासपोर्ट, एक फोटो सफेद बैकग्राउंड, पैन कार्ड, कैंसिल चेक एवं कोविड-19 दोनों डोज का सर्टिफिकेट अवश्य साथ लाएं। वहीं इन्फॉर्मेशन सेंटर के कन्वेनर मो शहजाद बबलू ने इच्छुक आजमीने हज से अपील की है कि अंजुमन इस्लामिया राँची के मुफ्त सेवा का लाभ उठायें। यहाँ ऑनलाइन आवेदन करने के लिए किसी प्रकार की फीस नहीं ली जाएगी। साथ ही हज प्रशिक्षित मो शकील के द्वारा पूरी सावधानी के साथ आवेदन ऑनलाइन किया जाएगा।

# आंदोलनकारियों का 16 मार्च को विस के समक्ष प्रदर्शन : राजू महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि अब सरकार से आर-पार की लड़ाई होगी। श्री महतो शनिवार को नया टोली स्थित फिलोमिना गार्डन में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा केन्द्रीय समिति बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। आंदोलनकारियों का 16 मार्च को विधानसभा के समक्ष प्रदर्शन होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के खिलाफ भी रणनीति बनाने की जरूरत है। यह विडंबना ही है कि राज्य के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले झारखंड आंदोलनकारी जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, अपनी पहचान, मान-सम्मान पाने के लिए वर्षों से 11 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं लेकिन, अब तक सरकार द्वारा कोई भी सकारात्मक पहल नहीं की गयी है।

केंद्रीय उपाध्यक्ष किशोर किस्कू ने कहा कि आंदोलनकारियों के मान-सम्मान एवं अधिकार के सवालों को लेकर बड़ा उलगुलान किया जायेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की है कि शीघ्र ही सर्वदलीय बैठक बुलाकर झारखंड आंदोलनकारियों के समस्याओं का समाधान के लिए अविलंब कार्रवाई करें। महिला संयोजिका विनिता खलखो, एरेन कच्छप, रूपलाल महतो, इसरार अहमद, दिनेश महतो, रंजीत बाड़ा, छत्रपति महतो, सीताराम तूरी, बिंदिया देवी आदि ने भी संबोधित किया।

मौके पर दिनेश कुमार, नारायण दास, असलम अंसारी, रमेश सिंह चौधरी, प्रवीण सहाय समेत बड़ी संख्या आंदोलनकारी मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से भावी कार्यक्रम तैयार किया गया।

## साईं नाथ विश्वविद्यालय शैक्षणिक उपलब्धियों पर सेमिनार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय, राँची में शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रेरणा विषय पर साईं नाथ विश्वविद्यालय में भव्य सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि- आईएएस, श्री प्रवीण कुमार टोप्पो, मंडलायुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर संभाग, राँची एवं सम्मानित अतिथि- डॉ० रमेश कुमार पाण्डेय, पूर्व कुलपति, राँची विश्वविद्यालय, राँची थे।

विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो० (डॉ०) एस० पी० अग्रवाल ने मुख्य अतिथि- सम्मानित अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को गिनाते हुए सेमिनार के विषय- शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रेरणा विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि शैक्षणिक उपलब्धि हमारे विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आपकी शैक्षणिक उपलब्धि एवं शिक्षा ही राष्ट्रीय प्रगति का मूलाधार है। आपकी सोच ही आपके भविष्य का निर्माण करती है। अपनी सोच के अनुरूप ही बनने का प्रयास करे। यदि आप सभी निरन्तर मेहनत और लगन से कार्य करते है तो सफलता अवश्य ही प्राप्त होगी।

साथ ही विद्यार्थियों को सफलता के चार मंत्र दिये- समय सारणी का पालन करना, प्रतिदिन अखबार एवं संपादकीय लेखों को पढ़ना, लिखना और बोलना के अलावा अपनी भाषा हिन्दी एवं अग्रेंजी का नियमित अभ्यास करना साथ ही आपके मन का सकारात्मक सोच से भरे रहना अत्यंत जरूरी है। हर एक विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन, जिज्ञासा, श्रद्धा, संघर्ष, संयम का होना बहुत जरूरी है तभी आप सफलता के उच्चतम पायदान पर होंगे। हमें खुशी है कि साईं नाथ विश्वविद्यालय ने अपने यहां छात्रों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाने के महत्वपूर्ण उद्देष्यों को पूरा कर रही है।

## एक्सआईएसएस में 'वेन ए कासा' -एनुअल एलुमनाई मीट आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) ने शनिवार को पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का एनुअल एल्युमिनाई मीट वेन ए कासा का आयोजन किया। एक्सआईएसएस के निदेशक, डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने कहा कि मैं आपको अपने अल्मा मेटर के प्रति अपने प्यार को प्रदर्शित करने के लिए धन्यवाद देता हूं। कहा कि आप ही हैं जो एक्सआईएसएस परिवार को सभी भौगोलिक सीमाओं से परे ले जाते हैं। कार्यक्रम में एलुमिनाई एसोसिएशन ऑफ एक्सआईएसएस के सभी चैप्टर प्रेसिडेंट्स द्वारा प्रस्तुती दी गयी। पूर्व छात्र श्री मुसर्रत हुसैन (अध्यक्ष, दिल्ली), अमिताभ दास (अध्यक्ष, बैंगलोर), वेंकट रामनय्या (अध्यक्ष, हैदराबाद), शाहिद मसूद (अध्यक्ष, पटना), और जसबीर सिंह खुराना (अध्यक्ष, रांची) थे। आज के इस समारोह में वर्ष 1977 से 1997 में उत्तीर्ण हुए 102 पूर्व छात्रों का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जेएपी-1 बैंड द्वारा एक विशेष प्रस्तुति का आयोजन किया गया। इसके अलावा 'द बुक ऑन एलुमनी जर्नी' के पोस्टर का उद्घाटन किया गया। लाइव संगीत और गाला डिनर के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम मारुति सुजुकी, पावरग्रिड, एक्सआईएसएस हैदराबाद एलुमनी एसोसिएशन (एक्सएएएच), ईसीआईएल, बीएमडब्ल्यू, एनटीपीसी, एसडीएस और लीड्स द्वारा प्रायोजित था।

स्पीड न्यूज

## बिजली चोरी के खिलाफ चला अभियान

**रातू।** विद्युत ऊर्जा विकास निगम के निदेशानुसार शनिवार को बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। छह लोग अवैद्य रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़े गये। आरोपियों पर रातू थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। वहीं 147715 लाख का जुमार्ना भी लगाया गया है। इसमें ओमप्रकाश वर्मा, अविनाश वर्मन, बलदेव राम महतो, तीनो काटू, गुंजन कुमार व नीलम साहु लीची बगान शामिल हैं। इनके घर से तार आदि भी जब्त किये गये हैं। मौके पर जेई अशोक प्रिय, प्रवीण कुमार रजक, विवेक द्विवेदी, भीम सिंह, मिथुन सिंह आदि शामिल थे। विभाग की ओर से चलाये गये अभियान के बाद लोगों में हड़कंप है। पुलिस इनकी गिरफ्तारी के लिये छापेमारी कर रही है।

## भालू के हमले से महिला घायल

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के बारेंदा देवानसरना निवासी बबिता देवी जंगली भालू के हमले से घायल हुआ है। घटना शनिवार दिन के 11बजे की है।बबिता देवी जंगल में गयी थी उसी वक्त झाड़ी से निकल कर एक भालू हमला कर दिया। भालू के हमले से घायल हुई और आवाज देकर लोगों को बुलाया। लोगो ने हाथी मित्र तापस कर्मकार के सहयोग से तत्काल सोनाहातू अस्पताल भेज कर इलाज कराया। इलाज के बाद महिला की स्थिति में सुधार आया है।

## इटकी: नि:संतान दंपत्तियों के लिए लगा परामर्श शिविर

**इटकी।** इटकी रसूल नगर स्थित सेवा निकेतन ट्रस्ट हॉस्पिटल में शनिवार को नि:संतान दंपतियों के लिए निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी टीम रांची द्वारा आयोजित शिविर में डॉ अल्पना भारती ने 25 निसंतान दंपतियों की जांच कर उचित परामर्श दिया। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ मकसूद आलम, मनीष कुमार, अमन चंद्रा, लीला लकड़ा, सुरैया परवीन, आकिब अहमद व जेबा परवीन ने शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाया।

## होप और टीडीएच का बाल दुर्व्यवहार रोकथाम कार्यक्रम

**बेड़ो।** खुखरा और दिघीया गांव के उच्च विद्यालय में शनिवार को होप और टीडीएच ने जेंडरए सेकसुवालिटी व बाल दुर्व्यवहार के रोक थाम और पुनर्वासन कार्यक्रम चलाया। कम उम्र के बच्चों में हो रहे मानसिक परिवर्तन पर प्रशिक्षण और जागरूक करना है। संस्था के मनोरमा एक्का ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मानव व्यापार, कबड्डी के माध्यम से सुरक्षा, चाइल्ड हेल्पलाइन, बच्चों के अधिकार और उनके कानूनी अधिकारों के बारे में बताया।

## बचरा डीएवी में बाल मेला का आयोजन

**पिपरवार।** बचरा डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला के मुख्य अतिथि पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय एवं विनीता सहाय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया । बाल मेला के आयोजन के लिए कक्षा पंचम से लेकर कक्षा नवम वर्ग के छात्र-छात्राओं द्वारा 20 स्टॉल लगाए गये। बाल मेला में महाप्रबंधक सीबी सहाय, विनीता सहाय, स्टाफ ऑफिसर ईएण्डएम एके पाठक, स्टाफ ऑफिसर सिविल पीके साहू का सराहनीय योगदान रहा।

## सेविकाओं को मिला ऐप का प्रशिक्षण

**खलारी।** खलारी प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को आंगनबाड़ी केंद्र सेविकाओं को पोषण ट्रैकर ऐप की प्रशिक्षण बुढ़मू खलारी सीडीपीओ ज्योति कुमारी प्रसाद, महिला पर्यवेक्षिका सरिता लकड़ा, सुषमा कुमारी ने दिया। बैठक में खलारी प्रखंड के 50 सेविका उपस्थित हुए। जिसमें आंगनबाड़ी सेविकाओं को मोबाइल फोन के माध्यम से पंचायत, ग्राम टोला में काम करने का प्रशिक्षण दिया गया।

# गोविंद नगर में तीन लाख नगद व पांच लाख के जेवरात की चोरी

### अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, जांच शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र में चोरी, लूट व छिनतई की घटनाएं थम नहीं रही है। कोई भी दिन ऐसा नहीं, जब दो-चार घरों व मोटरसाइकिल की चोरी न होती हो। इससे नागरिकों में भय का माहौल है। दस फरवरी की रात अपराधियों ने गोविंद नगर निवासी समाहरणालय कर्मी 42 वर्षीय गिरिधारी वर्मा के बंद घर को निशाना बनाया। इस दौरान उन्हें अलमीरा में रखे 3.15 लाख नकद, 5 लाख के जेवरात, जमीन समेत अन्य जरूरी कागजात आदि हाथ लगे। पुलिस ने फिंगर प्रिंट दस्ते की मदद ली। घटनास्थल का कॉल डंप कराया गया। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।



**सामान की हुई चोरी**

नकद 3.15 लाख, एक सोने का मंगल सूत्र, दो सोने की अंगूठी, दो सोने की गले का हार, एक सोने का मांगटिका, एक नथिया, एक सोने का लॉकेट, पांच चांदी का पायल, एसबीआई का एक एटीएम कार्ड, चार और दो पहिया वाहन की चाबी, बैंक पासबुक, चेकबुक, आधार, वोटर और पैन कार्ड आदि।

**क्या है मामला**

श्री वर्मा घर के दरवाजे में ताला बंद कर पत्नी रिंकी देवी, मां देवंती देवी व दोनों बच्चों के साथ शादी समारोह में रांची गये थे। उन्होंने रात के करीब डेढ़ बजे मां को घर पहुंचा दिया। वह गहरी नींद में सो गयी। सुबह जब पूरा परिवार लौटाए तो दरवाजे में लगे ताले और अलमीरा टूटे व सामान बिखरे पड़े थे। यह देख उनके उड़ गये। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# सरना धर्म कोड: पिस्का स्टेशन पर रोका रेल

### रातू: सरना धर्म कोड के लिए होगा उग्र आंदोलन: सुशील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** सरना धर्म कोड 31 मार्च तक लागू करने और मरंगबरु पारसनाथ पहाड़ को आदिवासियों की धार्मिक स्थल के रूप में मान्यता देने की मांग पर आदिवासी छात्र संघ व सैंगल अभियान आंदोलित है। संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव की अगुआई में रांची लोहरदगा पैसेंजर ट्रेन को पिस्का स्टेशन में रोक नारेबाजी की गयी। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुये श्री उरांव ने कहा कि सरकार ने मरंगबुरू को जैन धर्मावलंबियों को सौंपने का काम किया है। इसका हर स्तर पर विरोध किया जायेगा। सरना धर्म कोड के बारे में उन्होंने कहा कि इसे जल्द लागू नहीं किया गयाए तो संघ उग्र आंदोलन करेगा। मीडिया प्रभारी सुमित उरांव ने गिरिडीह के पारसनाथ पहाड़ पर एक जैन मुनि के देहांत के पश्चात उसे मोक्ष स्थल के रूप में जैन धर्मावलंबियों को देकर आदिवासियों के धार्मिक स्थल में अतिक्रमण किये जाने का आरोप लगाया।



**इन्होंने लिया हिस्सा**

एसीएस के जिला प्रवक्ता मंगल उरांव, नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष महादेव उरांव, सचिव संजय उरांव, उप सचिव अनुज उरांव, प्रवक्ता महादेव बेक, संरक्षक रामजू उरांव, मनीष प्रकाश उरांव, रातू प्रखंड अध्यक्ष रमेश मुंडा, बिगल उरांव, चरवा खलखो, चमरू उरांव, आनंद उरांव, विनोद उरांव, राजेश उरांव, संगम उरांव व महावीर मुंडा समेत दर्जनों कार्यकर्ता आदि।

# गरीबों के अनाज पर माफिया ही नहीं, लाभुक डाल रहे डाका

### एक ही व्यक्ति दो कार्ड से उठा रहे अनाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** सरकार द्वारा दी रही अनाज पर माफिया ही नही लाभुक भी डाका डाल रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र के कई लाभुक माता-पिता के अलावे खुद के नाम से भी कार्ड बनावा लिए हैं। दो कार्ड में नाम रहने से दो लोगों का अनाज एक व्यक्ति (लाभुक) उठा रहे हैं। जिसे लेकर विभाग द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। कई लोगों के नाम में गड़बड़ी है। वहीं कई लाभुक के नाम कार्ड में चढा ही नही है। जिसके कारण कुछ लोगों अनाज नही मिल रहे। वहीं कई लोगों को नाम कार्ड में नही रहने के कारण आयुष्मान कार्ड बनवा नही पा रहे हैं। ऑनलाइन पोर्टल बंद होने या जांच कार्य शुरू होने से लोगों की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीएसओ रामस्वरूप भगत ने भी माना है कि लोगों का नाम सुधार व नये लोगों का नाम चढाने में मुश्किल हो रही है।

उन्होंने बताया जो लोग दो कार्ड से अनाज उठा रहे हैं। उसपर कार्रवाई के लिए जांच कार्य हो रहा है। जिन्होंने सुधार व नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन आवेदन दिए हैं। उन सभी का कार्य हो जाएगा। लेकिन अभी थोड़ी समय लगेगा। वहीं जिन्हें परेशानी हो रही वैसे लोगों में विभाग व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी भी है।

# ग्रामीणों ने इटकी थाना का किया घेराव

### हत्याकांड में युवक का नाम घसीटे जाने का किया विरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के गढ़गांव निवासी विजय उरांव हत्याकांड में गांव के एक युवक मांगा उरांव का नाम घसीटे जाने के विरोध में शनिवार को आदिवासी समुदाय के सैकड़ों ग्रामीणों ने इटकी थाना का घेराव किया। ग्रामीणों ने करीब तीन घंटे तक थाना को घेरे रखा। थाना प्रभारी रजनी रंजन को एसएसपी के नाम मांग से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा व थाना प्रभारी रजनी रंजन द्वारा अनुकूल आश्वासन देने के बाद घेराव कार्यक्रम को समाप्त किया गया। मांगपत्र में मांगा को निर्दोष व इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की गयी है। इधर घेराव कार्यक्रम में शामिल मांगा ने जानकारी दी कि मृतक विजय उरांव मेरा भांजा था। उसने स्वीकार किया कि वह चार-पांच वर्ष पूर्व पीएलएफआई संगठन से जुड़ा थाएपरंतु वर्तमान में कोई भी उग्रवादी संगठन से उसका नाता नही है। तीन वर्ष से अपराध जगत से नाता तोड़ समाज की मुख्य धारा से जुड़ कर जीवन बसर कर रहा हूं। घेराव कार्यक्रम में ज्यादातर महिलाएं शामिल थी। घेराव के लिये थाना गेट से अंदर प्रवेश करने के दौरान पुलिसकर्मियों से मामूली रूप से झड़प भी हो गयी। करीब पांच बजे राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रवि तिग्गाए चचगुरा ग्राम प्रधान सुखदेव उरांव व गढ़गांव ग्राम प्रधान चारो उरांव ने थाना प्रभारी से वार्ता कर ग्रामीणों को समक्षा बुझा कर थाना से बाहर करवाया और थाना प्रभारी को एसएसपी के नाम मांगपत्र सौंपा।



## एक नजर में

### भाजपा किसान मोर्चा ने केंद्रीय बजट पर की चर्चा

**रातू।** भाजपा किसान मोर्चा ग्रामीण जिला की चौपाल कामेश्वर महतो की अध्यक्षता में हुई। इसमें केंद्रीय बजट 2023 पर चर्चा की गयी। कार्यकर्ताओं ने इसे कृषकों के लिये लाभकारी बताते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। मौके पर प्रदेश के महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी ललित नारायण ओझा, जिले के मीडिया प्रभारी पंचम महतो, सह मीडिया प्रभारी मनोज महतो, पिथोरिया मंडल अध्यक्ष गोपाल महतो, पिथोरिया के अध्यक्ष चेतन ठाकुर, पिथोरिया युवा मोर्चा अध्यक्ष समेत सागर साहू व शिव शंकर मुंडा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर माल्यार्पण कर की गयी।

### जरूरतमंदों को मिला कंबल और अनाज

**रातू।** समाजसेवी महेश महतो ने शनिवार को संडे मार्केट में जरुरतमंदों के बीच कंबल व अनाज वितरण किया। इसमें संजयनगरएझखराटांड़ए आमटांड़ आदि गांव के करीब 200 लोग लाभान्वित हुये। मौके पर भीम गोप, छोटे, अविनाश उपाध्याय, महेंद्र महतो, राज कुमार, जितेंद्र शर्मा व सुनील सिंह आदि मौजूद थे।

### ऑक्सब्रिज स्कूल के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**मांडर।** ऑक्सब्रिज स्कूल में शनिवार को कक्षा नव के विद्यार्थियों द्वारा दसवें के छात्र छात्राओं को भावमीनी विदाई दी। छात्र छात्राओं एक दूसरे का स्वागत में तिलक एवम स्वागत नृत्यए तथा गुलाब फूल भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात प्रधानाचार्या इवान एक्का द्वारा दीप प्रज्जवलितए और केक काट कर किया गया। स्कूल के निदेशक तौफीक आलम ने विद्यार्थियों के सफल भविष्य की कामना की तथा उन्हें आशीर्वाद दिया। इस मौके पर शिक्षकगण स्कूल कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

# कुड़मी समाज का सम्मेलन सह सम्मान समारोह

### अनगड़ा के चिलदाग मैदान में हुआ कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** टोटेमिक कुरमी/कुड़मी/महतो समाज के बैनर तले कुरमी समाज का चिलदाग स्कूल मैदान में शनिवार को एक दिवसीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अनगड़ा एवं आसपास के बुद्धिजीवी, समाजसेवी, युवा सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता राजेश महतो एवं संचालन सखीचंद महतो ने किया सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शीतल ओहदार ने कहा कि कुरमी समाज संकट के दौर से गुजर रहा है। समाज के 99 युवा बेरोजगार हैं। शिक्षा का स्तर भी निम्न है समाज में प्रशासनिक पदाधिकारी नगन्य हैं राजनीतिक हिस्सेदारी भी शून्य है। संवैधानिक अधिकार से पिछले 70 साल से कुरमी समाज को वंचित रखा गया है। समाज अपने हक अधिकार के प्रति जागरूक है और आंदोलन सड़क से सदन तक जारी रहेगा। सम्मेलन को मुख्य रूप से समाजसेवी एवं विशिष्ट अतिथि रणधीर चौधरी रामपोदो महतो सोमेश्वर महतो देवव्रत चौधरी डॉक्टर कुमुद कला मेहता सुषमा देवी आदि ने भी संबोधित किया।



**सम्मेलन में थे शामिल**

इस सम्मेलन को सफल बनाने में बाबूराम महतो, दुर्गा महतो, कमलेश चौधरी, राजू कुमार महतो, जलेश्वर महतो, मनोज चौधरी, फुलको देवी, शिवलाल महतो, गोवर्धन महतो, अजित महतो, दीपक चौधरी, गौरी महतो, श्रीनाथ महतो, जयराम महतो, शाहेबराम महतो, विष्णु महतो, बिरबल महतो आदि शामिल हुए।

## बजरंगबली मंदिर का मना 14वां स्थापना दिवस

**बेड़ो।** बेडो महावीर चौक स्थित बजरंगबली मंदिर का 14 वां स्थापना दिवस शनिवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर पुजारी अशोक पंडा ने जजमान के रूप में पूजा अर्चना में भाग ले रहे बेड़ो के पूर्व उप मुखिया ज्वाला प्रसाद सोनी सह पत्नी के साथ गौरी गणेश पूजन के साथ नवग्रह पूजनए षोडश मातृका पूजन के अलावा कई वैदिक महामंत्रों के बीच वीर बजरंगबली की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के बाद प्रसाद के रूप में बने पूड़ी सब्जी श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। मौके पर काफी संख्या में भक्त जुटे हुए थे।

## पर्यावरण मेला: निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता में कस्तूरबा की छात्राओं का दबदबा



**सोनाहातू।** बीएमपी स्कूल रांची में आयोजित जिला स्तरीय पर्यावरण मेला 2023 के निबंध प्रतियोगिता में सोनाहातू कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा हेमा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है । निबंध जलवायु परिवर्तन विषय पर जिला के 20 स्कूलों के छात्र. छात्राओं को पछाड़कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पेंटिंग प्रतियोगिता में आरती कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। नीला ग्रह विषय पर बेहतरीन पेटिंग कर दुसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्राओं के प्रदर्शन पर वार्डेन शशि बाड़ा, सरोजिनी टोप्पो, फुलमनी बाड़ा, सौरभ सिंह और कृष्ण चंद्र महतो ने बधाई दिया है।

## मांडर के वंडरलैंड स्कूल का धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव




**मांडर।** प्रखंड स्थित वंडरलैंड स्कूल में शनिवार को सातवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए थे। बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मांडर के अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो ने कहा कि बच्चों ने जो प्रतिभा दिखायी उसमें शिक्षकों का मेहनत साफ झलकती है। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रथम पाठशाला परिवार होती है। परिवार से निकलकर जब बच्चा स्कूल पहुंचता है तो शिक्षक ही अभिभवक होते हैं। मैं आगे कामना करता हूं कि स्कूल और तरक्की करें और बच्चों को सही रास्ता दिखाते हुए उनके भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभाई। मौके पर मो इकबाल, विधायक प्रतिनिधि आबिद अंसारी, नसीम अंसारी, संजर अंसारी, मुस्लिम अंसारी, गुलाम सरवर, बी एन गोप, सलामत अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## विधायक ने किया चेकडैम और पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

**सिल्ली।** प्रखंड की दोवाड्ड पंचायत के तुनकु गांव के समीप सतिया नाला पर चेक डैम निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सुदेश कुमार महतो, जिप उपाध्यक्ष वीणा चैधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, मुखिया श्रवनजित सिंह मुंडा एवं बीडीओ पावन आशीष लकड़ा ने संयुक्त रूप से किया । चेक डेम निर्माण कार्य राज्य संपोषित योजना से लगभग 70 लाख रुपए की लागत राशि से किया जाना है। विधायक ने कहा कि इस योजना से गांव के किसानों को कृषि में लाभ मिलेगा। किसान सिंचाई कर सालों भर खेती कर पाएंगे। मौके पर आजसू पार्टी के संगठन सचिव जयपाल सिंह नन्द किशोर महतो, मदन मोहन महतो, धीरेन महतो, आमिना महतो, नारायण मुंडा, उमा महतो मौजूद थे।

## गोलीबारी के बाद रोहिणी कांटा घर पर सीआईएसएफ के जवान मुस्तैद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** रोहणी कांटा घर 1 मे शुक्रवार को गोलीकांड होने के बाद दूसरे दिन कांटा घर खलारी पुलिस व सीआईएसएफ के जवान मुस्तैद दिखेण गोलीकांड होने के बाद से कोयला लोड कर कोलवाहन कोल डंप यार्ड के पास खड़ी हैण घटना के बाद से चालक व उपचालक फंसे हुये हैण चालको के लिये खाने पीने के लिये भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चालको ने बताया कि लोड गाड़ी व खाली गाड़ी को कांटा कर भेजने की व्यवस्था किया जाय। वही कांटा घर मे अपराधियों के द्वारा गोली चलाये जाने पर सीसीएल के अधिकारी कांटा घर मे नही पहुंचने की सूचना है, जिसके कारण पूरी तरह से कोयला ढुलाई बंद है। वही सीसीएल परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह से पूछे जाने पर बताया कि कांटा घर में गोली चलने के दूसरे दिन सुचारू रूप से कोयला का कार्य चालू कर दिया गया है।

**किसी ने नहीं ली घटना की जिम्मेवारी**

रोहणी कांटा घर में गोली कांड की जानकारी कोई भी संगठन अब तक नही लिया है। हालांकि गाहे बगाहे टीएसपीसी संगठन का कारनामा बताया जा रहा हैण्वही इस संबध में खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी से पूछे जाने पर बताया कि घटना के संबध में कोई संगठन जिम्मेदारी ली है। खलारी पुलिस की लगातार छापामारी जारी है। जल्द ही रोहणी कांटा घर का खुलासा कर दिया जायेगा।

## कस्तूरबा की दो छात्राओं का जिला टीम में चयन




**बुंडू।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय खेलारी जो वर्तमान में कस्तूरबा विद्यालय बुंडू में संचालित है।विद्यालय की कक्षा 10 की दो छात्राएं काजल कुमारी एवं प्रिया एक्का का चयनित जेएससीए अंडर 19 के झारखंड डिस्ट्रिक्ट टीम के लिए हुआ है। जो बोकारो में होने वाले जेएससीए के स्टेट लेवल क्रिकेट गेम में रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेंगी। काजल एवं प्रिया एक्का स्टेट लेवल क्रिकेट मैच खेलने के लिए विद्यालय से रवाना हो गई दोनों छात्राएं विद्यालय कैंपस के बगल टीटीसी ग्राउंड में संचालित सोनेट क्रिकेट क्लब बुंड से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। सोनेट क्रिकेट क्लब के संचालक जीतू कुमार, कोच एहसान अंसारी, विष्णु स्वांसी, एसपी गौतम एबीईओ बुंडू रहमत अली ने शुभकामनाए दी हैं।

## चान्हो: घासीराम स्मारक समिति की बैठक

**चान्हो।** प्रखंड स्थित करकट में शनिवार को जनजाति महली विकास मंच के अध्यक्ष हरि नारायण राम महली की अध्यक्षता में घासीराम स्मारक समिति की बैठक हुई। इसमें विगत 17 जनवरी को घासीराम जयंती पर लगने वाले समारोह को लेकर समीक्षा की गई। इसमें यह तय किया गया कि इस बार जो भी कमियां हुई है आने वाले साल में उसे सुधारा जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से त्रिपुरारी तिवारी, बसंत महली, संतोष महली, बिशुन महली, मकेश्वर राम महली, महावीर तिर्की, दीपक इंदवार, रामलगन महली, रामचरण भगत, देवेन्द्र महली, बिष्णु महली, रमेश महली समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक विश्वनाथ भगत की मनी पुण्यतिथि

**बेड़ो।** केंद्रीय पड़हा संचालन समिति व झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के सयुक्त तत्वावधान में झारखंड आंदोलनकारी व पूर्व विधायक स्व विश्वनाथ भगत की दूसरी पुण्यतिथि बेड़ो स्थित बारीडीह जतरा टाड स्थित केंद्रीय पडहा समिति भवन प्रांगण में मनाई गयी। इस मौके पर सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने दो मिनट का सामूहिक मौन धारण कर व स्व विश्वनाथ भगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित उन्हें याद किया। मौके पर स्व विश्वनाथ भगत की पत्नी व केंद्रीय पडाहा संचालन समिति की संरक्षक नीलमणि भगत ने श्रद्धाजलि अर्पित किया। झारखंड आंदोलन्कारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के संघर्ष से ही झारखंड के नव निर्माण व स्व विश्वनाथ भगत के सपनों को साकार करना है।

# गैरमजरुआ भूमि का नेचर बदल हो रही खरीद-बिक्री

### राज्यसभा सदस्य ने सदन में उठाया मुद्दा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू द्वारा सदन में झारखंड राज्य के गंभीर समस्या को उठाए जाने पर प्रखंड क्षेत्र के जनता द्वारा हर्ष जताई जा रही है। आदित्य साहू ने सदन को बताया कि नदी, नाला व पहाड-पर्वत वाला झारखंड राज्य में गैरमजुरूआ भुमिका का नेचर बदल कर खरिद बिक्री की जा रही है। वर्तमान राज्य सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल में गैरमजुरूआ भुमि की खरिद बिक्री किए जाने की जानकारी दी और बताया कि राज्य सरकार के संरक्षण में सत्ता के शीर्ष में बैठे लोगों के इसारे पर भू-माफियाओ और भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा पूरे झारखंड राज्य में गैर मजरुवा जमीन की लूट की जा रही है। ओरमांझी प्रखंड के मुटा गांव की भी जानकरी सदन को दी और बताया कि ई0 1982 में भूमिहीन परिवारों को खेती-बारी व जीविका उपार्जन करने के लिए सौ रुपए में एक-एक एकड़ भुमि दी गई थी। आज वैसे परिवार को भी भु-माफिया व दलालों द्वार जमीन खाली कराने के लिए डराया धामका जा रहा है। इससे भूमिहीन के परिजन डरे-सहमे हैं।

**ओरमांझी की जनता ने जताया आभार**



इस मुद्दे को राज्यसभा में उठाए जाने पर ओरमांझी प्रखंड की जनता द्वारा आदित्य साहू के प्रति अभार जताते हुए हर्ष जताया गया है। प्रखंड क्षेत्र में गैरमजरूआ भुमि को कब्जा जमाए खरिद बिक्री करने वाले भु-माफियों पर कार्य होने की उम्मीद जता रहे हैं।

**राज्य में 362867 लाख एकड़ पर अवैध कब्जा**

आदित्य प्रसाद साहू बताया कि झारखंड में 362867 लाख एकड़ गैरमजुरूआ भमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। राज्य में इस प्रकार के 1.75 लाख मामले लंबित है। सिर्फ बोकारो जिले में ही 96150 एकड़ गैरमजुरूआ जमीन की लूट की गई है। इस प्रकार के गैरमजुरुवा जमीन की लूट होती रही तो आने वाले समय में राज्य में किसी भी विकास योजनओं को धरातल पर उतारना मुश्किल होगी। उन्होने सभापति महोदय से किसी सक्षम अधिकारी से जांच करा कर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## समय संवाद

ज्यादातर लोगों को शायद ही पता हो कि हमारे साथ एक बड़ा खेला हो रहा है। साइंस टेक्नोलॉजी उनके साथ क्या खिलवाड़ कर रही है। इस भयानक तथ्य को कुछ सरकारों एवं टेक्नोलॉजी से जुड़ी बड़ी-बड़ी कम्पनियों, निगमों के मालिकों के अलावा शायद ही कुछ लोग जानते हैं। तकनीक या धर्म अपने आप में खतरनाक नहीं हैं बल्कि उन्हें अपने स्वार्थ हेतु उपयोग में लाने वाले लोग या समूह खतरनाक होते हैं। इतिहास पर नजर डालने से पता लगता है कि आम आदमी का शोषण सदा से होता आया है।

# बढ़ते तकनीक वर्चस्व में मानवता

**डॉ. श्याम सखा**

**इस** समय दुनिया की आबादी लगभग 8 अरब है। गूगल सर्च करने वालों की संख्या लगभग 3 अरब बताता है। खुद गूगल और फेसबुक को इस्तेमाल करने वाले लगभग 2.3 अरब हैं ऐसा गूगल बताता है। गूगल सर्च इस्तेमाल करने वाले यह भी जानते हैं कि आपने इस पर किसी चीज को ढूंढ़ लिया तो अगली बार गूगल खोलते ही बिना हमारे सर्च किये गूगल उसी वस्तु या उस वस्तु से सम्बन्धित वस्तुओं के विज्ञापन की बाढ़-सी ला खड़ी करता है। आपने मिक्सी देखी गूगल पर तो गूगल अनेक ब्रांड की मिक्सी दिखलायेगा। अगर कहीं कोई फिल्म देख ली तो न जाने कितनी महिलाओं के सन्देश भेजने लगेगा। इसका अर्थ ये हुआ कि गूगल हमारी पसन्द को समझने लगा है। दूसरे शब्दों में कहें तो गूगल हमारे मन को पढ़ने में सक्षम हो गया है। यही नहीं, वह हमें ये चीजें खरीदने या देखने का लालच दे रहा है। यानी गूगल हमारे मन पर अधिकार करने की कोशिश में लगा है। पर गूगल तो एक बेजान चीज है। असल मालिक तो इसके या इस जैसी कॉर्पोरेट कम्पनियों के मालिक हैं। वही लोग जिन्हें गूगल या अमेजन जैसी कम्पनियां हमारा डेटा यानी जानकारियां बेचती हैं।

लेकिन लगता है कि वास्तविक परिवर्तन अब होने जा रहा है जब यह तकनीक बाहर नहीं बल्कि हमारे भीतर बदलाव करने की क्षमता हासिल कर रही है। क्या हम कल्पना कर सकते हैं कि भविष्य में ये तकनीकी संस्थाएं हमारे साथ क्या करेंगी? अब तक जो कुछ प्राकृतिक चयन के आधार पर होता आया है क्या वह बदल जाएगा। हमें पता नहीं है कि चेतना क्या है, यह क्या करती है। वैसे एक तथ्य से हम भारतीय वाकिफ हैं अपने दार्शनिक ग्रंथों की मदद से कि पृथ्वी, आकाश, जल, अग्नि वायु से शरीर बनता है और जब इसमें चेतना (आत्मा) प्रवेश करती है तो जीव पैदा होता है। यह



कैसे होता है यह हम नहीं जानते। लेकिन वैज्ञानिक कहते हैं कि चेतना का सम्बन्ध, हम जान गए हैं कि मस्तिष्क में मौजूद अरबों न्यूरॉन्स से है। वे इस बात का भी दावा करते हैं कि क्रोध और प्रेम, दर्द और खुशी के व्यक्तिपरक अनुभव इन्हीं न्यूरॉन्स में कुछ केमिकल (हार्मोनल) के प्रभाव से होते हैं। तो कल अगर सिलिकॉन वैली वालों ने कह दिया या जान लिया कि चेतना का निर्माण वहां की प्रयोगशाला में संभव है तो क्या जैविक इंजीनियरिंग आनुवंशिक स्तर पर हस्तक्षेप कर शरीर में नये अंग बना देगी। ऐसे मानव बना लेगी जो शारीरिक रूप से अधिक सक्षम एवं मानसिक रूप से अधिक बुद्धिमान हों। कुछ जीन बदल कर नये डिजाइन की शुरूआत हो चुकी है। शक्तिशाली कंपनियां एवं सरकारें बायो इंजीनियरिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से हमारे मस्तिष्क को एक कंप्यूटर इंटरफेस जैसा बनाने की तरफ अग्रसर हैं जिससे वे हमें कम्प्यूटर की मानिंद रिमोट से कंट्रोल कर सकें या हमारे बारे में हर जानकारी प्राप्त कर सकें। बायो इंजीनियरिंग के माध्यम से वे मानव की एक नयी मनचाही प्रजाति बनाने में सफल हो सकते हैं। जैसा कि अब तक वे फसलों और जानवरों के साथ करने में सफल हो गए हैं।

संभव है वैज्ञानिक अधिक सुंदर, स्वस्थ और आज्ञाकारी मानव प्रजाति बना लें। फिर उन्हें आम जनता की जरूरत ही न रहे। इतिहास साक्षी है कि मानव ने अब तक किस तरह अपने चारों ओर के परिवेश को बदल दिया। जंगल-गांव सभी को नष्ट कर नगर बसाये या कारखाने बनाये हैं। ये काम मानव मजदूरों ने कॉर्पोरेट कम्पनियों के मालिकों के हुक्म से किये थे। अब अनेक काम रोबोट करने लगे हैं जिन्होंने दुनिया भर के मजदूरों को बेकारी की ओर धकेल दिया है। अब तो सैनिक का काम भी रोबोट और ड्रोन कर रहे हैं। अभी तक हमारा जैविक दिमाग कम्प्यूटर को बना रहा है, कंट्रोल कर रहा है। लेकिन क्या यह नहीं हो सकता कि वैज्ञानिक कल ऐसा सुपर कंप्यूटर बना लें जो हमारे मस्तिष्क को बेकार बना दे और खुद दुनिया को कंट्रोल करने लगे। तब इन कॉर्पोरेट कम्पनियों के मालिकों को जैविक मानव की जरूरत कहां रहेगी। हो सकता है तब ये किसी केमिकल या जैविक हथियार (कोविड) जैसी महामारी से मानव जाति को ही खत्म कर दें?

# राम के जीवन से सीखें भक्ति निमार्ण में धर्य की कला

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्म ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है। राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया। वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है। गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

(ब्रम्ह विद्यालय आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर, शाखा कुटी रांची)

# लहसुन की चाय



**मिताली जैन**

**हेल्थ** एक्सपर्ट बताते हैं कि लहसुन की चाय कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करती है। जिसके कारण यह मधुमेह से जुड़े अन्य स्वास्थ्य जोखिमों को कम करता है।

लहसुन जिसका इस्तेमाल लगभग हर भारतीय किचन में किया जाता है, अमूमन घरों में लोग इसे कई तरीके से इस्तेमाल करते हैं। वैसे अगर किसी व्यक्ति को हाई ब्लड शुगर या हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है तो उन्हें अपनी रेग्युलर चाय को लहसुन की चाय से स्विच कर देना चाहिए।

**कम करे अमीनो एसिड होमोसिस्टीन**

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप लहसुन की चाय का सेवन करते हैं तो इससे अमीनो एसिड होमोसिस्टीन को नेचुरली कम होता है। यह मधुमेह रोगियों के लिए एक बड़ा जोखिम कारक है। इस प्रकार लहसुन की चाय आपके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालती है।

**बेहतर प्रतिरक्षा तंत्र**

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, किसी भी बीमारी से लड़ने के लिए शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का मजबूत होना आवश्यक है। इस लिहाज से भी लहसुन की चाय आपके लिए लाभदायक है। यह एक शक्तिशाली एंटीबायोटिक पेय है, जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा में सुधार करता है। इसके अलावा, लहसुन में विटामिन सी होता है, जो हमारी प्रतिरक्षा को बढ़ाने में मदद करता है और हमारे अंगों को कार्यशील और स्वस्थ रखता है।

**लक्षणों को करे कम**

मधुमेह शरीर में सूजन या इंफलेमेशन पैदा कर सकता है, जिसे लहसुन कम करने में मदद कर सकता है। इसलिए मधुमेह होने पर आपको लहसुन की चाय का सेवन अवश्य करना चाहिए।

**रक्त शर्करा का स्तर कम**

यह लहसुन की चाय का एक सबसे बड़ा लाभ है। लहसुन के सेवन से टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित लोगों में रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद मिलती है।

# परीक्षा पे चर्चा के बाद आ गयी अडानी एग्जाम

**सहीराम**

प्रधानमंत्री जी ने परीक्षा पर चर्चा क्या की जी, अडानी सेठ के सामने बड़ी कठिन परीक्षा आ पड़ी। हिंडनबर्ग वाले कह रहे हैं कि अपनी रिपोर्ट के लिए उन्होंने अडानी सेठ से अठासी प्रश्न पूछे थे। पहले तो उन्होंने कोई जवाब ही नहीं दिया। हो सकता है उस समय वे विभिन्न चैनलों में उनसे पूछे जा रहे सवालों के जवाब दे रहे हों। जलकुकड़े कह रहे हैं कि चैनल वाले सवाल पूछ ही कहां रहे थे, वे तो उन्हीं सवालों को दोहरा रहे थे, जो राहुल जी पूछ रहे थे। अडानी सेठ के सामने मुश्किल यह है कि सब उनसे सवाल ही पूछ रहे हैं। कभी राहुल जी पूछ रहे हैं, कभी चैनल वाले पूछ रहे हैं। अच्छी बात यही है कि इधर जनता ने सवाल पूछने छोड़ दिए हैं। वैसे भी वह सेठों से कभी सवाल नहीं पूछती। उनसे पूछे जाने वाले सवाल वह सरकार से पूछती है। जैसे दोनों एक ही हों। उनसे पूछा, इनसे पूछा। क्या फर्क पड़ता है। एक और अच्छी बात यह है कि अडानी सेठ से सरकार भी कोई सवाल नहीं पूछ रही है। सरकार विरोधी तो यह भी मानते हैं कि हो सकता है राहुल जी के सवालों



के जवाब भी सरकार ही उन्हें पहुंचा रही हो और चैनलों की खिड़कियों से उनके लिए पर्चियां फेंक रही हो। हमारे यहां परीक्षा का सीन यही होता है। खैर, ईडी, वीडी वाले तो उनसे बिल्कुल भी सवाल नहीं पूछ रहे। अभी वे सरकार के विरोधियों से सवाल पूछने और उन्हें फेल करने में ज्यादा व्यस्त हैं।

खैर जी, बताते हैं कि हिंडनबर्ग वालों ने उनके जवाब पाए बिना ही एक सौ छह पेज की रिपोर्ट दे दी। अगर इसे उनका रिपोर्ट कार्ड माना जाए तो यह उनके करिअर के लिए बड़ा ही खतरनाक साबित हुआ। शेयर वालों का तो उन पर से भरोसा ही उठ गया। उनके शेयर धड़ाम से गिर गए। अब शेयर कोई झूठ तो होते नहीं कि उनके पांव न हो। जलकुकड़े तो यहां तक कहते हैं कि खुद सेठ जी के ही पांव कहां हैं, वे भी सरकार की ही बैशाखी पर खड़े हैं। तो फिर यह डर क्यों सता रहा है कि अगर दूसरे सेठों की तरह अडानी सेठ भी देश छोड़कर भाग गए तो क्या होगा।

सेठ जी ने हिंडनबर्ग के सवालों के जवाब बेशक न दिए हों, उनकी रिपोर्ट का जवाब उन्होंने खूब दिया। उनकी एक सौ छह की रिपोर्ट का जवाब उन्होंने चार सौ तेरह पेज की रिपोर्ट में दिया। लेकिन हिंडनबर्ग वाले भी बड़े सख्त एग्जामिनर निकले। उन्होंने कहा कि हमारे अठासी सवालों में से सेठ जी ने सिर्फ छब्बीस सवालों के ही जवाब दिए हैं। यार आंसरशीट तो उनकी खूब भारी थी। हमारे यहां तो आंसरशीट जितनी भारी होती है, उतने ही ज्यादा नंबर मिलते हैं। लेकिन हिंडनबर्ग ने उन्हें पास करने से इंकार कर दिया। बोले राष्ट्रवाद की आड़ में फ्रॉड मत छिपाओ। परीक्षा सचमुच बड़ी कठिन है।

# नेति, स्वांस रोगों का उपचार

**स्वामी मुक्तरथ**



**कोरोना** वायरस का संक्रमण को नियंत्रित करने में नेति का महत्वपूर्ण योगदान रहा। नियमित गरारे और जल नेती से सभी सक्रमण में लाभ होता है। मैंने सैकड़ों लोगों को जिनमें अधिकांश युवा थे नेति कराकर कोरोना के संक्रमण का असर को कम और समाप्त किया है। जापान में मास्क लगाने और हाथ धोने को इंन्फ्लूएंजा नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय दिशानिर्देश में शामिल किया गया, इसी तरह जल नेती और गरारे का कोरोना महामारी में भी व्यक्तिगत रुचि के मुताबिक प्रयोग किया जा सकता है।

जल नेति योग करने के लिए आप सबसे एक नेति पॉट ले, जो आपकी नाक में अच्छे से सेट हो जाएं।अब इस नेति पॉट में थोड़ा गर्म यानि गुनगुना पानी (तापमान 38-40 डिग्री सेल्सियस) लें और इसमें एक एक चुटकी नमक मिला लें अर्थात 1 लीटर पानी प्रति 1 चम्मच नमक मिलाएं। ध्यान रखने अधिक नमक को पानी में ना मिलाएं। जल नेति को करने के लिए आप बैठ जाएं और अपने दोनों पैरों के बीच में थोड़ी सी दूरी रखें। अपने मुँह से साँस लेना शुरू करे और अपने सिर को थोड़ा नीचे की ओर झुका लें।

आप जल नेति योग को खड़े होकर और कमर से थोड़ा झुक कर भी कर सकते है।

अब आप पानी से भरे हुए नेति पॉट ले और उसे अपनी दायीं नाक में लगा कर धीरे-धीरे पानी डालें। बायीं नाक से इस पानी को बाहर निकालते जाएं।

अब फिर से बायीं नाक में नेति पॉट लगा कर पानी डालें और दायीं नाक से अपनी को बाहर निकाले।

ध्यान रखें की पानी धीरे-धीरे और कम मात्रा में डालना हैं।

इस क्रिया आप दोनों नाक से करें आप जल नेति योग को खड़े होकर और कमर से थोड़ा झुक कर भी कर सकते है।

अधिक गर्म पानी का प्रयोग करने से आपके नाक में जलन और दर्द की समस्या उत्त्पन्न हो सकती है।

जल नेति क्रिया का दौरान अधिक नमक का प्रयोग करने से आपकी नाक में जलन हो सकती है जिससे आपकी नाक से खून भी निकल सकता है।

जल नेति तकनीक में खराब पानी या संक्रमण वाला पानी प्रयोग करने से आपकी नाक में भी संक्रमण का खतरा बढ़ जाता हैं।अधिक नमक के प्रयोग से या अधिक अवधि तक जल नेति क्रिया को करने से आपकी आँखों और कानों में भी दर्द हो सकता हैं।

(लेखक सत्यानंद योग मिशन रिखिया आश्रम देवघर से जुड़ें रांची जिला प्रमुख हैं।)

# कृत्रिम भोजन के खतरों पर बहस जरूरी

**देविंदर शर्मा**

**खबर** परेशान करने वाली है कि जीएम वॉच नामक प्रभावशाली और स्वतंत्र निगरानी समूह, जो कि जीएम उद्योग के अतिशय प्रचारों और झूठे दावों का पदार्फाश करता है, ने एक ट्वीट कर बताया है ह्यकंपनियां फल-मक्खियों (फ्रूट फ्लाई) में आनुवांशिक बदलाव करके कृत्रिम मांस पैदा करने में प्रयुक्त मूल अवयव प्राप्त कर रही हैं। पहले बड़े पैमाने पर मक्खियों को पैदा करके पाला-पोसा जाता है, फिर मारकर चूरा बनाया जाता है, कृत्रिम मांस बनाने के लिए जो मूल प्रोटीन जरूरी है, वह इससे निकाला जाता है। जाहिर है यह ट्वीट कृत्रिम मांस बनाने में विकास की हालिया खबरों के संदर्भ में है, लेकिन इसका ज्यादा महत्व इस पर है कि प्रोटीनका विकल्प किस तरह पाया जाएगा।

यह सूचना ऐसे वक्त पर आई है जब सोलर फूड्स नामक एक निजी कंपनी, फिनलैंड के हेलिसिंकी के निकट विरल हवा से वैकल्पिक प्रोटीन का उत्पादन व्यावसायिक स्तर पर करने के लिए इकाई स्थापित करने जा रही है। इस प्रक्रिया में, वायु में मौजूद कार्बन डाई-ऑक्साइड, ऑक्सीजन और हाइड्रोजन से बैक्टीरिया पैदा किया जाएगा, जिससे आगे प्रोटीन बनेगा, उत्पादन इसी साल शुरू होने की उम्मीद है। एक इकाई से प्रति वर्ष 100 टन उत्पाद मिलेगा जो कि 4-5 लाख भोजन खुराक बनाने लायक काफी होगा।

इसी बीच सिंगापुर व्यावसायिक तौर पर कृत्रिम मांस बनाने वाला पहला देश बन गया है। चूंकि सिंगापुर के कुल क्षेत्रफल का 1 फीसदी से भी कम भूभाग पर खेती है, लिहाजा खाद्य उत्पादन सदा नगण्य रहा है। सिंगापुर अपनी खाद्य जरूरतों का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा 170 देशों से आयात करता है, इसलिए खाद्य-सुरक्षा सुनिश्चित करने के मामले में सिंगापुर की स्थिति हमेशा ही नाजुक रही है। यह बात आयात से खाद्य आपूर्ति करने वाले किसी भी देश पर लागू है। इससे वह वक्त याद आता है, जब भारत में भी, हरित क्रांति से



पहले हमें भी बहुत बड़ी मात्रा में खाद्य आपूर्ति विदेशों से करनी पड़ती थी। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को इसका इंतजाम करने लिए न मालूम विदेशी मुल्कों के किन-किन दबावों और अभद्रता का सामना करना पड़ता होगा। तभी तो एक बार टीस जाहिर की थी ह्यकिसी देश के लिए खाद्य के लिए दूसरों के सामने हाथ फैलाने से बढ़कर कोई और बेइज्जती नहीं हो सकती, इसलिए बाकी सब कुछ में इंतजार कर सकता है लेकिन खेती पर आत्मनिर्भरता में नहीं।

सिंगापुर अब एशिया का प्रोटीन धुरा बनने की योजना बना रहा है। इसके लिए 36 कंपनियों ने कृत्रिम मांस उत्पादन के लिए 21.3 करोड़ डॉलर का निवेश किया है, जिसे ह्यसैल्युलर एग्रिकल्चरह्ण भी पुकारा जाता है। इनके अलावा इस क्षेत्र में काफी नव-उद्यम स्थापित हो रहे हैं। पहले से वहां 17 व्यापारिक कंपनियां वनस्पति आधारित प्रोटीन उत्पाद बेच रही हैं। इसलिए अब कृत्रिम मांस उत्पादन की राह पकड़ना तय था। बतौर पहला कदम, अमेरिका स्थित ह्यगुड मीटह्ण ऐसी पहली कंपनी है, जिसने सिंगापुर के कृत्रिम मांस नियामक नियमों को पूरा कर दिखाया है। दिसम्बर, 2020 से यह कंपनी वहां कृत्रिम-चिकन मांस बेच रही है। इसने घोषणा की है कि अगले कुछ सालों में 13,000 टन कृत्रिम गोमांस भी बनाने लगेगी, जिससे पशुओं को काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक अन्य अमेरिकी कंपनी ह्यईट जस्टह्ण ने भी कृत्रिम चिकन मांस बेचना शुरू किया है, हालांकि आरंभिक कीमत ऊंची होने की वजह से बिक्री ज्यादा नहीं है। पर इन कंपनियों को उम्मीद है कि आने वाले सालों में जैसे-जैसे उत्पादन क्षमता बढ़ेगी वैसे-वैसे लागत कम होती जाएगी।

जो भी है, ये कंपनियां पशुधन आधारित उद्योगों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन पर बनी चिंताओं का दोहन कर रही हैं। नेचर नामक वैज्ञानिक पत्रिका में छपा एक अध्ययन बताता है कि वैश्विक तापमान नियंत्रित करने की खातिर इंसानों को भोजन और तकनीक के क्षेत्र में बदलाव लाना आवश्यक है। इसके लिए, गोमांस की खपत में 75 फीसदी की कमी तो सूअर मांस में 90 प्रतिशत और अंडों की रोजाना खपत आधी करनी पड़ेगी। जबकि हकीकत यह है कि मांसाहारी उत्पादों की खपत बढ़ती जा रही है। अमीर मुल्कों में गाय और सूअर के मांस की खपत बहुत ज्यादा है। यह भी एकदम साफ है कि जीवनशैली में ऐसा कोई बदलाव, जिसमें खानपान की आदतें बदलनी पड़ें, कर पाना बहुत कठिन है। इसलिए, कंपनियों का दावा है, केवल कृत्रिम मांस उत्पादन अपनाने से ही जैव-विविधता बच पाएगी, पशुपालन में प्रयुक्त भूभाग बचेगा और पर्यावरण पर पड़ने वाला दुष्प्रभाव घटेगा।

पिछले 50 सालों में, मांस की खपत दोगुणी हो गई है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# यूरिक एसिड पर कंट्रोल करेंगे ये फ्रूट्स

**अभय कुमार सिंह**



**शरीर** में यूरिक एसिड का उच्च स्तर गठिया जैसे विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों का कारण बन सकता है। वहीं, संतुलित आहार खाना बेहद आवश्यक होता है जिसमें काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, अच्छे और स्वस्थ फैटी एसिड, विटामिन और खनिज जैसे सभी आवश्यक पोषक तत्व शामिल होते हैं।

यूरिक एसिड रक्त में पाया जाने वाला एक रसायन है जो तब बनता है जब आपके शरीर में प्यूरीन नामक पदार्थ टूटता है। प्यूरीन मटर, पालक, मशरूम, सूखे सेम और यहां तक कि बीयर जैसे खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। शरीर में यूरिक एसिड का उच्च स्तर गठिया जैसे विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों का कारण बन सकता है। वहीं, संतुलित आहार खाना बेहद आवश्यक होता है जिसमें काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, अच्छे और स्वस्थ फैटी एसिड, विटामिन और खनिज जैसे सभी आवश्यक पोषक तत्व शामिल होते हैं। रक्त में उच्च यूरिक एसिड स्तर से पीड़ित लोगों को सही और स्वस्थ खाद्य पदार्थ लेने में थोड़ी मुश्किल होती है, जिन्हें वे अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

बेरीः बेरीज जैसे स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्बेरी में एंटीथोकायनिन नामक पदार्थ से बने एन्टीइनफ्लैमटरी गुण होते हैं। यह विशेष पदार्थ उच्च यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में फायदेमंद और सहायक हैं। यह यूरिक एसिड को क्रिस्टलीकरण करने और जोड़ों में जमा होने से रोकता है जो बाद में संयुक्त दर्द को जन्म दे सकता है। साथ ही, इनमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है जो रक्त में यूरिक एसिड को कम करने में मदद करता है।

चेरीःशरीर में यूरिक एसिड के उच्च स्तर से पीड़ित लोगों के लिए सही प्रकार के फलों को चुनना यूरिक एसिड के स्तर को बनाए रखने में मदद कर सकता है। यह हमेशा सुझाव दिया जाता है कि शरीर में यूरिक एसिड के बढ़े स्तर से पीड़ित होने पर आहार में किसी भी खट्टे फल को शामिल न करें। चेरी खाने का एक और कारण है कि वे एसिड को बेअसर कर देते हैं और सूजन और दर्द को रोकने में मदद करते हैं।

सेबःअपने आहार में सेब को शामिल अवश्य करें। चूंकि सेब मैलिक एसिड से समृद्ध होते हैं इसलिए वे रक्त प्रवाह में यूरिक एसिड को बेअसर करते हैं। इससे उन रोगियों को राहत मिलती है जो उच्च यूरिक एसिड की स्थिति से पीड़ित हैं।

ककड़ी और गाजरः अगर आपके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा अधिक है तो गाजर और खीरा स्वास्थ्य इसके लिए बहुत अच्छा माना गया है।

गाजर एंटी-ऑक्सिडेंट में बेहद समृद्ध हैं जो एंजाइम के उत्पादन को नियंत्रित करने में अच्छा होता है। अपने उच्च फाइबर सामग्री के कारण, वे यूरिक एसिड सामग्री को शरीर से बाहर निकालने में भी सहायक होते हैं।

## कॉर्टून वर्ल्ड

### अफगानिस्तान में औरत की जिंदगी



साभार: कॉर्टून मूवमेंट डॉट काम

स्पीड न्यूज

## हाजी उस्मान साहब पत्नी सहित मक्का के लिए हुए रवाना

**बरही।** प्रखंड के डुमरियाडीह गरजामो के हाजी उस्मान साहब एवं उनकी पत्नी कुलसुम खातून डुमरियाडीह गरजामो से मक्का उमरा के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर मिलाद शरीफ पढ़ने के बाद बरही पूर्वी पूर्व जिला परिषद् सदस्य मुनेजा खातून एवं अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति विधानसभा अध्यक्ष मो कयूम के नेतृत्व में फूल माला बरसाते हुए पूरे गावँ का भ्रमण करके रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अब्बास अंसारी, अब्दुल राउफ, मंसूर आलम, मो सुलेमान, अलाउद्दीन साहब, मो मकबूल साहब, अब्दुल कलाम, मो समीम, मो नईम, अब्दुल कैयूम, गुलाम अजहर, मो खलील, सिकंदर अंसारी, फातमा खातून, असमा खातून, दौलत मियां, अकबर मियां, अब्दुल कुदुस, अब्दुल लतीफ, आजाद अली सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहें।

## संत कोलंबा महाविद्यालय का कुलपति ने किया औचक निरीक्षण

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने शनिवार को संत कोलंबा महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। डॉ. देव ने प्राचार्य डॉ विमल रेवन से महाविद्यालय की वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्राचार्य से कहा कि कॉलेज परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए अति शीघ्र मास्टर प्लान तैयार कर विश्वविद्यालय कार्यालय में समर्पित करें। कुलपति डॉ देव ने कहा कि 124 वर्षीय संत कोलंबा कॉलेज की पहचान पूरे देश में अग्रणी पंक्ति में रही है। इसके गौरव और गरिमा को बचाए रखना सभी का दायित्व है। इस क्रम में पूरे परिसर का सुंदरीकरण पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने पेयजल एवं सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही यह भी कहा कि यूजीसी के आलोक में निर्धारित समय का पालन करना सुनिश्चित करें तथा कक्षाएं नियमित चले। क्लास अगर नियमित नहीं चलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभावि के वित्त सलाहकार सुनील कुमार सिंह ने प्राचार्य को वित्तीय अनुशासन को दुरुस्त रखने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि वित्तीय कार्यशैली की पारदर्शिता बनी रहे इसका भी ध्यान रखा जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान कॉलेज में परीक्षाएं चल रही थी। साथ में विश्वविद्यालय के रूसा नोडल ऑफिसर डॉ चंद्रशेखर सिंह भी उपस्थित थे।

## निर्वाचन पदाधिकारी ने पेट्रोलियम के पर्याप्त भंडारण का निर्देश दिया

**रामगढ़।** 23-रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत मतदान की तिथि 27 फरवरी 2023 को निर्धारित है। उप निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत संचालित सभी पेट्रोल/ डीजल पंप संचालकों/ मालिकों को 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के लिए मतदान की तिथि के पूर्व एवं मतदान के दिन के लिए पेट्रोल/ डीजल की आवश्यकता के अनुसार भंडारण सुरक्षित रखने एवं किसी भी परिस्थिति में मतदान हेतु व्यवहार में लाए जाने वाले वाहन में डीजल/ पेट्रोल की कमी ना हो या सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है।

## बैल चोरी को ले भुक्तभोगी ने भदानीनगर ओपी में दिया आवेदन

**भुरकुंडा( रामगढ़)।** ओपी क्षेत्र के चैनगड्डा में मवेशी चोरी की घटना बढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार की रात चैनगड्डा में रामगढ़-पतरातू फोरलेन के समीप विनोद महतो का बैल की चोरी हो गई। मामले को ले भुक्तभोगी ने भदानीनगर ओपी में लिखित शिकायत की है। आवेदन में विनोद महतो ने कहा है की दो बैल अगल बगल बंधे थे। रात करीब डेढ़ बजे उठा तो एक बैल गायब था। वहां गाड़ी के टायरों का और बैल के घसीटे जाने का निशान भी पाया गया। इसके बाद रात में ही भदानीनगर पुलिस को इसकी सूचना मैने दी।

उक्त जमीन को अंचल के द्वारा प्रकाश शर्मा के नाम से जमाबंदी कर दिया गया था, सीमांकन कराने के लिए स्थल पर पहुंचे सीईओ

# उच्च विद्यालय रोमी चंपाडीह स्कूल की जमीन बचाने को ग्रामीण हुए गोलबंद

### जमाबंदी निरस्त करने के लिए स्कूल प्रबंधक समिति एवं प्रधानाध्यापक ने डीसी को दिया आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पदमा।** पदमा प्रखंड अंतर्गत रोमी पंचायत के रोमी गांव में स्थित उच्च विद्यालय रोमी चंम्पाडीह स्कूल का जमीन खाता नंबर 32 प्लॉट नंबर है 1141 रकबा 1 एकड़ जमीन जो स्कूल के नाम से दर्ज है उक्त भूमि को अंचल अधिकारी के द्वारा प्रकाश शर्मा के नाम से जमाबंदी कर दिया गया था सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीएसएफ जवान प्रकाश शर्मा ने विभाग के द्वारा जमीन की मांग किए थे जिसमें अंचल अधिकारी के द्वारा आम इश्तेहार निकाला गया था जो कि समय सीमा के अंदर 2018 को स्कूल प्रबंधक समिति के अध्यक्ष राज कुमार मेहता एवं सचिव पीरु प्रसाद मेहता के द्वारा स्कूल के कागजातों के साथ आपत्ति



दर्ज कराया था उसके बाद लगभग चार-पांच वर्ष बीत जाने के बाद उसी भूमि पर प्रकाश शर्मा पिता जय लाल ठाकुर के नाम से जमाबंदी कर दिया गया जिसमें ग्रामीणों में काफी आक्रोश भी देखने को मिला

क्या कहते हैं ग्रामीण ग्रामीणों का कहना है आज से कुछ दिन पहले यहां काम करवाने के लिए आए थे जो कि ग्रामीणों के द्वारा बताया गया था कि यह स्कूल का जमीन है यह किसी तरह का ऐसा काम नहीं करो उसके बाद काम को बंद कर दिया गया था दूसरे दिन पूरे गांव समाज के लोग बैठे उन्होंने बताया कि यह जमीन स्कूल के नाम से है आपसे पहले भी यहां सेना से रिटायर लोगों को जमीन प्रस्तावित किया गया था लेकिन किसी ने जमीन नही ली यह जमीन स्कूल के नाम से है और जमीन पर स्कूल का ही रहेगा स्कूल ही एक ऐसी जगह है जहां से लोग पढ़ लिखकर देश की सेवा करते हैं और यह क्षेत्र का ऐसा स्कूल है जहां से सैकड़ों लोग सेना में एवं पुलिस में भर्ती होकर अपने देश और राज्य की सेवा कर रहे हैं यहां तक कि इस स्कूल का पढ़ा हुआ बच्चा साइंटिस्ट भी बनकर दिखाने का काम किया है और जो आज स्कूल के जमीन पर अपने नाम से जमाबंदी करा लिए हैं और किसी का बात नहीं सुन रहे हैं वह भी यही स्कूल से पढ़ लिखकर आज देश की सेवा कर रहे हैं

क्या कहते हैं स्कूल के प्रधानाध्यापक उन्होंने कहा कि उक्त भूमि को 1982 को राजपाल के नाम से निबंधित है 1984 में अंचल अधिकारी पदमा के द्वारा दाखिल खारिज किया गया केस संख्या 1 अभिलेख 13-14 को नक्शा बनाकर विद्यालय को अंचल अधिकारी के द्वारा प्राप्त है अंचल अधिकारी ने के द्वारा प्रकाश शर्मा को नाम से दर्ज जमाबंदी को निरस्त करने के लिए डीसी महोदय को ज्ञापन दिया हूं प्रबंधक समिति के अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद मेहता एवं सचिव पीरु प्रसाद मेहता ने बताया कि यह भूमि के बारे में 2018 में आम इस त्यौहार अंचल अधिकारी के द्वारा निकाला गया था जो कि स्कूल के कागजात के साथ में आपत्ति दर्ज कराया था जो कि लगभग चार-पांच वर्ष के बाद अंचल अधिकारी के द्वारा प्रकाश शर्मा के नाम से जो बंदी कर दिया गया जो समझ से परे है जो भूमि राजपाल के नाम एवं स्कूल के नाम से रजिस्ट्री के वाला डीड है वह भूमि को किसी और के नाम से जमाबंदी कर दिया जाना कही से उचित नही है।

## समर्पण दिवस के रूप में पं . दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनी



बैठक में शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** भाजपा मांडू मंडल कार्यसमिति द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में कुजू में शनिवार को मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रंजीत कुमार सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, जिला मंत्री राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा शामिल हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इसके बाद बैठक कर संगठन की मजबूती, बुथ समिति का गठन और पन्ना प्रमुख के चयन करने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही सभी मंडल के पदाधिकारी और शक्ति केंद्र प्रमुख से जल्द से जल्द पन्ना प्रमुख बनाकर मंडल में जमा करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, संचालन बालेश्वर महतो व धन्यवाद ज्ञापन अशोक कुमार ने किया। मौके पर मनोहर गुप्ता ,अंशु गुप्ता, उमेश चंद्र पटेल, रतन प्रसाद साहू, रवि साहू, विवेक कुमार गुप्ता, भीम महतो, डिंपल प्रजापति, अखिलेश प्रसाद, मुकेश महतो, आशीष कुमार, गणेश सोनी, ज्ञानी साव, रामानंद सिंह, शंकर महतो, फुलेश्वर साव, पंचित कुमार, सुखदेव सोनी, भागवत करमाली, छात्रधारी प्रसाद आदि मौजूद थे।

## डाड़ी प्रखंड के सभी बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनी



कार्यक्रम में शामिल

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष वकील कुमार महतो के नेतृत्व में बलसगरा के सभी बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पून्यतिथि मनाया गया। इधर रबोध पंचायत के ग्राम कोदवे रोयांग में भाजपा मंडल महामंत्री गुलचंद महतो के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पून्यतिथि पर फूल अर्पित कर याद किया गया।गुलचंद महतो ने कहा कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा समर्पण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता बिहारी प्रजापति, त्रिभुवन महतो,सुदय कुमार महतो, रंजीत कुमार महतो, बिनोद महतो, पच्चू कुमार, राजकुमार, दौलत महतो, बबीता देवी, रीता कुमारी, अनिता, सविता देवी एवं काफी संख्या में कार्यकताओं की उपस्थित थे।

## पंडित जी के बताये मार्ग पर चलें : सतीश

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के आवासीय कार्यालय जवाहर नगर भुरकुंडा में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भुरकुंडा मंडल के पालक सुखदेव प्रसाद, दक्षिण प्रमंडलीय ओबीसी मोर्चा के सह प्रभारी योगेश दांगी, एससी मोर्चा के जिला प्रभारी जुगल नायक, उपस्थित थें। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपाइयों ने पंडित



पुण्यतिथि के अवसर पर मौजूद भाजपाई

दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर की। मौके पर मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय की सोच को ले भाजपा की नीव रखी थी। पीएम नरेंद्र मोदी पंडित जी के बताए मार्ग पर चलकर विकाश और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा की पीएम मोदी की अगुवाई में भारत आज विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। श्री मिश्रा ने कहा की हमसभी संकल्प लेते हैं कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलकर भारत को अखंड भारत में पुनः स्थापित करेंगे।

श्री संकट मोचन मंदिर थाना चौक का 2 दिवसीय 51वां वार्षिकोत्सव आरंभ

## दो दिवसीय रामायण पाठ का भी शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** थाना चौक स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का 51वां दो दिवसीय वार्षिकोत्सव शनिवार को पूजा अर्चना के साथ आरंभ हुआ। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक सह मुख्य पुजारी धीरज परासर ने विधि पूर्वक हनुमान जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। उन्होंने बताया कि वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन पूजा अर्चना के साथ दो



पूजा अर्चना करते पुजारी

दिवसीय रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ। जिसका समापन रविवार को 9:45 बजे होगा। बताया कि वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन पूर्णाहूति के उपरांत महाआरती का आयोजन किया जाएगा। साथ ही हनुमान जी को 56 भोग का प्रसाद चढ़ाने के बाद भंडारे का वितरण किया जाएगा। वार्षिकोत्सव को सफ ल बनाने में कामदेव उपाध्याय, भूषण पांडे, उमेश पांडे, सूर्यकुमार मिश्रा, भास्कर पाठक आदि योगदान दे रहे हैं।

## बाइक सवार को कार ने लिया चपेट में, हुई मौत



दुर्घटनाग्रस्त कार

**कुजू।** ओपी क्षेत्र के सांडी रामाग्लास के समीप शुक्रवार की रात एक ब्रेजा कार ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। घटना स्थल पहुंची कुजू पुलिस ने शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। बताया जाता है कि राजधनी सीमेंट फैक्ट्री हेसला काम कर कठरेहवा बलसगरा निवासी भवानी महतो पिता बलदेव महतो अपनी बाइक संख्या जेएच24एफ- 9843 पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहा था। इसी बीच रामगढ़ की ओर जा रही ब्रेजा कार संख्या जेएच24जे-3701 ने अपनी चपेट में ले लिया।

## भाजपाइयों ने दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर मनाया समर्पण दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को भाजपाइयों ने समर्पण दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ओबीसी मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार व संचालन एससी सेल मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि पंडित दीनदयाल मां भारती के सच्चे सपूत थे। वे एक व्यक्ति मात्र नहीं, बल्कि मानवतावादी विचार की प्रतिमूर्ति थे। उनके विचार और चिंतन के बल पर ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। कहा कि दीनदयाल जी के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के दर्शन में भारत व सम्पूर्ण विश्व की समस्याओं का निराकरण समाहित है। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर व जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि भारत की धरा पर अनेक युग पुरुष पैदा हुए उनमें से एक पंडित दीनदयाल उपाध्याय भी रहें।उन्होंने जीवन पर्यन्त समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीबों, शोषितों व वंचितों के जीवन में खुशहाली व बदलाव लाने की लड़ाई लड़ी। कहा कि आज सामाजिक जीवन में एक नेता को भारत के लोकतंत्र और उसके नैतिक मूल्यों के आधार पर जीना चाहिए।मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया समशेर आलम, एससी सेल मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, अरविंद कुमार रामराज, अमित कुमार सिंह, पिंटू कुमार ठाकुर, रोहित केशरी, संतोष कुमार, बिरेन्द्र कुमार रवि, सरयू गोप, अशोक यादव, उमेश प्रसाद गुप्ता, ब्रह्मदेव यादव, पवन बरनवाल, कौशल निषाद, तापेश्वर ठाकुर, चन्द्रदीप कुमार यादव, किशोर ठाकुर, पंकज बरनवाल, भगीरथ यादव, दिलीप शर्मा, मुकेश कुमार, अरविंद कुमार, उपमुखिया मनोज कुमार उपाध्याय, शिवा निषाद, असलम अली उर्फ टिंकू, मो एहसान, मो यूसुफ, बिपिन कुमार सिन्हा, दीपू प्रजापति समेत अन्य भाजपाई कार्यकर्ता शामिल थे।

## सदर विधायक ने तीन बहनों को भेंट किया आकर्षक लहंगा

**दारू।** दारू प्रखंड क्षेत्र के दौरे के क्रम में सदर विधायक मनीष जायसवाल ने क्षेत्र की तीन बहनों को उनके शादी से पूर्व अपनी ओर से आकर्षक लहंगा भेंट किया। दारू खरिका निवासी कविता कुमारी, जिनगा निवासी दीपा कुमारी और अंजली कुमारी को उनके शादी से पूर्व लहंगा भेंट किया। ज्ञात हो की विधायक मनीष जायसवाल हजारीबाग क्षेत्र के



प0 दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाते भाजपाई

जरूरतमंद बहन/बेटियों को उनके शादी से पूर्व पिछले साल से लगातार लहंगा भेंट करते रहे हैं। जिससे बहन बेटी अपने अरमान को पूरा कर सके और शादी के उपलक्ष्य में अच्छे लहंगे के जोड़े पर शादी को यादगार बना सकें । इस मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू,प्रमुख कुमारी स्वेता, हरली पंचायत मुखिया फरजाना खातून , पंसस गीता देवी, अशोक कुशवाहा, जीतन प्रसाद, सुनील कुमार, सोनी देवी, इंद्रदेव कुशवाहा सहित कई लोग शामिल थे।

एक नजर में

## अपशिष्ट प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** एसभीएमजी फेज-2 के अंतर्गत ठोस एवम तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियांवयन हेतु शनिवार को प्रखंड सभागार में एक दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं वित्तीय वर्ष 2024- 25 के तरल वा अपशिष्ट पदार्थों का प्रबंधन किए जाने की योजनो ग्राम स्तरों पर मिशन गोल्ड में ठोस एवं तरल जिसमे सभी पंचायतों में अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य विभिन्न विभागों के अभिसरण पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ग्रामीण विकास विभाग पंचायती राज विभाग तथा अन्य विभागों से किया जाना है।

जिसको लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया प्रखंड के सभी पंचायतों के रोजगार सेवक पंचायत के मुखिया पंचायत सचिव जलसहिया आंगनबाड़ी के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कोनगारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजमोहन कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर कई पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्राथामिक विद्यालय करमाटांड अमनारी में पंचायत की मुखिया ने बांटी पाठ्य पुस्तक



मुखिया ने बांटी पाठ्य पुस्तक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** प्राथमिक विद्यालय करमाटांड अमनारी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच शनिवार को वर्ग कक्ष के अनुसार शैक्षणिक पाठ्य पुस्तक में कॉपी अनुसार का वितरण भराजो पंचायत की मुखिया स्वास्तिका कुमारी, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय महेश अग्रवाल वार्ड सदस्य ललिता कुमारी के द्वारा किया गया। कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं के बीच 190 शैक्षणिक किट का वितरण किया गया है। मुखिया ने शिक्षिका से कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे निर्धन परिवार से आते हैं, इसलिए सभी शिक्षक पूरे मनोयोग से बच्चों को शिक्षा प्रदान करें। वहीं उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन ससमय विद्यालय पहुंचकर ठीक से पढ़ाई करने की बात कहा। शैक्षणिक किट झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत बच्चों को वितरित किया जा रहा है। मौके पर प्रधानाध्यापिका रम्भा देवी, अध्यक्ष पूनम कुमारी, संयोजिका शीला कुमारी, नीतु देवी, प्रकाश सिंह, कृष्णा प्रसाद, रितलाल महतो, मो उमीर्ला समेत अन्य उपस्थित थे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ रूद्र महायज्ञ, शामिल हुए सदर विधायक



रूद्र महायज्ञ में शामिल हुए सदर विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारू।** दारू प्रखंड स्थित ग्राम जिनगा में श्री श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा -सह-रुद्र महायज्ञ का शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरूआत हुआ। जिनगा शिव मंदिर से गाजे-बाजे और ढोल- ताशे के साथ भक्ति भाव में लीन होकर भगवा ध्वज और महावीरी पताका लहराते हुए कलश यात्री सेवाने नदी पहुंचे। यहां 751 कलश यात्रियों ने जल उठाकर पुनः जिनगा मंदिर पहुंचकर यज्ञ स्थल पर कलश स्थापित किया। मौके पर कलश पूजन के दौरान नदी पर सदर विधायक मनीष जायसवाल विशेषरूप से शामिल हुए और फिर मंदिर प्रांगण में पहुंचकर आयोजकों का हौसला बढ़ाया। इस 7 दिवसीय महायज्ञ का समापन महाशिवरात्रि को विशेष पूजा-अर्चना के साथ होगा। इस दौरान हर दिन संध्या 7 बजे से भगवत कथा प्रवचन और 15 फरवरी को रात्रि जागरण का आयोजन होगा एवं 17 तारीख को विशाल भंडारे के साथ यज्ञ की पूणार्हुति होगी। कलश यात्रा के दौरान मुख्यरूप से प्रखंड प्रमुख कुमारी स्वेता, सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, जिनगा पंचायत मुखिया पिंकी देवी ,सोनी देवी, पूर्व मुखिया लक्ष्मी देवी , ठाकुर महतो, राजेन्द्र राम , कंचन पंडित, छोटन कुमार, कमल कुशवाहा, रमेश कुमार, जागेश्वर प्रसाद, उमेश प्रसाद, तुलसी प्रसाद, अशोक ठाकुर, विक्की कुमार , रवि कुमार, बबलू राम, वीरेंद्र यादव , सदर विधायक मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी, सहित सैकड़ों की संख्या में बच्चे, महिलाएं, और पुरुष शामिल थे।

## विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के शांतिपूर्ण, स्वतंत्र व निष्पक्ष क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत बनाए जाने वाले पुलिस क्लस्टर एवं विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान माधवी मिश्रा ने पुलिस क्लस्टर एवं मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से क्लस्टर/मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर चुनाव के मद्देनजर विभिन्न मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता



निरीक्षण करतीं

एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए । उन्होंने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ उपचुनाव के दौरान पुलिस क्लस्टर में पुलिस बल के रुकने हेतु अलग-अलग कमरों एवं चुनाव के मद्देनजर क्लस्टर में की जाने वाली अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

## स्पीड न्यूज

### बॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्‌घाटन



कैरो। युवा सद्भावना मंच कैरो के तत्वाधान में गजनी में बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसका शुभारंभ बीडीओ पवन कुमार महतो ने फीता काटकर किया। जिसमें गजनी पंचायत के टीम शामिल हुए। टूनार्मेंट में बतौर मुख्य अतिथि पवन कुमार महतो ने कहा कि जिला प्रसासन द्वारा युवक युवतियों के लिए खेल सहित अन्य कई प्रकार के आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से जुड़कर युवक युवती अपनी आर्थिक विकास के साथ साथ रोहगार से जुड़ सके। इतना ही नही बल्कि कौशल विकास के माध्यम से युवकों के अंदर छिपी प्रतिभा को निकालने का अवसर मिल सके इसके लिए जिला प्रसासन के साथ साथ प्रखण्ड प्रसासन भी हर सम्भव मदद कर रही है प्रखंड के युवकों व युवतियों के स्वागत है। बीडीओ ने प्रतियोगिता में शामिल सभी टीम को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामना दिया। मौके पर पंचायत मुखिया सुमन उरांव, पंचायती राज प्रखंड समन्वय आकाश कुंवर सहित खिलाड़ी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### हनहट में घर से स्कार्पियो चोरी

**कैरो/लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र के हनहट पंचायत अंतर्गत हनहट से स्कार्पियो वाहन चोरी का मामला प्रकाश में आया है।हनहट निवासी वसीम अकरम ने थाने में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों पर वाहन चोरी का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा कि 8 फरवरी को अपने घर के पीछे काला रंग का स्कार्पियो जेएच 01सी डब्लू 4840 खड़ा किया था। सुबह 9 फरवरी को घर पीछे गाड़ी खड़ी नही थी, तभी आस पास के लोगों से पूछताछ की तो कुछ लोगो ने बताया कि मदरसा के ओर से बरात से लौटने वक़्त काला स्कार्पियो 4840 मदरसा के ओर जाते देखा गया है। अकरम के आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 8/23 धारा 379 आईपीसी के तहत मामले की जांच थाना प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है।

### शिवरात्रि को ले शांति समिति की बैठक



**सेन्हा/लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु में शिवरात्रि को ले कर शान्ति समिति का बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि शिवरात्रि का त्योहार को सद्भवना और सौहार्द के साथ मनये साथ ही विभिन्न तरह का अन्य समस्याओं पर भी चर्चा किया गया। वही अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि सभी लोग क्षेत्र मर शान्ति और सौहार्द बनाये रखेंगे मोबाइल पर किसी तरह का गलत और आपत्तिजनक पोस्ट कर अफवाह नही फैलाएंगे साथ ही कहा कि पूजा में भक्ति गाना के अलावे अभद्र तथा भड़काऊ गाना नही बजाएंगे। जिसे किसी को ठेस पँहुचे वही पुलिस निरीक्षक बनारसी प्रसाद ने कहां की कोई भी त्यौहार को शांति पूर्वक हर्षोल्लाश के साथ मनाना चाहिये कुछ ऐसा गलती ना करें की त्यौहार के दौरान रंग में भंग हो क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाये रखने सभी का सहयोग आवश्यक है। आपसी भाईचारा को बढ़ावा दें यह सभी का कर्तव्य है। मौके पर बीडीओ अशोक चोपड़ा,सीओ पुलिस निरीक्षक बनारसी प्रसाद, विजय कुमार, थाना प्रभारी धनंजय पासवान, मुखिया शोभा देवी,पंचायत समिति सदस्य जफरुद्दीन अन्सारी के अलावे गाँव के गण्य मान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### पेड़ की कटाई को ले दो पक्षों में विवाद

सेन्हा/लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला ग्राम में आम पेड़ कटाई पर दो पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। मामला बदला ग्राम में घर के समीप लाल वीरेन्द्र नाथ शाहदेव का लगा फलदार आम पेड़ की कटाई बदला निवासी मुन्ना साहु एवं दोनो पुत्र परमेश्वर साहु पवन साहु के द्वारा किया गया। वहीं प्रथम पक्ष के द्वारा माना करने पर पूरे परिवार संयुक्त रूप से गली गलौज करते हुए मारने पर उतारू हो गये। मामला को विगडता देख लाल वीरेन्द्र नाथ शाहदेव ने पुलिस प्रशासन का सहारा ले लिखित आवेदन देते हुए थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को अवगत कराया। साथ ही कहा की पूरे परिवार लड़ाकू प्रवृति का है। इससे पूर्व भी गांव में कई परिवार से लड़ाई झगड़ा कर धमकी देते रहता है। पुलिस प्रशासन की बात बोलने पर कहता है। कि जहां जाना है जाओ किसी का मुझे परवाह नही है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान द्वारा आवेदन को संज्ञान में लेते हुए अग्रतर कार्रवाई किया जा रहा है।

### दीनदयाल को भाजपा ने दी श्रद्धांजलि



लोहरदगा। जिला भाजपा के तत्वधान में राजा बंगला स्थित चिल्ड्रन पैराडाइज विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। जिला अध्यक्ष मनीर उराव ने कहा कार्यकर्ता दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारधारा एकात्म मानववाद को आगे बढ़ाते हुए समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास की किरण को पहुंचाने का कार्य करते हैं। आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एकात्म मानववाद और अंत्योदय को देश के प्रत्येक कोने तक पहुंचा रहे हैं। उन्हीं की विचारधारा से ओतप्रोत नरेंद्र मोदी की योजनाएं समाज में बैठे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं।

### यूनिफाईड कमांड की बैठक में कई निर्णय



लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को यूनिफाईड कमांड की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। इसमें मुख्य रूप से पेशरार, किस्को, सेन्हा आदि प्रखंडों में पथ, विद्युत व पेयजल की स्थिति से संबंधित योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई और समस्याओं के निराकरण से संबंधित निदेश दिये गये। पेशरार-बुलबुल पथ प्रगति लाने, मूंगो से जवाल पथ को मूंगो से जवाल होते हुए तुरियाडीह तक पथ का प्रस्ताव पीएमजीएसवाई योजना में लेने का निदेश ग्रामीण कार्य विभाग लोहरदगा को दिया गया। बैठक में सनई-हपात पथ, दुंदरू में पथ निर्माण और ओनगड़ा में पुल निर्माण की स्थिति पर चर्चा हुई व आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में एसडीओ को भूमि हस्तांतरण से संबंधित आवश्यक निर्देश दिये गये। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा के कार्यपालक अभियंता को पुलिस लाईन लोहरदगा में डीप बोरिंग की योजना का कार्य किये जाने का निर्देश दिया गया।

# लोक अदालत में 4578 मामले निष्पादित

**16 करोड़ से अधिक की वसूली**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** नालसा एवं झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें 4578 मामलों का निष्पादन किया गया जबकि 16 करोड़ 21 लाख 92 हजार रूपये का राजस्व की वसूली की गई। राष्ट्रीय अदालत में न्यायालय से संबंधित चार सौ मामले, मोटरयान दुर्घटना के 6 मामलों में मृतक के आश्रितों को 3825000 का चेक, बिजली संबंधित 26 मामलोंमें 568600 का राजस्व, बैंक लोन के 764 मामले में 9831750 की वसूली एवं भू अर्जन से संबंधित कुल 173 मामलों में 13 करोड़ 2 लाख 19 हजार रूपये के मामले निष्पादित किये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश लोलार्क दूबे, अपर सत्र न्यायाधीश चर्तुथ अंजनी अनुज, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार शर्मा, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अघन उरांव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश लोलार्क दूबे ने कहा कि आपसी समझौते के आधार पर लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन करे। इस अवसर पर डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष, एसडीजेएम प्रणव कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### लोहरदगा में 2308 वादों का निष्पादन



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल, डालसा उपाध्यक्ष -सह- उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार, बार के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी ने संयुक्त रूप से किया। मोटर व्हीकल एवं सिविल वादों, 107,133,144 आदि मामले के निपटारे हेतु न्यायिक दंडाधिकारी -सह- निबंधक राज कल्याण के नेतृत्व में बेंच संख्या 4 एवं बैंक संबंधित वादों के निष्पादन के लिए न्यायिक दंडाधिकारी पूजा कुमारी लाल के नेतृत्व में बेंच संख्या 5 का तथा उपभोक्ता संबंधित मामलों के लिए बेंच संख्या 6 का गठन नन्दलाल प्रसाद के नेतृत्व में किया गया था। लोक अदालत में कुल 2308 केसों का निष्पादन किया गया जबकि 15373973 रूपए की वसूली अर्थदंड के रूप में की गई। निस्तारित किए गए वादों में कुल 103 वाद न्यायालय में लंबित थे।

# सभी गांवों को थ्री स्टार रेटिंग तक पहुंचाएं : डीसी

**सांसद आदर्श ग्राम व रूर्बन मिशन योजनाओं की समीक्षा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अधिकारियों के साथ बैठक करते गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में रूरबन मिशन एवं सांसद आदर्श ग्राम अंतर्गत चल रहे योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने योजना अंतर्गत सभी ग्रामों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आवश्यक दिशा निर्देश दिया। रूरबन मिशन अंतर्गत करौंदी एवं तेलगांव पंचायत में चल रही योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कृषि विभाग अंतर्गत केसीसी में दोनों पंचायतों में 170 किसानों की केसीसी को स्वीकृति प्रदान करते हुए 76,45,000 रुपए की ऋण का भुगतान कर दिया गया है।

वहीं प्रधान मंत्री किसान योजना अंतर्गत 327 में से 277 किसानों का ई केवाईसी कर दी गई है। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना अंतर्गत 532 ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हो चुकी है तथा ऋण माफी योजना अंतर्गत 184 किसानों के लक्ष्य में से शत प्रतिशत किसानों का ऋण माफ किया गया है। उपायुक्त ने इंटीट्यूशनल डिलीवरी को बढ़ावा देने, सभी हेल्थ सबसेंटर में सभी प्रकार की प्राथमिक चिकित्सा उपचार एवं जांच करवाना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने उक्त पंचायतों में पंचायत भवन, लाइब्रेरी, प्रज्ञा केंद्र, सामुदायिक भवन आदि की वर्तमान स्थिति एवं कार्यात्मक स्थिति के बारे में डिटेल जानकारी की मांग की। सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत विशुनपुर , घाघरा, गुमला, रायडीह एवं पालकोट के चिन्हित ग्रामों में वीडीपी के तहत चलाए जा रहे सभी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को सांसद ग्रामों में वर्ष में कम से कम 2 बार खेती को बढ़ावा देने हेतु वहां के किसानों को जागरूक एवं प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि किसानों को सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजना एवं पेंशन योजना से आच्छादित करे। उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि सांसद आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत सभी ग्रामों को कम से कम 3 स्टार रेटिंग की श्रेणी में लाना है। जिसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए युद्ध स्तर पर कार्य करें। बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन ,जिला कृषि पदाधिकारी ,जिला उद्यान पदाधिकारी , श्रम अधीक्षक के अलावा अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### रैयतों के पैसा देने के लिए लगा कैंप

**गुमला।** जिला भू अर्जन कार्यालय द्वारा एनएच 23 ( पलमा- गुमला ) परियोजना अंतर्गत क्षतिपूर्ण राशि के भुगतान हेतु कैंप बख्तर साय इंडोर स्टेडियम में लगा। इस दौरान उपायुक्त सुशांत गौरव ने कैंप का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी काउंटर पर जा कर कर्मियों से बात चीत की एवं उनके द्वारा किए जा रहे सहयोग के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी रैयतियों से भी मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया। अब तक एनएच 23 ( पलमा- गुमला ) परियोजना अंतर्गत सिसई, भरनो एवं गुमला प्रखंड से 28 गांव के रैयतियों के बीच 335 करोड़ राशि की विरुद्ध अब तक 267 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। आवंटन की प्रक्रिया अभी भी जारी है। आज के कैंप में सैंकड़ों की संख्या में रैयतियों की उपस्थिति रही एवं कैंप के दौरान विवादित मामलों को छोड़ कर सभी का ऑन द स्पॉट मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया। जिसके कारण सभी लोगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। इस दौरान जिला भू अर्जन पदाधिकारी , सभी बैंक के कर्मी, सभी अंचल के कर्मी के अलावा संकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थित थे।


### रैयतों के पैसा देने के लिए लगा कैंप

**गुमला।** जिला भू अर्जन कार्यालय द्वारा एनएच 23 ( पलमा- गुमला ) परियोजना अंतर्गत क्षतिपूर्ण राशि के भुगतान हेतु कैंप बख्तर साय इंडोर स्टेडियम में लगा। इस दौरान उपायुक्त सुशांत गौरव ने कैंप का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी काउंटर पर जा कर कर्मियों से बात चीत की एवं उनके द्वारा किए जा रहे सहयोग के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी रैयतियों से भी मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया। अब तक एनएच 23 ( पलमा- गुमला ) परियोजना अंतर्गत सिसई, भरनो एवं गुमला प्रखंड से 28 गांव के रैयतियों के बीच 335 करोड़ राशि की विरुद्ध अब तक 267 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। आवंटन की प्रक्रिया अभी भी जारी है। आज के कैंप में सैंकड़ों की संख्या में रैयतियों की उपस्थिति रही एवं कैंप के दौरान विवादित मामलों को छोड़ कर सभी का ऑन


# पिता के मौत और मां के दूसरे विवाह के बाद चार बच्चे अनाथ

**प्रशासन से बच्चियों की शिक्षा की व्यवस्था करने की मांग**



**गुमला।** विशुनपुर प्रखंड के समदरी गांव निवासी संजु मुंडा की मौत के बाद उसके चार बच्चे अनाथ हो गये हैं और पूरा परिवार बिखर गया है। पति के मौत के बाद पत्नी कुबड़ी देवी ने चार साल पहले दूसरा विवाह कर लिया। जिसे मृतक संजु मुंडा के बच्चे दर-दर के ठोकर खाने को विवश हैं। दो बच्चियां मां के साथ पालकोट प्रखंड के अंबेराडीह गांव में मामा भोला मुंडा के साथ रह रही हैं। जबकि बेटा मंतोष मुंडा मौसी के साथ गुमला प्रखंड के गिंडरा गांव में रह रहा है। सबसे बड़ी बेटी मयंती दादा-दादी के साथ समदरी में रह रही है। मंतोष मुंडा व मयंती का जीवन तो कुछ हद तक अदा गुजर रहा है लेकिन दो बच्चियां पिंकी व रिंकी का जीवन कष्टों से भरा है। हालांकि मामा भोला मुंडा उनके पालन-पोषण में कोई कमी नहीं कर रहा है। माता-पिता के नहीं रहने के कारण बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बच्चों के भविष्य को लेकर स्थानीय लोग चिंतित हैं। स्थानीय लोगों व परिवार के अन्य सदस्यों ने दोनों बच्चियों की उचित शिक्षा व अन्य सुविधाएं दिलाने की मांग प्रशासन से की है। रिंकी व पिंकी फिलहाल राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय अंबेराडीह में पढ़ रही। बच्चियों के सुरक्षित भविष्य को देखते हुए उन्हें कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन कराने की अपील गांव के लोगों ने की है। वहीं अंबेराडीह स्कूल का भवन भी काफी जर्जर है जो कभी भी धाराशायी हो सकती है।

### जनप्रतिनिधियों ने पालकोट बीडीओ पर लगाया अभद्र व्यवहार का आरोप



**गुमला।** पालकोट प्रखंड के जनप्रतिनिधियों और आमलोगों ने बीडीओ पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को डीसी व डीडीसी को ज्ञापन सौंपा और बीडीओ के तत्काल स्थानांतरण की मांग की। डीसी से मिलकर शिकायत करने वाले जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बीडीओ मनीष कुमार जब से हैं। उनका ब्यवहार जनप्रतिनिधियों के साथ- साथ आमलोगों के साथ भी अच्छा नहीं है। आमलोगों को उनसे मुलाकात करने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। प्रखंड के सभी विकास योजनाओं में पैसे की मांग की जाती है। आवेदन में कहा गया कि पालकोट दक्षिणी भाग की मुखिया को जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए अपमानित किया है। डीडीसी हेमंत सती ने कहा कि बीडीओ ऐसा व्यवहार किये हैं तो मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं मौके पर मौजूद पालकोट के प्रमुख सोनी लकड़ा, उप प्रमुख, कांति केरकेट्टा, जुसफिन केरकेट्टा सहित कई मुखिया मौजूद थे।

# लोहरदगा में कृषि मंत्री का पुतला व्यापारियों ने फूंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोहरदगा।झारखण्ड सरकार द्वारा पारित कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 के खिलाफ नगर क्षेत्र के बरवा टोली चौक में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का पुतला दहन किया गया।पुतला दहन के बाद पूर्व अध्यक्ष सह लोहरदगा राइस मिल के मालिक अभय अग्रवाल ने कहा कि सरकार को अविलम्ब कृषि कानून को वापस लेना चाहिए तथा बाजार समिति भी भंग किया जाना चाहिए। यदि सरकार व्यापारियों की बात को नहीं मानता है और इसी तरह अहितकारी काला कानून को लागू करने की हठ धर्मिता बनाये रखता है तो हम व्यापारी भी अपने जिद्द में कायम हैं तथा 15 फरवरी से सम्पूर्ण खाद्यान व्यापार ठप रहे इसके लिये हम सभी व्यापारी एकजुट हैं।वहीं लोहरदगा चैम्बर अध्यक्ष रितेश कुमार ने बतलाया कि कृषि कानून के विरोध व सरकार द्वारा वापस लिये जाने का जोरदार दबाव बनाते हुए फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अगुवाई में झारखण्ड के सभी खद्यान व्यापारी अपना सम्पूर्ण ताकत झोंकने के लिये कटिबद्ध है। अतः आगामी आनेवाले दिनों में विधायकों व मंत्री का घेराव, धरना प्रदर्शन, राज्य सरकार व केंद्र सरकार से पत्राचार से लेकर हर वह कदम उठायेगी जिससे झारखण्ड सरकार को यह काला कानून वापस लेने का दबाव बने।

**कृषि कानून वापस नहीं लेने पर होंगे दूरगामी परिणाम : चेंबर**

सह सचिव अनीश मित्तल ने कहा कि इस काले कानून को सरकार जल्द वापस ले। पुतला दहन कार्यक्रम में चैम्बर कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र कुमार, उत्तम कुमार, पीयूष केशरी, दीपक पोद्दार, चन्दन गोयल, लोकेश प्रसाद सदस्य दीपक जायसवाल, मनीष कुमार गुड्डू, अमित अग्रवाल, लव कुश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, भोला अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, रवि अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, गुंजन गोयल, आशीष कुमार मित्तल, देवाशीष अग्रवाल गुड्डू, कुशल मित्तल, भानु प्रताप अग्रवाल इत्यादि शामिल रहे।

## एक नजर में

### थाना प्रभारी ने किया अवैध जावा महुआ नष्ट



गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के लोहरदगा रोड रॉक गार्डन के समीप थाना प्रभारी विनोद कुमार ने शराब बेचने की सूचना पर एक घर में छापामारी की। जहां दो डब्बा महुआ जावा जब्त कर नष्ट किया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिली थी की शराबियों का जमावड़ा वहां लगता है और एक घर में महुआ की शराब बनाई जाती है। जिसको लेकर टीम गठित करते हुए रॉक गार्डन के समीप एक घर में छापेमारी की गई। जहां दो प्लास्टिक के डब्बे में शराब बनाने के लिए रखें महुआ जावा को नष्ट किया गया। वहीं बेचने वालों को चेतावनी दी गई है। अगर दोबारा शराब बेचने की सूचना मिलती है तो संबंधित लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### दीनदयाल की पुण्य तिथि पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि



गुमला। भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को पालकोट रोड स्थित कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर पूर्व विधायक श्री कमलेश उरांव व पूर्व जिलाध्यक्ष सबिन्द्र कुमार सिंह ने विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कमलेश उरांव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहा है। उनका जीवन हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी ,मिसिर कुजूर ,सुजीत नंदा ,दामोदर कसेरा ,निर्मल गोयल ,संजय साहू ,संदीप कुमार ,शैल मिश्रा ,कौशलेंद्र जमुवार ,सौरभ कुमार ,भूपन साहू ,मुनेस्वर साहू ,रवीन्द्र सिन्हा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जेजेएमपी ने मजदूर नेता को दी धमकी

गुमला। झारखंड जेनरल कामगार यूनियन के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने एसपी गुमला तथा थाना प्रभारी घाघरा को आवेदन देकर जेजेएमपी उग्रवादियों से अपने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगायी है। इस सम्बन्ध में सनिया उरांव ने कहा कि भैंसबथान बॉक्साईट माईंस के ग्यारह मजदूरों को पहले ही काम से हटा दिया गया है। इधर 39 और मजदूरों को खनन के काम से हटाने के लिए कंपनी विभिन्न प्रकार के हथकंडे अपना रही है। जिसका यूनियन के द्वारा विरोध किया जा रहा है। यही कारण है कि हिण्डालको प्रबंधन तथा उक्त माईंस के इंचार्ज आलोक यादव मजदूरों की आवाज को दबाने के लिए उग्रवादी संगठन का सहारा लेकर जेजेएमपी उग्रवादी रविन्द्र यादव से धमकी दिलवाया जा रहा है। आवेदन में उन्होंने कहा कि दिनांक 7 फरवरी 2023 को मोबाइल नं 7319666306 से कॉल करके दोपहर बाद क्रमशः 02.22 बजे, 02.23 बजे तथा 02.31 बजे तीन बार फोन करके घर में घुसकर जान से मार देने की धमकी दी गई है।

### खेल को कैरियर के रूप में अपनायें बच्चे



**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला में बार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन फुटबॉल मैच व पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। फुटबाल मैच तिलक दल और पटेल दल के बीच में हुआ। जिसमें तिलक दल एक गोल से विजयी रही। वहीं दूसरा मैच गांधी दल और नेहरू दल के बीच में हुआ। जिसमें गाँधी दल दो गोल से विजयी रहा। जबकि तीसरी मैच भगत दल और सुबास दल के बीच में हुआ। दोनों टीम बराबर पर रही। फिर से इनके बीच सोमवार को मैच किया जायेगा। बच्चों का मनोबल को ऊँचा करते हुए सांता पब्लिक स्कूल के डाइरेक्टर हेमंत कुमार ने कहा कि खेल को कैरियर के रूप में बच्चे लें। खेल से शरीर स्वास्थ्य रहता है। साथ ही मानसिक विकास भी होता है। स्कूल एक प्लेटफार्म है जहाँ आप अपने प्रतिभा को निखार सकते हैं। सांता पब्लिक स्कूल का लक्ष्य प्रत्येक बच्चा का सर्वांगीण विकास करना है। इस अवसर पर स्कूल के टीचर्स हिमा कुमारी, जासीन्ता बेक, अंकिता कुमारी, नोर्बेट बेक आदि उपस्थित थे।

### भाई व चाचा पर धमकी देने का आरोप

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के खोरा चैरअंबा गांव निवासी दिव्यांग कृष्णा गोप ने अपने चचेरे भाई व चाचा पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए गुमला थाना में लिखित शिकायत की है। रंथू ने कहा कि 7 जनवरी की शाम जब वह अपने घर पर था तब मेरा चचेरा भाई पंचु गोप पिता जगु गोप आया और कहने लगा कि मेरे हिस्से का जमीन हड़पना चाहते हो। तुम घर से बाहर निकलो नहीं तो घर से खींचकर जान से मारकर शव कहीं फेंक देंगे। वहीं दूसरे दिन मेरा चाचा आकर घर पर धमकी देकर गया। जिसे मेरे परिवार के लोग डरे सहमे हैं। कृष्णा गोप ने अपने चचेरे भाई व चाचा के खिलाफ थाना प्रभारी से कार्रवाईकी मांग की।

### बाइक व स्कूटी की टक्कर में तीन लोग घायल

**गुमला।** पालकोट रोड स्थित मंगल ढाबा के समीप शनिवार की शाम बाइक और स्कूटी के जोरदार टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती किया गया। शास्त्री नगर निवासी लक्ष्मण उरांव का पुत्र अभय कच्छप व करमा उरांव का पुत्र देवनारायण उरांव बाइक में सवार होकर तेज रफ्तार से जिला मुख्यालय आ रहे थे। इसी क्रम में टीवीएस को धक्का मारते हुए मुरकुंडा निवासी 35 वर्षीय स्कूटी सवार अजय साहू को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना तेज था कि बाइक का अगला चक्का ब्लास्ट हो गया। वहीं तीनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक अजय कच्छप चला रहा था। घटना में अजय को हाथ में देवनारायण को सिर में और अजय साहू को पैर में गंभीर चोट लगी है। तीनों घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया।

### बिना इलाज के घायल को दी गई रिम्स से छुट्टी



**गुमला।**थाना क्षेत्र के करमडीपा के पास 7 जनवरी को सड़क दुर्घटना में घायल हुए चैनपुर के उरू बारडीह निवासी 45 वर्षीय सुभाष लकड़ा को बिना इलाज के ही रिम्स से छुट्टी दे दी गई। दुर्घटना के बाद घायल को रिम्स इलाज के लिए भेजा गया था। जहां सर में चोट लगने के कारण घायल बेहोशी की हालत में थी। रिम्स के चिकित्सक ने परिजनों से पूछा कि घायल का क्या करना है तो न समझ परिजन यह कह बैठे कि आप जो उचित समझे। जिसके बाद बिना इलाज के ही चिकित्सक ने मरीज को छुट्टी दे दी तो परिजनों ने विरोध किया लेकिन उसे वहां से ले जाने के लिए कह दिया गया। जिसके बाद परिजन घायल को लेकर गुमला में इलाज के लिए भर्ती कराया।

### खिलाड़ियों ने मनाया फादर पीपी का जन्मदिन

गुमला। स्पोर्टस एकेडमी गुमला के खिलाड़ियों ने शनिवार को खेल नगरी के रूप में गुमला को पहचान दिलावने वाले फादर पीपी वनफल का जन्म दिवस परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में मनाया। एकेडमी के सचिव जुन्नू रैन ने कहा कि खेल के क्षेत्र में गुमला को फादर वनफल ने जिन उंचाईयों पर पहुंचाया है वह एक कीर्तिमान है। फादर वनफल के प्रयास से जिले में एथलेटिक्स के क्षेत्र में कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बने। उन्होंने कहा कि फादर बनफल स्पोर्ट्स एकेडमी के बच्चों को बहुत प्यार करते थे और अपने जीवनकाल विशेष रूप से खिलाड़ियों को सम्मानित किया। जुन्नू रैन ने कहा कि स्पोर्ट्स एकेडमी की गुमला में पहचान है फादर वनफल की ही देन है। इस अवसर पर हैंडबॉल प्रतियोगिता और 200 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें स्पोर्टस एकेडमी के सभी प्रतिभागी शामिल हुए। जिसके विजेता व उपविजेता प्रतिभागी को सम्मानित किया।

# थैंक्यू....कर्नल अजय कपूर, आपने मिशनरी मोड में पूरा किया रांची-टाटा एनएच निर्माण

■ जमशेदपुर सिटिजन फोरम ने किया एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कर्नल अजय एस कपूर का भव्य अभिनंदन
■ स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना के निदेशक अशोक दास का भी अभिनंदन हुआ
■ एनएच-33 के किनारे बसे गांवों में यातायात नियम बताना जरूरी : कर्नल अजय

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** रांची-जमशेदपुर एनएच-33 को समय पर पूरा करने के विशेष दायित्व के साथ भारतीय सेना से विशेष प्रतिनियुक्ति पर आये राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के जनरल मैनेजर सह प्रोजेक्ट डायरेक्टर कर्नल अजय एस कपूर 28 फरवरी को भारतीय सेना से सेवानिवृत होने जा रहे हैं। इसके साथ एनएचएआई में उनकी प्रतिनियुक्ति भी पूरी हो जायेगी। अगस्त 2020 में पद संभालने के बाद प्रोजेक्ट की तमाम बाधाओं को पार करते हुए कर्नल कपूर ने चांडिल-महुलिया एनएच-33 प्रोजेक्ट को समय पर पूरा कराने में कामयाब रहे। इससे रांची से जमशेदपुर सड़क मार्ग से पहुंचने में तीन घंटे की जगह अब डेढ घंटे का समय लग रहा है। कर्नल अजय एस कपूर को पारडीह कालीमंदिर से बालिगुमा तक डबल डेकर फ्लाई ओवर की प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं डिजाइन बनवाने एवं एप्रूवल के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नीतिन गड़करी के दफ्तर में फाइल करने का भी श्रेय जाता है। डबल डेकर फ्लाई ओवर 1800 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। कर्नल अजय एस कपूर की इन्हीं उपलब्धियों को मद्देनजर आज जमशेदपुर सिटिजन फोरम की ओर से सपत्नीक उनका श्रीकृष्ण सेवा संस्थान में नागरिक अभिनंदन किया गया। उनके साथ जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर और स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अशोक कुमार दास का भी नागरिक अभिनंदन किया गया। जमशेदपुर सिटिजन फोरम के महासचिव हरिबल्लभ सिंह और बीएन दीक्षित ने आरसी ने दोनों उच्चाधिकारियों को श्रीफल, स्मृति चिह्न देकर एवं शॉल ओढ़ा कर उनका नागरिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर फोरम के उपाध्यक्ष एवं केके बिल्डर्स के एमडी विकास सिंह भी मौजूद थे।

केके बिल्डर्स के एमडी विकास सिंह ने कहा कि अगर कर्नल साहब न होते तो पारडीह से बालिगुमा तक एनएच का निर्माण अभी तक पेंडिंग रहता। हर समस्या का समाधान उनके पास था।



कर्नल अजय एस कपूर एवं श्रीमती कपूर का अभिनंदन करते सिटिजन फोरम के बीएन दीक्षित और जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर अशोक दास का अभिनंदन करते हरिबल्लभ सिंह आरसी। साथ में फोरम के उपाध्यक्ष विकास सिंह।

## एनएच-33 के किनारे बसे गांवों में यातायात नियम बताना जरूरी : कर्नल अजय

अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कर्नल अजय एस कपूर ने जमशेदपुरवासियों से मिले प्यार और स्नेह के लिए आभार प्रकट किया और कहा कि यहां की मधुर यादें उनके जेहन में ताउम्र बनी रहेंगी। उन्होंने अपने प्रोजेक्ट की सफलता का श्रेय अपनी टीम और वेंडर पार्टनर आइटीएल और केके बिल्डर्स की टीम को दिया। खासकर उन्होंने जमशेदपुर के शहरी इलाके प्रांचीन काली मंदिर, पारडीह से बालीगुमा तक फोर लेन की सड़क पूरा करने में केके बिल्डर्स के एमडी विकास सिंह से मिले सहयोग और समर्पित काम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कर्नल अजय एस कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि एनएच-33 पर गति सीमा 80 किमी प्रति घंटा निर्धारित है। वाहन चालकों को इस गति सीमा का पालन करना चाहिए अन्यथा दुर्घटनाएं होती रहेंगी।

**सही अधिकारी को जवाबदेही देने पर चमत्कार होता है : ई. अशोक दास**

कार्यक्रम को स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना के निदेशक एवं जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर अशोक कुमार दास ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि निश्चित रुप से रांची-टाटा एनएच-33 को बनाने में कठिन चुनौतियां थीं जिसका बखूबी सामना कर्नल अजय कपूर ने किया इसके बावजूद अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता की बदौलत वे प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करवाने में सफल रहे हैं जिसकी प्रशंसा वाजिब है। सरकार जब जिम्मेवार पदों पर सक्षम अधिकारियों को बैठाती है तो उसके बेहद सकारात्मक नतीजे आते हैं,कर्नल कपूर का शानदार कार्य प्रदर्शन जीवंत उदाहरण है। अशोक दास ने कहा कि चांडिल डैम की ऊंचाई बढ़ाने के साथ-साथ ईचा बांध का निर्माण तेजी से किया जायेगा।

स्पीड न्यूज

## आज बारीडीह में नशा के बढ़ते कारोबार के खिलाफ हल्ला बोल

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्र में नशा का अवैध कारोबार चरम पर है। नशा के कारण शहर में अपराध का ग्राफ भी बढ़ रहा है। शहर की युवा पीढ़ी में तेजी से नशे की लत फैल रही है। वहीं 15 से 25 वर्ष के युवा वर्गों में नशे की लत तेजी से फैल रही है। यह नशा शराब या सिगरेट का नहीं है, बल्कि ब्राउन शुगर, गांजा, डेंडराइट और नशीली दवाओं का है। इस तरह के नशा करने की वजह से युवाओं की मानसिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। युवाओं में नशे के दुष्प्रभाव को लेकर दीनदयाल सेवा संघ लगातार नशा विरोधी जागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में, रविवार को दीनदयाल सेवा संघ एवं सामाजिक संस्था कोशिश 'एक मुस्कान लाने की' के संयुक्त तत्वावधान में बारीडीह दुगार्पूजा मैदान में संध्या 4 बजे हल्ला बोल कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। इस दौरान पैदल यात्रा सह जागरूकता मार्च के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभाव पर सचेत किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर शनिवार को दीनदयाल सेवा संघ की महत्वपूर्ण बैठक गोलमुरी में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष शशिकांत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संरक्षक शिवशंकर सिंह, महामंत्री सतीश मुखी, अंशुल कुमार एवं भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत कुमार मुख्यरुप से शामिल हुए। बैठक में अभियान की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया गया। संस्था के संरक्षक शिवशंकर सिंह ने बताया कि पूरी दुनिया नशे की लत के खतरे का सामना कर रही है, जिसका व्यक्ति, परिवार और समाज के एक बड़े वर्ग पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि शहर में नशा के उपयोगकर्ता बढ़े हैं, जिनमें बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता वयस्क आयु वर्ग के हैं। लिहाजा हमें नशा मुक्त अभियान के उद्देश्य को लेकर लोगों तक पहुंचना होगा। उन्होंने रविवार को होने वाले नशा विरोधी अभियान में अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने और मुहिम को बल देने की अपील की।

## श्रीगौशाला के सदस्यों ने लिया काऊ हग डे मनाने का निर्णय

**मेदिनीनगर।** श्री गौशाला पलामू के कोर सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में भारतीय पशु कल्याण बोर्ड की ओर से जारी अपील का का स्वागत किया गया । सरकार को धन्यवाद दिया गया कि 14 फरवरी वैलेंटाइंस डे को एक नया रूप दे कर भारत में मनाने का संकल्प लिया गया है। 14 फरवरी के दिन हम अपनी परम जननी, त्याग की प्रतिमूर्ति , गौ माता को समर्पित करते हुए काऊ हग डे अर्थात गाय को गले लगाने के दिवस के रूप में मनाएंगे। बैठक में सदस्य इंद्रजीत सिंह डिंपल ने सभी सदस्यों को बताया कि एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया की अपील पर पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा निर्देश जारी किया है कि 14 फरवरी को काऊ हग डे के रूप में मनाया जाए। कहा कि गाय हमारी संस्कृति और धर्म को प्रतिबंधित करती है । उसका दूध, गोबर, मूत्र सभी कुछ हमारे काम आता है और उसे ममता और मातृत्व का प्रतीक माना जाता है । इसी को मुख्य रखते हुए सरकार ने यह अपील जारी की है ताकि आने वाले समय में हम गौ माता के साथ लगाव पैदा कर सकें, और उसका संरक्षण संभव हो सके। बैठक में गौशाला के अध्यक्ष एडवोकेट अनिल पांडे ने इसका स्वागत करते हुए इसे पलामू स्थित गौशाला में मनाने का निर्णय लिया। सचिव और सभी सदस्यों में उसका अनुमोदन किया। 14 फरवरी को प्रातः से ही गो पूजन का कार्यक्रम किया जाएगा, 11 बजे दोपहर में शहर के गणमान्य व्यक्तियों के साथ कार्यक्रम मनाया जाएगा। उसके बाद गौशाला में उपस्थित गौ माताओं को सिंगार कर उनके साथ सेल्फी ली जाएगी और उनके भरण पोषण और भोजन की प्रबंध के लिए लोग उन्हें गोद लेंगे या गौशाला में दान करेंगे। कार्यक्रम में गौ माताओं को विशेष तैयार किया जाएगा और इस कार्यक्रम को नए रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाएगा। सदस्यों ने यह भी तय किया कि व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर इसका अधिक से अधिक प्रचार किया जायेगा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मंत्र नित नूतन चिर पुरातन... आज भी प्रासंगिक : सरयू राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजमो जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समारोह सह सेमिनार का आयोजन बारीडीह विधानसभा कार्यालय में आयोजित किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय उपस्थित हुए।

विधायक सरयू राय एवं पार्टी नेताओं ने दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पर्पित कर श्रद्धासुमन व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुभारंभ के प्रथम सत्र में विधायक सरयू राय ने अपने संबोधन में भाजमो कार्यकताओं को दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी से रूबरू कराया। श्री राय ने बताया की आजादी के बार राष्ट्रवादी विचारधारा के नेताओं ने मिलकर सन 1951 में जनसंघ का गठन किया। दीनदयाल उपाध्याय को जनसंघ का महामंत्री बनाया गया। धीरे धीरे जनसंघ एवं बड़ी पार्टी बन गई। दीनदयाल उपाध्याय एक सामान्य परिवार के साधारण व्यक्ति थे। उन्होनें सांगठनिक कार्यों में व्यक्तिगत व्यवहार में सुचिता बनाए रखने के बात कही थी।

उन्होंने कहा था कि आप अपने निजी जीवन में जो भी व्यवहार करते है लेकिन जब संगठन की बात आती है तब पार्टी के नीति-सिद्धांत को अपनाकर ही कार्य करे। उन्होनें नित नुतन चिर पुरातन का मंत्र दिया था। यानी नए संदर्भ में प्राचीन पद्धति को स्वरूप देंगे लेकिन पुरानी परम्परा के मुल तत्वों को अक्षुण्ण रखना होगा।

उन्होंने कहा था कि भ्रष्टाचार में किसी भी रूप में समझौता नहीं करेंगे। दीनदयाल जी के ही सिद्धांतों पर जयप्रकाश नारायण ने जनता पार्टी का गठन किया। उन्होने कहा था कि संगठन और व्यक्ति में समन्वय कैसे स्थापित हो इसपर विचार करना होगा। दीनदयाल जी के सिद्धांत आज भी पूर्ण रूप से प्रासंगिक प्रतीत होते है। उन्होंने सादगी और सुचिता पर विशेष ध्यान दिया था। सुचिता की परिधि भी तय की थी। कम समय में ऐसे विचार रखे कि आज दीनदयाल जी के उपदेशों पर देश -विदेश में शोध हो रहा है। उनके विचार और दर्शन हमेशा से जीवन को मार्गदर्शन करते हैं और उन्होंने जो भी कार्य करने के तरीके बताए वे दर्शन और सिद्धांत पर आधारित होते हैं।

उन्होनें कार्यकर्ताओं को हमेशा यही कहा की व्यक्तिगत व्यवहार में सुचिता बनाए रखे।

श्री राय ने कार्यशाला में संगठन को सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बूथ समिति की रचना के गुण बताए। उन्होनें कहा कि संगठन का मूलमंत्र है कि हम क्या कर रहे है और हमे क्या करना चाहिए? जो भी साथी सक्रीय रूप से हमारे साथ काम कर रहे है उनके जीवन और उनकी स्थिति के बारे में जानना चाहिए तभी संगठन सुदृढ़ होगा।

कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने किया। स्वागत भाषण कुलविंदर सिंह पन्नु ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय सिन्हा, चंद्रशेखर राव, भास्कर मुखी, सुधीर सिंह, हरेराम सिंह, अमित शर्मा समेत हर मंडल से 10-10 चुनिंदा कार्यकर्ता उपस्थित थे।


पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्पांजलि करते विधायक सरयू राय, सुबोध श्रीवास्तव व सहयोगी।

## सिंह गर्जना, हास्यासन और तालीवादन से गुंजायमान हुआ हिंदुस्तान मित्र मंडल उवि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** योग एंबेस्डर व शिक्षिका शेफाली महतो, स्नेह कुमारी और प्रधानाध्यापक कुमार संदेश के सद प्रयासों से गोलमुरी हिंदुस्तान मित्र मंडल हाई स्कूल प्रांगण बच्चों के सिंह गर्जना, हास्यासन और तालीवादन से गूंज उठा। पतंजलि युवा भारत द्वारा आयोजित एक दिवसीय योग जागरण शिविर में विद्यालय के सैकड़ों बच्चों और शिक्षक शिक्षिकाओं ने योग के कई आसन और प्राणायामों को गंभीरता से सीखा। भारत स्वाभिमान न्यास, पूर्वी सिंहभूम के जिला प्रभारी अजय कुमार झा और युवा योग प्रशिक्षक मनोज श्रीवास्तव ने योग के माध्यम से जीवन जीने की कला सिखलाई। इस अवसर पर अजय कुमार झा ने कहा कि योग जीवन जीने की संपूर्ण कला है। इससे ना केवल हम रोगमुक्त होते हैं बल्कि परमात्मा से भी जुड़ जाते हैं। युवा योग प्रशिक्षक मनोज श्रीवास्तव ने योग को विद्यालय के नियमित पाठ्यक्रम मे जोड़ने की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं में अनिल कुमार, सनोज कुमार, राजेश कुमार, अरविंद कुमार, अजीत सिंह, कृष्ण कुमार भी थे।


हिंदुस्तान मित्र मंडल में योगासन सीखाते पतंजलि के विशेषज्ञ।

## लोक अदालत में 28,188 मामलों का निष्पादन, मिला 35.72 करोड़ राजस्व

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सिविल कोर्ट में शनिवार को इस वर्ष का पहला नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया । इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 28188 मामलों का निष्पादन किया गया। इस दौरान 35 करोड़ 72 लाख 65 हजार 135 रुपए की राजस्व भी प्राप्त हुआ। नेशनल लोक अदालत का उदघाटन व्यवहार न्यायालय जमशेदपुर के लोक अदालत हॉल में विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा, विशिष्ट अतिथियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अमितेश लाल, स्टेट बार कौंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल,जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लाला अजित राय अंबष्ट, डालसा के सचिव नितीश निलेश सांगा आदि मौजूद थे।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि नेशनल लोक अदालत में अपने मामले का त्वरित समाधान पाकर समय और पैसा दोनों की बचत कर सकते हैं वहीं स्टेट बार कौंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल ने कहा कि समझौता द्वारा मामले का निष्पादन करने के लिए लोक अदालत एक बेहतर मंच है।उन्होंने कहा कि नालसा, झालसा और डालसा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में काफी मददगार साबित हुई है।



## भाजपा ने समर्पण दिवस के रूप में मनायी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

➲ जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने किया श्रद्धासुमन अर्पित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 55वीं पुण्यतिथि को 'समर्पण दिवस' के रूप में पूरे श्रद्धाभाव से मनाया। शनिवार को साकची स्थित जिला कार्यालय में भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया और उनके विचारों व आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे, भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के ओजस्वी नारों से कार्यालय परिसर गुंजायमान रखा।


पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्पांजलि करते गूंजन यादव, देवेंद्र सिंह, प्रो जटाशंकर पांडेय व अन्य।

## हिमांशु ने दिलाया पहला पदक

➲ 18वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार को पूर्वी सिंहभूम एथलेटिक्स टीम के लिए बहुत ही खुशी का दिन है पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में चल रहे 18 वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बालक 16 वर्ष से नीचे वर्ग के 80 मी दौड़ में अंकित खटिक और अनुकरन गोस्वामी दोनों ने अपना-अपना हिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आशा है दोनों ही सेमीफाइनल में क्वालीफाई कर जाएंगे। इसके साथ ही साथ बालक 14 वर्ष से नीचे उम्र वर्ग में हिमांशु कुमार सिंह ने ट्रायथलॉन बीर वर्ग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपना स्पर्धा में देश के कुल 227 एथलीटों को पछाड़ते हुए कुल 1632 अंक अर्जित करते प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जिला के लिए तथा झारखण्ड राज्य के लिए पहला पदक स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पूर्वी सिंहभूम जिला संघ के सभी सदस्यों ने हिमांशु कुमार सिंह को बधाई दिया है तथा अनुकरण गोस्वामी और अंकित खटीक को सेमीफइनल में अच्छा प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। जिसमें से मुख्य है- उपाध्यक्ष सचिंदर कुमार सिंह, सचिव रबिंद्र नाथ मुर्मू।

## नागाओ और अफ्रीकी संस्कृति के मिश्रण की प्रस्तुति से छात्र-छात्राओं ने मन मोहा

■ विद्या भारती चिन्मया विद्यालय में इंडो अफ्रीकन फिएस्टा ट्राईबल ट्रिविया संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार को विद्या भारती चिन्मय विद्यालय के मंच पर नर्सरी से कक्षा पांच तक के नन्हे परिंदों ने अपने अपार क्षमताओं व संभावनाओं से भरे रंग-बिरंगे पंख खोले, नन्हे विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शक दीर्घा को मुग्ध किया।

मुख्य अतिथि मोहन गंटा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) टाटा मोटर्स लिमिटेड, टाटा मोटर्स व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष मानस कुमार मिश्रा, सचिव विष्णुचंद्र दीक्षित, विद्यालय प्राचार्या श्रीमती मीना विल्खू, उप प्राचार्य मानसिंह, प्राथमिक स्तर प्रभारी डॉ सरिता सिंह व अन्य विशिष्ट जनों की उपस्थिति में मंगलाचरण व वंदना नृत्य के साथ कार्यक्रम का शुभोद्घाटन हुआ। तत्पश्चात पुष्पगुच्छ से अतिथियों का सम्मान तथा विद्यालय प्राचार्या श्रीमती मीना विल्खू द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। फिर समूह गीत के माध्यम से ट्राईबल ट्रिविया का शानदार परिचय नन्हे बच्चों द्वारा दिया गया। तदुपरांत ट्राईबल ट्रिविया-इंडो अफ्रीकन फिएस्टा डांस ड्रामा की मनोहारी प्रस्तुति की गई, जो अफ्रीकी कार्टून चरित्र मोआना की नाटकीय अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करता है । तत्पश्चात धरती माता के पुनर्स्थापन पर जय जयकार करते, अपनी खुशी साझा करते हुए उत्साहपूर्ण पहनावे के साथ नृत्य-संगीत, ताल, फैशन और रचनात्मकता की एक संयोजित प्रस्तुति की गई। फिर कक्षा चौथी और पांचवीं के बाल कलाकारों ने इंडो अफ्रीकन डिलाइट के अंतर्गत नागाओं और अफ्रीकी संस्कृति के मिश्रण को अपने नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत कर दर्शक दीर्घा की इंद्रियों को जागृत तथा मंत्रमुग्ध कर दिया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे और कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि मोहन गंटा। साथ में चेयरमैन मानस मिश्रा, प्राचार्या श्रीमती मीना विल्खू व अन्य।

## एक नजर में

### लिटिल स्टार स्कूल का 10वां वार्षिक पुरस्कार समारोह संपन्न




**जमशेदपुर।** लिटिल स्टार स्कूल का दावां वार्षिक पुरस्कार दिवस समारोह का आयोजन साकची स्थित मोहम्मडन स्पोटिंग क्लब में आयोजित किया गया। शायान, फरहान एवं अदनान में कार्यक्रम का शुभारंभ अच्छा सुरोह फातीहा से किया। सर्वश्रेष्ठ शिष्टाचार, समय का महत्व, कैसे सफल इंसान बने व मूल्य पर अंग्रेजी में शिक्षक सिदरातुल, फैसीन, आफरीन और कौसर ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बच्चों ने पॉम-पॉम डांस पर श्रोताओं को खुब झुमाया। कार्यक्रम में इग्नू की बीएड एचओडी डा त्रिपुरा झा मुख्य अतिथि और जाकिरनगर शॉपकीपर एसो. के अध्यक्ष असफाक, अल-हेरा लाइब्रेरी के मो. शाहिद विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन समैला परवीन, प्रिसियल रिपोर्ट स्कूल के प्रिंसिपल नौशाद अहमद ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मिस फातिमा, सबा फैजी,नाहिद, निशात नाजिश,सुलेमान एवं महबूब आलम ने सहयोग दिया।

### सरजामदा में याद किये गये पंडित दीनदयाल



**जमशेदपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं अद्वितीय विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती के सारजमदा स्थित आवासीय कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान भाजपा परसुडीह मंडल के कई पदाधिकारी एवं सदस्यगण के साथ ही स्थानीय लोग उपस्थित थे। मौके पर जिला परषिद सदस्य कुसुम पूर्ती ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता रहे हैं। समाज के सबसे अंतिम और निचले तबके के व्यक्ति तक कल्याण की वे बात करते थे। एक कल्याणकारी राज्य के निर्माण में उनका योगदान हम सब को प्रेरित करता रहेगा। उनका पूरा जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और एक बेहतर भारत के निर्माण के लिए समर्पित रहा। सुश्री पूर्ति ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सदैव प्रेरणास्त्रोत बनकर हमारे पथ को आलोकित करते रहेंगे।

### नारायण आइटीआई में पं. दीनदयाल को दी गयी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर/चांडिल।** नारायण प्राइवेट आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनायी गयी। जिसमें कॉलेज संस्थान के संस्थापक डॉ जटा शंकर पांडे जी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म : 25 सितम्बर 1916 नगला चन्द्रभान,(मथुरा) व.ढ ब्रिटिश भारत में हुआ था। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिन्तक और संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे, जो वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी है। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। वे एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। राजनीति के अतिरिक्त साहित्य में भी उनकी गहरी अभिरुचि थी। 11 फरवरी 1968 की रात मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गई और पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गयी। आज के दिन उनको हर जगह याद किया जाता है तथा उनके बताए गए रास्ते पर चलकर हमारा देश आगे बढ़ रहा है तथा बढ़ता रहेगा। मौके पर कॉलेज की शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी श्री जयंत बनर्जी, श्री अजय मंडल, गौरव कुमार व सभी छात्र-छात्राएं रहे।

### श्रीनाथ स्कूल में छात्राओं को मिली महावारी की जानकारी



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्री नाथ पब्लिक स्कूल में नाम्या स्माईल फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब आफ जमशेदपुर ने संयुक्त रूप से जोहर पीरियड अभियान के तहत मेस्ट्रूपीडिया कोमिक्स बांटा। मौके पर बहरागोड़ा के भूतपूर्व एमएलए एवं प्रवक्ता कुणाल सारंगी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में आज भी लोग खुलकर इस विषय पर बात करने को तैयार नहीं हैं। इसमें अब बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव की शुरुआत माहवारी के प्रति बच्चियों को शिक्षित और जागरूक करके ही किया जा सकता है नाम्या स्माईल फाउंडेशन के सदस्य रिशु रंजन ने मेंस्ट्रूपीडिया कॉमिक बुक व वीडियो के माध्यम से छात्राओं को माहवारी और उससे जुड़े सभी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर आगंतुक अतिथियों का स्वागत किये। यह कार्यक्रम विद्यालय के सी सी ए ग्रुप की कोऑर्डिनेट श्रीमती प्रवीण अरोड़ा के द्वारा संचालित की गई । आज के कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रिंसिपल संजय कुमार सिंह, सी सी ए ग्रुप की कोओडिनेटर श्रीमती प्रवीण अरोड़ा, श्रीमती सरस्वती कुमारी, श्रीमती मनोज मालिनी ओझा, सुश्री ऋतिका वार्ष्णेय, श्रीमती सुचिता रंजन समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे। एक अन्य कार्यक्रम के तहत विद्यालय की कक्षा अष्टम' ब' की छात्रा रचना कुमारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जिन्होंने विंग्स इंडिया ट्रस्ट द्वारा आयोजित ओल इण्डिया ओन लाइन क्रप्ट प्रतियोगिता में छात्रा रचना कुमारी प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### बच्चों के विकास के लिए एल आई सी सदैव तत्पर : गिरीश कुमार लाल



**जमशेदपुर।** एलआइसी बच्चों के विकास में सहयोग देने के लिए सदैव तत्पर रहती है। उक्त बातें भारतीय जीवन बीमा निगम आदित्यपुर के शाखा प्रबंधक श्री गिरीश कुमार लाल ने स्टुडेंट ऑफ द ईयर कार्यक्रम के तहत जय प्रकाश स्कूल, संकोसाई मानगो क्षेत्र में बच्चों को सर्टिफिकेट एवम शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत करते हुए कही। हर वर्ष की भाती एलआईसी पूरे भारत वर्ष में सभी जिलों में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित करने का कार्य करती है उसके लिए जिले के स्कूल में चयन करती हैं उसी कार्यक्रम के तहत आज जे पी स्कूल संकोसाई क्षेत्र में स्टुडेंट ऑफ द ईयर के लिए चयानित छात्र / छात्रा को शाखा प्रबंधक ने सम्मानित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्कूल के विद्यार्थियों को सफल होने एवम विद्यालय में अव्वल होने के भी टिप्स दिये।

## स्पीड न्यूज

### बीडीओ, प्रमुख, उप प्रमुख ने शिक्षा सेवा केंद्र का किया उद्घाटन



उद्घाटन में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

**बारियातू।** प्रखंड स्थित हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया और महिला बाल विकास सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित तेजस्विनी परियोजना के तहत शिक्षा सेवा प्रदाता केंद्र का उद्घाटन किया गया। सिंगल विंडो सेंटर में शिक्षा सेवा प्रदाता केंद्र का उद्घाटन बीडीओ प्रतिमा कुमारी, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, समाजसेवी बीरेंद्र पासवान बीरु ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने उपस्थित किशोरियों को संबोधित करते हुए कहा की आगे की पठन पाठन जारी रखे ताकि आप लोगों की भविष्य स्वलंबी बने। वहीं तेजस्विनी परियोजना के प्रखंड समन्वयक उपेंद्र कुमार शर्मा ने कई जानकारी दी। मौके पर सिंगलविंडो सेंटर के इंचार्ज समीम अंसारी, तेजस्विनी परियोजना क्षेत्र समन्वयक उगेशर प्रजापति, ईश्वर कुमार रवि, क्लस्टर समन्वयक पूनम कुमारी, सुमन कुमारी, संदीप प्रजापति, बसंत कुमार, रामवंद्र उरांव, क्लब से किशोरी, पूनम, प्रभा, रीता, बबिता, फुलमनी और कई किशोरी मौजूद थे।

### खतियानी जोहार यात्रा को लेकर निकाला गया जलूस

**महुआडांड़।** जेएमएम के द्वारा 14 फरवरी को लातेहार में मुख्यमंत्री के आगमन के खतियानी जोहार यात्रा को सफल बनाने को लेकर के महुआडांड़ में जेएमएम के केंद्रीय सदस्य मोहम्मद मुस्तकीम सह 20 सूत्री सदस्य के द्वारा खतियान यात्रा को हरी झंडी दिखाकर के मोटरसाइकिल जुलूस को रवाना किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जेएमएम के प्रखंड सचिव शाहिद अहमद उर्फ भोलू जेएमएम के जिला युवा उपाध्यक्ष परवेज आलम, मोहम्मद सैफ, अली राजू कुजूर, जॉनी जोश कुजूर, राहत अली, अली असगर, उदित टोप्पो एवं सैकड़ों कार्यकर्ता इस मोटरसाइकिल जुलूस यात्रा को सफल बनाने में योगदान दिए।

### नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन 13 को

**लातेहार।** सिटी हॉस्पिटल लातेहार में वरदान डालटनगंज (एनजीओ) एवं जिला अंधापन नियंत्रण समिति लातेहार द्वारा नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन सोमवार को किया जायेगा। जिसमें मरीजों को नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच, ऑपरेशन, लेंस, चश्मा, दवाई, कम्बल एवं खिचड़ी दिया जाएगा। मरीज अपने साथ आधार कार्ड, कंबल साथ में लेकर आए एवं सुबह 9 बजे सिटी हॉस्पिटल मे संपर्क करें। अधिक जानकारी के लिए 8102335575 / 8210813377 इस नंबर पर संपर्क कर सकते है।

### दो माह का राशन देने की तैयारी शुरू

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में लगभग साढ़े तेरह हजार कार्ड धारियों को जनवरी माह का राशन नहीं मिला था। जनवरी माह में मशीन बंद रहने के कारण डीलरों द्वारा कार्डधारक को राशन नहीं दे पाये थे। वही फरवरी माह के 10 फरवरी के बाद दोनों माह का राशन वितरण के लिए डीलरों द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी डीलरों राशन उठाव कर शनिवार से राशन वितरण करने में जुट गये है।

### दसवीं के छात्रों को दी गई विदाई

**महुआडांड़।** महुआडांड़ के रामपुर स्थित संत जेवियर अंग्रेजी मीडियम स्कूल में शनिवार को दसवीं कक्षा के छात्रों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहाँ बच्चों द्वारा रंगारंग डांस और सस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में दसवीं के छात्रों को प्रचार्य सहित सभी शिक्षकों द्वारा आशीर्वाद दिया। वे सभी परीक्षा में पास होकर स्कूल और अपने अभिभावकों का नाम रौशन करें। स्कूल के प्रचार्य सुरेश तिर्की ने बताया कि सभी दसवीं छात्रों का इस विदाई कार्यक्रम में स्कूल परिवार की तरफ से गिफ्ट देकर उनका सम्मान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य का शुभकामनाएँ दी गई। मौके पर विद्यालय के मैनेजर फादर बथोलोमी टोप्पो सहित शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

### लापता बच्ची का नही मिल सुराग

**छिपादोहर।** छिपादोहर के बाघ टोला निवासी बिगन सिंह की 11 वर्षीय भगिनी पूजा पिछले 10 दिनों से लापता है। बिगन ने बताया कि पूजा 2 फरवरी को घर के सामने ही बैर के पेड़ के नीचे बैर चुन रही थी। अंधेरा हो जाने के बाद परिजन घर मे आ गए। पर बच्ची वहीं बैर चुनती रह गई। काफी देर बीत जाने के बाद भी जब पूजा घर नहीं में आई तो परिजन बाहर निकल कर उसे खोजने लगे। परन्तु वह वहाँ नहीं थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब बच्ची का पता नही चला तो परिजनों ने छिपादोहर थाना में आवेदन देकर बच्ची को खोजने की गुहार लगाई है। ज्ञात हो कि पूजा का परिवार काफी गरीब है। उसका घर छिपादोहर के आम्बाटोला में है। वह स्थानीय गम्हरिया स्कूल की चौथी वर्ग की छात्रा है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि लापता बच्ची की खोजबीन की जा रही है।

### नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर



शिविर में उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** कल्याण एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बालूमाथ में शनिवार को निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर में रांची की डॉक्टर सीमा कुमारी नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा बालूमाथ स्थित एम.आई ऑप्टिक्स चश्मा दुकान में कुल 65 मरीजों के आंखों की जांच की गई। जिसमें 40 मरीजों को मोतियाबिंद पाया गया। जिनका रविवार को जीवन हॉस्पिटल शेरगड़ा रोड़ बालूमाथ में नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। उक्त जानकारी एम आई ऑप्टिक्स के संचालक इश्तियाक गोल्डन ने दिया।

---

### अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के द्वारा विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन आज

# वैश्य के नोट व वैश्य के वोट से ही लोग करते हैं राज : अहिल्या गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते वैश्य समाज के लोग।

**लातेहार।** माको डाक बंगला में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के द्वारा विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया जाएगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक दिन पहले शनिवार को प्रदेश महिला नेत्री अहिल्या गुप्ता लातेहार पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि वैश्य समाज का महाजुटान होने वाला है। जिसमें जिले के सभी प्रखंडों से लोग पहुंचेंगे। यह जुटान वैश्य समाज के लोगों को एक मंच पर लाने का है। उन्होंने आगे बताया कि वैश्य की नोट व वैश्य की वोट से ही लोग राज करते हैं। इसलिए वैश्य समाज के लोगों को जागना होगा। अपने अधिकार की लड़ाई के लिए लोगों को आगे आना होगा। उन्होंने बताया कि वैश्य समाज को अलग-अलग हिस्सों में बांट कर उसे सिर्फ प्रताड़ित किया गया है। इसलिए सभी को एक मंच में आना चाहिए। उन्होंने बताया कि देश में वैश्य समाज की संख्या 60 प्रतिशत है। लेकिन वह सिर्फ वोट बैंक बनकर रह गई है। लोगों को अपने हक के लिए लड़ना होगा। जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शौंडिक व रमेश गुप्ता ने बताया कि वैश्य समुदाय अलग अलग वर्गों में बंटी हुई है। एक रणनीति के तहत इसे बांटा गया है। अलग-अलग रहने के कारण समाज काफी कमजोर हो चुके हैं। 60 प्रतिशत संख्या होने के बावजूद वैश्य समाज की ना तो राजनीति और ना ही किसी अन्य कार्यों में भागीदारी है। जिससे समाज को बड़ा नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर बनने के बाद सभी जिले के वैश्य समाज को एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। इस सम्मेलन में पांच हजार लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, पलामू के महापौर अरुणा शंकर मुख्य रूप से शामिल होंगे। मौके पर अभिनंदन प्रसाद, रमेश प्रसाद, श्याम किशोर प्रसाद, गया प्रसाद, रंजीत प्रसाद, राजू प्रसाद, सुनील शौंडिक, कमलेश प्रसाद, मनमोहन राम, जितेंद्र राम, बहादुर प्रसाद, सुरेश गुप्ता, अवध किशोर यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### भाजपा ने मनाया पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि सह समर्पण दिवस

**बारियातू।** भाजपा मंडल कार्यालय परिसर में मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह की अध्यक्षता तथा कार्यक्रम के प्रभारी जिला महामंत्री पंकज कुमार सिंह की सानिध्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस मनाया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित भाजपाइयों ने पंडित जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए निधि समर्पण कर पुण्यतिथि मनाया है। कार्यक्रम प्रभारी भाजपा जिला महामंत्री पंकज ने उपस्थित भाजपाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल प्रखर विचारक, उत्कृष्ट संगठनकर्ता एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता थे। जनसंघ के संस्थापक में से एक थे। इसके पश्चात मंडल कार्यसमिति की बैठक में शामिल कार्यकर्ताओ से कहा कि मंडल में बनाये गए पन्ना प्रमुख के साथ चार चार सदस्यों की टीम गठित करें। माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री जी के मन की बात को आप सभी जरूर सुने। सभी कार्यकताओं को सरल एप से जोड़ना सहित लोकसभा चुनाव की तैयारी पर विशेष रूप से चर्चा भी की गई। इसके ठीक पूर्व उपस्थित वरिष्ठ भाजपाइयों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर महेश्वरी सिंह, बलदेव प्रसाद, रमेश राम, निरंजन राम, संदीप शर्मा, किशोर प्रसाद देवनंदन प्रसाद, अरविंद सिंह, गोपाल केशरी, नीलू सिंह, रेणु देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अमृतकाल बजट पर चौपाल का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** ग्रामीण मंडल के तरवाडीह पंचायत स्थित लुंडी ग्राम में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह के अध्यक्षता में कृषि एवं किसान कल्याण अमृतकाल बजट पर चौपाल का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष परम पवन साहू ने कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं एकात्म एवं मानववाद के प्रणेता, करोड़ों कार्यकर्ता के मार्गदर्शक श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्यतिथि जो समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया।

**दिया गया विस्तृत जानकारी**

तत्पश्चात किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उमेश सिंह ने मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र देकर किये एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह ने स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अमरजीत सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन उपप्रमुख राजकुमार प्रसाद ने किया। मौके पर राजीव शाहदेव, राजन तिवारी, प्रभाकर मिश्रा, कामेश्वर भोक्ता, सतेंद्र सिंह, सुबोध कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, विवेक चंदवंशी, हरमोहन सिंह, मदन प्रसाद, मनीष गुप्ता, देवमुनि वैध, रघुनंदन सोनी, मुंशी प्रसाद, पप्पू नायक, छोटू प्रसाद, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, निर्मल सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### चंदवा थाना में कार्यरत चौकीदार के निधन पर संघ ने जताया शोक

**चंदवा।** चंदवा थाना में कार्यरत चौकीदार कोलेश्वर राम पिता कपिल राम (ग्राम डूमारो) की मौत शनिवार की रात्रि उनके पैतृक आवास पर हो गयी। बताया जाता है कि वह लंबे समय से बीमार चल रहा था। पिछले कई महीनों से इसका वेतन भी बकाया है। पैसे के अभाव में इसका समुचित इलाज नहीं होने का आरोप चौकीदार दफादार संघ ने लगाया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि आवंटन के अभाव में चौकीदारों का वेतन नहीं दिया जा सका था। आवंटन आने के पश्चात अभी 2 महीने का वेतन ट्रेजरी भेजा गया है। उनके निधन पर चौकीदारों ने गहरा शोक प्रकट किया है। चौकीदार संघ ने अंचल अधिकारी से पीड़ित परिवार को अग्रिम भुगतान कराने की माँग रखी है। इधर चौकीदार के शव के गांव पहुंचने के बाद उनके अंतिम संस्कार में पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता व चंदवा थाना के पुअनि नारायण यादव व जमील अंसारी अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए व शोकाकुल परिजनों का ढांढस बंधाया। शोक व्यक्त करने वालों में चौकीदार राजकिशोर महली, बनेश महतो, सोहन महतो, जगदीश तुरी, गोपाल महली, मो. सदीक, संतोष प्रजापति, रंथु उरांव, राजूराम, कृष्णा साहनी, जगदीश समेत अन्य चौकीदार शामिल है।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा गया बाईक।

➲ हेलमेट आपकी सुरक्षा के लिए परम आवश्यक है : श्रीनिवास सिंह

**बरवाडीह।** बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं से लोगों के जीवन रक्षा करने और खास कर मोटर साइकिल के द्वारा होने वाली दुर्घटना में अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक गेट और मुगीर्डीह सीआरपीएफ पुलिस पिकेट के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बगैर हेलमेट और संबधित वैध पेपर, ड्राइविंग लाइसेंस तथा ऑनर बुक आदि की जाँच की गई। जांच के दौरान बिना हेलमेट और अन्य संबंधित दस्तावेजों के बगैर वाहन चलाने वाले लोगों के वाहनों को पुलिस द्वारा जप्त करने की कारवाई की गई। वाहन चेकिंग की खबर सुन कर दर्जनों मोटर साइकिल चालक रास्ता बदलकर इधर उधर भागते हुए नजर आए। चेकिंग के दौरान हड़कंप मचा रहा। थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने दोपहिया वाहन चालकों से अपील किया है कि जब भी घर से बाहर निकले हेलमेट जरूर लगाएं बात केवल हेलमेट जांच के नहीं है, यह आपकी सुरक्षा के लिए परम आवश्यक है। वहीं उन्होंने चार पहिया वाहन चालकों को भी सीट बेल्ट लगाकर सड़क पर चलने की अपील की हैं। उन्होंने बताया कि बरवाडीह में आगे भी लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों की वाहनों को जप्त करते हुए उनपर कानूनी कारवाई की जाएगी। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान लगभग दो दर्जन से अधिक वाहनों को जप्त किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए वाहनों का चालान करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को भेजा गया है।

## समस्या : सरकारी सिस्टम के आगे नतमस्तक लोग

### कई गांवों में शोभा की वस्तु बनी है जलमिनार

➲ चमरडिहा देवी मंडप के पास महीनों से बेकार पड़ा है लाखों का जलमिनार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जानकारी देते उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के कई गांवों में लाखों की लागत से लगाई गई सोलर आधारित जलमिनार महीनों से शोभा की वस्तु बनी हुई है। अधिकारियों की उदासीनता के साथ-साथ सबंधित पंचायत सेवक और ठेकेदारो के गठजोड़ ने इस योजना को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया है। जिस कारण जलमिनार सफेद हांथी का दांत साबित हो रहा है। ताजा मामला खुरा पंचायत के चमरडिहा ग्राम से आया है। जहां उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल के घर के समीप खड़ी सोलर आधारित जलमिनार महीनों से खराब और बेकार पड़ी हुई है। जिसे बनवाने की गुहार स्थानीय लोगों ने पंचायत प्रतिनिधियों से कई बार लगाई, लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हुई। जिस चापानल में यह जलमीनार लगाया गया है, उसका हेड भी ठिकेदार द्वारा हटा दिया गया हैं। जिस कारण चापानल भी बेकार पड़ा हुआ है। इधर गर्मी की शुरूआत हो गई है। लोगों में पानी के लिए हाहाकार मचने लगा है, लेकिन लोगों की इस विकट समस्या को सुनने और देखने वाला कोई नहीं है। उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल ने बताया कि यह जलमिनार अब तक आधे दर्जन से अधिक बार खराब हो चुका है। उन्होंने बताया कि तय मानक के अनुरूप सामग्री नहीं लगाया गया है। जिस कारण यह जलमिनार बार-बार खराब होता रहता है।

**भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है जलमिनार : उप प्रमुख**

उप प्रमुख ने कहा कि सरकार द्वारा आम लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर सोलर जलमिनार योजना की शुरूआत की गई थी लेकिन यह योजना धरातल पर गुणवतायुक्त तरीके से कार्यान्वित नहीं की गई, और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। इस वजह से प्रखण्ड क्षेत्र के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। उन्होंने जलमिनार योजना की उच्चस्तरीय जांच करवाने की मांग वरीय अधिकारियों से की है।

---

## एक नजर में

### सहिया साथी का 5 दिनी प्रशिक्षण संपन्न

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में माल्हन, चकला व लाधुप पंचायत के सहियो साथियों का पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सपन्न हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीपीएचसी मॉडल पर आधारित था, जिसमे प्रशिक्षक प्रभावति देवी व मीणा देवी के द्वारा सहिया साथियों को प्रशामक देख भाल से सम्बंधित जानकारी दी गयी। प्रशिक्षकों ने कहा था प्रशिक्षण के माध्यम से सहिया साथियों को पीड़ित रोगियों के देख भाल, मृत्यु दर कम करने समेत कई बिंदुओं पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। आगे बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में दूसरे सत्र की शुरूआत 15 फरवरी से होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दर्जनों की संख्या में सहिया साथी मौजूद थे।

### सुकन्या ट्रस्ट के द्वारा बैठक एवं ट्रेनिंग संपन्न

**लातेहार।** बालूमाथ प्रखंड के झाबर पंचायत भवन में ट्रस्ट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक अमल दास के निर्देशानुसार शनिवार को जिला प्रभारी राजू सिंह की अध्यक्षता में बैठक एवं ट्रेनिंग संपन्न हुआ। वहीं कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अनिकश कुमार द्वारा किया गया। वहीं राजू सिंह ने बताया की आज हमारे संस्था झारखंड के साथ-साथ बिहार एवं उत्तर प्रदेश में भी कार्य कर रही हैं। संस्था के मुख्य उद्देश्य गरीब एवं असहाय लोगों को मदद करना एवं संस्था के सदस्य को जिला हर घर तक पहुंचना है। आगे बताया की संस्था महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए संस्था की ओर से मोमबत्ती, अगरवत्ती, सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटीशियन, मशरूम, पापड़, आदि प्रशिक्षण दिलाया जाता है। मौके पर झाबर पंचायत के मुखिया शीला देबी, बालूमाथ प्रखण्ड प्रभारी अनिकेश कूमार, हेरहंज प्रखंड प्रभारी फूलदेव कूमार, अमेश्वर, सरस्वती देबी, फरीदा खातून, अजय तूरि के अलावे दर्जनों ग्रामीण मजूद थे।

### भाजपा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय को किया याद

**बालूमाथ।** भाजपा मंडल कार्यालय बालूमाथ में पार्टी के प्रेरणा स्त्रोत, मानववाद, न्यायप्रिय, एकात्म, अंत्योदय, मार्गदर्शक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि पर भाजपा मंडल महामंत्री राम कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में पदाधिकारियों कार्यकताओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई एवं इनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया और कार्यकताओं को समर्पण भाव से कार्य करने एवं इनके पद चिन्हों पर चलने के लिए कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को बताया गया। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं द्वारा समर्पण भाव से समर्पित राशि का भी सहयोग किया गया। मौके पर अरविंद भगत, संजय गुप्ता, त्रिवेणी साहू, सूरज शाह, अशोक प्रसाद साहू, पंचानंद पांडे, प्रदीप यादव, रंजीत गुप्ता, अखिलेश भोक्ता, राजेंद्र साहू चावल, देवनंदन प्रसाद, विजय ठाकुर, अजय प्रसाद, मंडल मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा उपस्थित थे।

### पुलिस ने कोयला लोड दो सवारी पकड़ा, एक गया जेल

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र सीकनी मध्य विद्यालय के पास कोयला लदा 2 सवारी वाहन पकड़ा लिया। इस दौरान पुलिस ने एक आरोपी अरविंद प्रसाद (नवागढ़ लातेहार) को गिरफ्तार कर पकड़ा गया परंतु दूसरा भागने में सफल रहा। दोनो वाहनों में लगभग 20 क्विंटल अवैध कोयला लदा था, जिसे सिकनी से लातेहार की ओर ले जाया जा रहा था। इस मामले में चंदवा थाना कांड संख्या 37/2023 में धारा 379/411 भादवि और 30(दो) कोयला खान अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापामारी दल में सअनि कमलेश राम, शशि रंजन सिंह और सिकनी पिकेट के बल शामिल थे।

### अपहृत नाबालिग को पुलिस ने किया बरामद



गिरफ्तार आरोपी।

**चंदवा।** शादी के नियत से चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमारो की रहने वाली नाबालिक लड़की का अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। मामला प्रकाश में आने के बाद चंदवा पुलिस एक्शन में आ गई व त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया साथ ही अपहरण के आरोपी धर्मेंद्र उरांव को ग्राम मंझलीटांड टंडवा से गिरफ्तार लिया गया। अग्रतर कार्रवाई के बाद शनिवार को उसे मंडल का लातेहार भेज दिया गया। मामले में चंदवा थाना कांड संख्या 27/2023 में धारा 366(ए) भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापामारी अभियान में पुअनि दिव्य प्रकाश, सअनि राम प्रसाद और दल बल के शामिल थे।

### यौन शोषण करने का आरोपी गिरफ्तार, जेल



गिरफ्तार आरोपी।

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर ग्राम की एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर यौन करने के मामले सामने आया है। मामले पीड़िता के द्वारा आवेदन दिए जाने के बाद चंदवा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रूपेश उरांव (आइन लोहरदगा) को उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया। अग्रतर कार्रवाई के बाद उसे मंडल कारा भेज दिया गया वहीं पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 29/2023 में धारा 376(2)(एन) भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापामारी में पुअनि जमील अंसारी, नारायण यादव व महिला और पुरुष बल शामिल थे।

### खातियानी जोहार यात्रा को लेकर जेएमएम की बैठक



बैठक में उपस्थित जेएमएम कार्यकर्ता।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक भवन में झामुमो प्रखंड कमिटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में अगामी 14 फरवरी को लातेहार में आयोजित खातियानी जोहार यात्रा की सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। वहीं अफजल अंसारी ने कार्यकताओं को तन मन से कार्यक्रम के प्रचार प्रसार में जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर जिले वासियों और कार्यकताओं में उत्साह हैं। बैठक में मनिका पश्चिमी क्षेत्र केजिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष मो.वारिस अंसारी, झामुमो महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्षा सह बीस सूत्री सदस्य आरती देवी दास, युवा नेता अरुण सिंह खरवार, जेएमएम उपाध्यक्ष महबूब आलम, असगर खान, पसंस अस्मिना बीबी, ललन तुरी समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

---

### मनिका प्रखंड के नूनफोरवा स्थित झरना टोला को सुंदरीकरण कर बनाया जा सकता है आकर्षक पर्यटक स्थल

# सुखाड़ में भी कभी नहीं सूखता यहां का पानी, कई राज छुपे हैं यहां के जल स्रोत में

**दिपु कुमार**



स्थल का निरीक्षण करते जनप्रतिनिधि व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के मटलोंग पंचायत अंतर्गत नूनफोरवा गांव स्थित झरनाटोला के जलस्रोत को सुंदरीकरण कर आकर्षक पर्यटक स्थल बनाया जा सकता है। यह स्थल गांव के किनारे पर स्थित पहाड़ों से घिरा और टोंगरी (छोटा पहाड़) के नीचे से बहता पानी यह नजारा लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। ऐसे जल स्रोतों का सुंदरीकरण करने के लिए सरकार व जिला प्रशासन के द्वारा पहल करने की जरूरत है। यहां के जल स्रोत (वाटरफॉल) में आज भी कई राज छुपे हुए हैं। कभी भी यहां का पानी सूखता नहीं है और सुबह में यहां पर लोगों को गर्म पानी मिलता है जैसे जैसे धूप होती है वैसे वैसे पानी ठंडी हो जाती है। वहीं नूनफोरवा गांव के ही निवासी शिक्षक द्वारिका राम इस जल स्रोत के विषय में बताते हैं कि मेरे पूर्वजों के समय से ही यह जल स्रोत है पूर्व में यहां पर 15-20 घरों की बस्ती थी और सभी लोग इसी जल स्रोत से पानी पीते थे। उन्होंने बताया कि सुबह के समय यहां का पानी हमेशा गर्म रहता है जैसे जैसे धूप होती है वैसे वैसे पानी भी ठंडी हो जाती है, आज भी लोग यहां से पानी पीते हैं यहां का पानी काफी स्वादिष्ट होता है।

**बीस सूत्री अध्यक्ष व कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने जल स्रोत का किया निरीक्षण**

झरना टोला के जल स्रोत की जानकारी मिलने पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान व कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान स्थल का अवलोकन किए। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने इस स्थल का अवलोकन कर पाया की यहां अनवरत चलने वाला पानी है, यहां का पानी कभी भी नहीं सूखता है। हम लोग चाहेंगे कि पर्यटन विभाग इस पर संज्ञान ले और लातेहार जिला उपायुक्त महोदय से आग्रह है कि यहां पर जांच टीम भेजें और स्थल का जांच करवा कर इस जल स्रोत का सुंदरीकरण करवाएं।

**मौके पर उपस्थित लोग**

मौके पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, नंदकिशोर यादव, युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, युवा कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष विशाल कुमार पासवान, शिक्षक द्वारिका राम, मुखिया पति ज्ञान सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## सात दिवसीय श्रीमद भागवत का आयोजन

**कुमारधुबी।** निरसा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोपालगंज मोड़ स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत का आयोजन किया गया। इसी उपलक्ष्य में शनिवार को मंदिर परिसर से 108 कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में भारी संख्या में आसपास के भक्तों ने हिस्सा लिया जानकारी देते हुए भक्त मोहन अग्रवाल ने बताया कि आज से सात दिवसीय श्रीमद भागवत का कथा का आयोजन किया गया है।18 फरवरी को विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस श्रीमद भागवत कथा के कथा वाचक वृंदावन निवासी यायावर महाराज है।

## बगदा गांव के घर में लगी आग

**बोकारो/ कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत बगदा गांव में दीपांशु रंजन पिता स्वर्गीय भागीरथ महतो के खपरैल मकान में आग लग गई। दीपांशु रंजन का घर से सटे खलिहान में सुरेन महतो व दीपांशु रंजन का पुआल ;बिचालीद्ध रखा हुआ था। बिचाली में आग लग जाने से दीपांशु रंजन के खपरैल मकान के दोनों कमरें में आग लग गई जिसमें घर में रखे 20 क्विंटल धानए जेवरए पलंगए वर्तनए कीमती लकड़ी ए बड़ा बक्सा में रखे कपड़ा ए घर का आवश्यक कागजात ए घर के दोनों कमरों में जलकर राख हो गया है। वहीं आगलगी से करीब एक लाख रुपए की सम्पति जलने की बात कहीं है । दो पानी मशीन लगाकर ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग पर कुछ काबू पाने के बाद इसकी सूचना ग्रामीणों ने तेनुघाट दमकल फायर ब्रिगेड को दी । जिसके बाद दमकल कमीयी तेनुघाट से पहुंचने के बाद लगभग एक घंटे के काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## स्कूलों के ऊपर से गये 11 हजार बोल्ट तार के नीचे सेफ्टी नेट लगाने की मांग

**निचितपुर।** तेतुलमारी क्षेत्र में सुभाष चौक व कई स्कूलों के ऊपर से ग्यारह हजार बोल्ट का विघुत तार के नीचे सेफ्टी नेट लगाने की मांग को लेकर तेतुलमारी नागरिक मंच के मनोज रवानी व अजय कुमार सिंह ने तेतुलमारी क्षेत्र में सुभाष चौक व कई स्कूलों के ऊपर से ग्यारह हजार बोल्ट का विघुत तार के नीचे सेफ्टी नेट लगाने की मांग को लेकर तेतुलमारी नागरिक मंच के मनोज रवानी व अजय कुमार सिंह महाप्रबंधक हरेंद्र कुमार सिंह विघुत विभाग धनबाद से मुलाकात की और तेतुलमारी में विघुत प्रवाहित तार के नीचे सेफ्टी नेट लगाने की मांग की।मनोज रवानी ने बताया कि तेतुलमारी नागरिक मंच की ओर से सुभाष चौक व स्कूलों के ऊपर से ग्यारह हजार वोल्ट के तार के नीचे सेफ्टी नेट की मांग की है। यहां से हजारो लोग गुजरते हैं। सेकड़ो बच्चे स्कूल जाते हैं। विघुत प्रवाहित तार से कभी भी कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती है।

## मोदी समाज सेवा ट्रस्ट के धर्मशाला का भूमि पूजन कार्यक्रम

**धनबाद।** शुक्रवार को मोदी समाज सेवा ट्रस्ट ने सुगिया डीह में समाज के धर्मशाला के निर्माण के लिए विधिवत पूजा अर्चना से भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने मोदी समाज के धर्मशाला निर्माण को समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य बताया और कहा इसके बनने से समाज को बहुत ही सुविधा होगी। समाज में एकजुटता, शादी विवाह, बैठक समाज के बालक बालिकाओं के भविष्य में उच्चतर शिक्षा के लिए कार्यशालाए अन्य अनुष्ठान का सुविधापूर्वक आयोजन किया जाएगा जिसके समाज अग्रसर दिशा में तीव्र गति से बढ़ेगा फलस्वरूप समाज का बहुमुखी विकास होगा। मुख्य अतिथि समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि राजकुमार महतो, एवं असलम मंसूरी उर्फ राम रहीम, ट्रस्ट के विजय मोदी डॉ.प्रदीप कुमार मोदी, ट्रस्ट के चेयरमैन पंकज कुमार, विनोद बिहारी कोयलांचल यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुमन कुमार, अध्यक्ष तुलसी मोदी, सचिव मंटू कुमार मोदी, कोषाध्यक्ष महेंद्र मोदी ने सराहनीय योगदान दिया।

# 5 वर्षीय बच्चे का शव कुआं से बरामद, तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बोकारो जिले के दुग्दा थाना क्षेत्र के कुरुम्बा गांव के निवासी बबलू देव के 5 वर्षीय लापता पुत्र आर्यन देव का शव कुँआ से दुग्दा पुलिस ने बरामद किया।शव बरामद होते ही जहां पूरे गांव में सनसनी फैल गईए वहीं परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल है।परिजनों के संदेह के आधार पर दुग्दा थाना पुलिस ने गांव के ही तीन व्यक्तियों को हिरासत में लेकर मामले की छानबीन कर रही है। बतातें चले कि कुरुम्बा गांव के बबलू देव का पुत्र आर्यन देव बीते गुरुवार के दोपहर से घर से लापता था।परिजन पूरे गांव में घर.घर जाकर आर्यन की खोजबीन कीए ततपश्चात आर्यन के नही मिलने पर परिजनों ने इसकी सूचना दुग्दा थाना पुलिस को दी।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू की।इस दौरान गांव के ही कमलिया बाँध के समीप एक कुँआ के पास आर्यन का चप्पल देखा गया।पुलिस की देखरेख में ग्रामीणों ने जब कुंए के पानी को सुखाकर जब कुंए में झग्गर डालने पर आर्यन का शव बरामद हुआ।शव बरामद होते ही परिजनों के चीख पुकार से पूरे गांव में मातम पसर गया।दुग्दा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई हेतु शव को डी वी सी अस्पतालए चन्द्रपुरा के मर्चरी हाउस में रखवा दिया।मृतक आर्यन के पिता बबलू देव ने अपने पुत्र की हत्या का आरोप गांव के ही मानस गोपए भुनेश्वर गोप और चरकु गोप पर लगाया है।

# पुटकी: डी महतो और पी सोनी सिंडिकेट के अवैध डिपो पर छापा

## 1000 बोरा अवैध कोयला बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र में चल रहे कोयले के काले कारोबार का भंडाफोड़ ते हुए पुटकी अंचलाधिकारी शुभ्रा रानी ने पुटकी पुलिस के सहयोग से दो नंबर तलाब के बगल के झाड़ियों में छापामारी कर लगभग 1000 बोरा अवैध कोयला जब्त किया है। वही मौके पर बीसीसीएल के अधिकारियों को सूचना दी गई। मौके पर सीआईएसएफ के द्वारा अवैध कोयला को जप्त कर बीसीसीएल को सौंप दिया गया है। बताते चलें कि पुटकी थाना क्षेत्र में डी महतो एंड ग्रुप एवं पी सोनी का सिंडिकेट काफी दिनों से प्रशासन के आंखों में धूल झोंक कर बड़े पैमाने पर कोयले का अवैध कारोबार में अपनी अहम भूमिका निभा रहे थे। छापामारी में मुख्य रूप से फुट की पुलिस के संतोष कुमार एवं सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर अजय कुमार दल बल के साथ मौजूद रहे।

### छापेमारी में 50 टन अवैध कच्चा कोयला बरामद

**कुमारधुबी।** बीती देर रात निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुडीनाला स्थित जय राधे एंटरप्राइजेज कोयला डीपू में गुप्त सूचना के आधार पर धनबाद वरीय पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में टीम द्वारा औचक छापेमारी कर लगभग 50 टन अवैध कच्चा कोयला बरामद हुआ । वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद को विगत कई दिनों से सूचना प्राप्त हो रही थी कि उक्त कोयला डीपू में अवैध कोयला का संचालन जोर शोर से हो रहा है जिसके बाद छापेमारी की गई । जिसमें अवैध कोयला सहित कोयला लदा एक ट्रक और तीन कोयला लदा ट्रैक्टर बरामद हुआ।

## डीपीएस चास में विदाई समारोह

**चास/बोकारो।** सत्र.2022.23 के बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने किया। समारोह में कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कक्षा बारह के छात्रों की प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर हेमंत कुमार को मिस्टर डीपीएस चासए आस्था पाठक को मिस डीपीएस चास घोषित किया। इसके अलावा मिस्टर वसेर्टाइल विवेक कुमारए मिस वसेर्टाइल खुशी कुमारीए मिस्टर पॉपुलर एमण यशवंत रावए मिस पॉपुलर श्रेया प्रकाशए मिस्टर स्टाइल आइकॉन हर्षित बगरिया तथा मिस स्टाइल आइकॉन आशी शरफ को भी पुरस्कृत किया गया।

# मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के प्रथम दिन 2.14 लाख लोगों ने खाई फाइलेरिया की दवा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर आज से शुरू मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के प्रथम दिन जिले के एक लाख 9 हजार 638 पुरुष और एक लाख 4 हजार 907 महिलाओं को लेकर कुल 2 लाख 14 हजार 545 लोगों ने दवा खाई। इसमें 1 से 19 वर्ष तक के 53229 व 19 वर्ष से ऊपर के 1,57,882 लोग शामिल है। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि आज जिले के सदर अस्पताल, सभी सीएचसी, सभी पीएचसी, रेलवे अस्पताल, सेंट्रल हॉस्पिटल व बीसीसीएल के क्षेत्रीय अस्पताल सहित 2231 बूथ पर 332 सुपरवाइजर की देखरेख में 4468 स्वयंसेवकों द्वारा 2.14 लाख से अधिक लोगों को अपने सामने दवा खिलाई गई। छूटे हुए लोगों को 11 से 25 फरवरी तक घर-घर जाकर डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक खलाई जाएगी। वहीं 25 फरवरी तक सभी सीएचसी, पीएचसी, सदर अस्पताल, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, रेलवे अस्पताल, सेंट्रल हॉस्पिटल, सहित बीसीसीएल के सभी अस्पतालों में सुबह से संध्या 4:00 तक यह दवा उपलब्ध रहेगी।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये पं. दीनदयाल

**सिन्दरी।** जनसंघ के संस्थापक सदस्य व एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 55 वीं पुण्यतिथि पर भाजपा सिन्दरी नगर की ओर से नगर के विभिन्न बूथों पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। सिन्दरी नगर के डोमगढ़ क्षेत्र में उपाध्यक्ष धीरज सिंह ने भिन्न भिन्न बूथों पर पंडित जी की पुण्यतिथि मनाकर समर्पण राशि नगर अध्यक्ष अरबिंद पाठक को सौंपा। सिन्दरी नगर के रोहड़ाबाँध कार्यालय में पंडित जी की पुण्यतिथि पर कार्यकताओं ने समर्पण राशि जमा की। नगर अध्यक्ष ने कहा कि समर्पण राशि को इकट्ठा कर जिला कमेटी क्षको भेजा जाएगा। पुण्यतिथि कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष अरबिंद पाठक, जिला उपाध्यक्ष सह सिन्दरी प्रभारी घनश्याम ग्रोवर, धनबाद जिला महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा के वरिष्ठ नेता बबलू फरीदी, पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता दिनेश सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य राकेश तिवारी व ब्रजेश सिंह, नगर उपाध्यक्ष धीरज सिंह, नगर मंत्री विजय नाहा, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष नकुल सिंह, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सुशांत महतो, नगर संयोजक अमरेंद्र सिंह, नगर कोषाध्यक्ष रामजी सिंह, युवा मोर्चा नगर महामंत्री बिरेन्द्र कुमार, शैलेन्द्र सिंह, गणेश सिंह, सत्येंद्र सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा बस्ताकोला मंडल ने मनायी पुण्यतिथि

**झरिया।** भाजपा बस्ताकोला मंडल में शनिवार को वॉटर बोर्ड कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान मंडल में निवास करने वाले सभी पदाधिकारियों ने एक एक कर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि सन 1951 में भारतीय जन संघ का निर्माण डॉ श्यामा प्रसाद मुकर्जी ने किया था। जिसमें दीनदयाल उपाध्याय को पहले उत्तरप्रदेश शाखा के महासचिव और बाद में अखिल भारतीय महामंत्री के रूप में नियुक्ती हुई। डॉ श्यामा प्रसाद ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की बुद्धिमत्ता और विचारधारा से इतने प्रभावित थे, कि उन्होंने उनके लिए कहा की अगर मेरे पास दो दीनदयाल होते, तो मैं भारत के राजनीतिक चेहरे को बदल देता। किन्तु सन 1953 में डॉ श्यामा प्रसाद जी की मृत्यु हो जाने के कारण इस संघ की पूरी जिम्मेदारी दीनदयाल जी पर आ गई।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ बोकारो में बसंत मेला शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के सौजन्य से नगर के सेक्टर.5 स्थित पुस्तकालय मैदान में तीन.दिवसीय बसंत मेला का प्रारंभ हुआ जीसका शुभारंभ निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने किया। इस अवसर पर उन्होंने बोकारो के बसंत मेले को ऐतिहासिक बताते हुए नगर वासियों से इसका आनन्द उठाने की अपील की। उद्घाटन समारोह में उनके साथ बीपीएससीएल के सीईओ कुमुद कुमार ठाकुरए ओएनजीसी ;सीबीएम एसेटद्ध के अधिशासी निदेशक सह परिसम्पत्ति प्रबंधक श्री जौहरी सहित बोकारो स्टील के सीजीएम ;नगर सेवाएंद्ध बी एस पोपलीए संचार प्रमुख मणिकांत धान व अन्य अधिकारी मौजूद थे। मेले में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों के अलावा महिला समितिए बोकारोए जनसम्पर्क विभागए डालमिया सीमेंट सहित अन्य सरकारी व स्वयंसेवी संगठनोंए महिला उद्यमियों के स्टॉल लगाए गए हैं। इसके साथ बोकारो स्टील प्लांट की ओर से सीएसआर के तहत किये जा रहे विकास कार्यों को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। मेले में गीत.संगीतए कवि सम्मेलनए रॉक बैंड प्रस्तुति व स्टैंड.अप कॉमेडी का आयोजन किया गया।

### डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों को दी विदाई

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में बहुरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सत्र 2022.23 के 12वीं कक्षा के छात्र.छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। बच्चों में विद्यालय से निकलकर जीवन के नए पायदान की ओर आगे बढ़ने की जहां खुशियां थींए वहीं विद्यालय परिवार से बिछड़ने का दुख भी दिखा। विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। 11वीं कक्षा के छात्र.छात्राओं ने आर्केस्ट्रा प्रेजेंटेशन में विभिन्न वाद्य.यंत्रों पर सुर.ताल का सुंदर सामंजस्य प्रस्तुत किया।12वी के हर्ष राज और स्नेहा ने भी छात्र.जीवन के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित करती कविता प्रस्तुत की। हेड बॉय अपूर्व आनंद और प्रज्ञा भारद्वाज ने विद्यालय में बिताए पलों को जीवन का स्वर्णिमए गौरवमयी और अविस्मरणीय क्षण बताया। विद्यार्थियों के समेकित प्रदर्शन के आधार पर अपूर्व आनंद एवं अंशुल अग्रवाल को मास्टर डीपीएस और अनुष्का सिंह को मिस डीपीएस के खिताब ने नवाजा गया।

# नीलकंठ दल शिव शिष्य परिवार के शिव चर्चा में रागिनी सिंह शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शनिवार को श्री श्री सोला नामा नीलकंठ दल शिव शिष्य परिवार द्वारा आयोजित एक दिवसीय शिव चर्चा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह झरिया चौथाई कूल्ही सुंदरी रोड स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंची एवं शिव चर्चा में सम्मिलित हुई।वहीं उनका उपस्थित महिला सदस्यो द्वारा उनका शॉल एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं रागिनी सिंह ने मां काली की पूजा अर्चना कर परिवार एवं कोयलांचल वासियों के लिए आशीर्वाद मांगा। रागिनी सिंह ने इस दौरान वहां बैठकर शिव भजन भी सुनी ।

# तिलका मांझी पर डीएवी सिंदरी में कार्यक्रमों का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** प्रत्येक शनिवार को डीएवी स्कूल सिन्दरी में आयोजित बालसभा में इस शनिवार को झारखंड के वीर शहीद तिलका माँझी की जयंती पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पहाड़िया समुदाय के जबरा पहाड़िया उर्फ तिलका माँझी ने तत्कालीन ब्रिटिश साम्राज्य को चुनौती दी थी। प्राचार्य आशुतोष कुमार ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 13 वर्षों तक उन्होंने स्थानीय महाजनों, सामंतों व अँग्रेजी सत्ता की नींद उड़ाए रखा। बच्चों को इस वीर महापुरुष की गाथा से प्रेरणा लेने की जरुरत है। इस कार्यक्रम से बच्चों में मातृभूमि के लिए उच्चतम बलिदान देने वालों के प्रति प्रेम और सम्मान पैदा होता है। मौके पर मौजूद सोनोत संथाल समाज के संयोजक सुखलाल मरांडी ने कहा कि बच्चों के साथ साथ आने वाली पीढ़ी में भी इसका संदेश जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। मौके पर विधालय के बच्चों के साथ शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# झामुमो ने तिलका मांझी का जन्म दिवस मनाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** शनिवार को काको मठ चौक पर स्थापित बाबा तिलका मांझी के आदम कद प्रतिमा पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतीलाल टुडू ने माल्यार्पण कर उनका जन्म दिवस मनाया। सिंगारसी पहाड़, पाकुड़ के जबरा पहाड़िया उर्फ तिलका मांझी के बारे में कहा जाता है कि उनका जन्म 11 फरवरी 1750 ई. में हुआ था। 1771 से 1784 तक उन्होंने ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध लंबी और कभी न समर्पण करने वाली लड़ाई लड़ी और स्थानीय महाजनों-सामंतों व अंग्रेजी शासक की नींद उड़ाए रखा। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष रतीलाल टुडू ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम लोग बाबा तिलका मांझी का जन्म उत्सव मना रहे हैं राज्य में भी हमारे हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री है और देश के सर्वोच्च पद पर भी आदिवासी महिला श्रीमती द्रौपदी मुरमू बैठी हुई है सिर्फ आदिवासी ही नही सभी लोगों को चाहे झारखंड हो चाहे देश हो उनका अधिकार उन्हें मिल रहा है। विकास हो रहा है।मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बाघमारा रतीलाल टूडू पवन महतो झामुमो नेता राजा महतो कंचन महतो घंटु त्रिगुणायत आमिर खान राकेश सिंह मुकेश गुप्ता मौजूद थे।

# शांति समृद्धि, प्रेम और सौहार्द पाने का सबसे अच्छा मंच लोक अदालत

### नेशनल लोक अदालत में 99 करोड 36 लाख 89 हजार 140 रुपए की हुई रिकवरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद ।** नालसा के निर्देश पर वर्ष 23 के पहले नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने किया ।इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हर लोगों को सामाजीक , आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा की लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है ।इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है. इसके साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। लोगों मे प्रेम ,शाति ,समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है ! उन्होंने कहा कि 23 नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है ! जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां तत्काल प्रभाव में मामला सेटेल हो जाता है और विवाद आगे नहीं बढ़ पाता।

### नेशनल लोक अदालत में न्यायाधीश

न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय तौफीकुल हसन, अपर प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट प्रेमलता त्रिपाठी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार श्रीवास्तव, ,राजकुमार मिश्रा , लेबर जज नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप मान ,अवर न्यायाधीश, राजीव त्रिपाठी, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी,, प्रज्ञेश निगम ,स्थाई लोक अदालत के चेयरमैन पियूष कुमार , शिवम चौरसिया , राकेश रोशन , अंकित कुमार सिंह न्यायिक दंडाधिकारी रेलवे , मनोज कुमार इंदवार न्यायिक दंडाधिकारी जेजेबी , पंचम कुमार सिन्हा , अमर प्रसाद नीलाम पत्र पदाधिकारी , शिप्रा डालसा के पैनल अधिवक्ता, तारक नाथ चौबे, रंजन सिन्हा, संतोष कुमार गुप्ता, हरि विश्वकर्मा, अभिजीत कुमार साधू, नीरज कुमार सिन्हा,चिरंजीत प्रमाणिक, करूणा सिन्हा,सोनिया कुमारी, सुभाष चंद्रा,पंचानन सिंह, ए के सिंह, डालसा सहायक ,सौरव सरकार, अरुण कुमार, संजय सिन्हा, हेमराज चौहान , राजेश कुमार सिंह ,डीपेंटी गुप्ता, गीता कुमारी,समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### अब समय आ ...

जनसभा को राजेश ठाकुर, अविनाश पांडे, आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, हाफिजुल अंसारी सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में सुबोधकांत सहाय, दीपिका सिंह पांडेय, प्रदीप यादव,गीता कोड़ा, विजय हांसदा, दिनेश विलियम मरांडी सहित कई अन्य मौदूद थे। **गैर भाजपा सरकारों के खिलाफ साजिश :** उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गैर भाजपा शासित सरकारों को जो गिराने की साजिश कर रही है, वह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। कई राज्यों की सरकार को गिराकर अपनी सरकार बना रही है जो गलत है। उन्होंने कहा कि आज देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। कभी लोग गैस के सात सिलेंडर लिया करते थे लेकिन आज ऐसी स्थिति है कि लोग एक रिफिल नहीं करा पा रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों की बात करते- करते देश से गरीबों को खत्म करने पर तुली है। देश में 71 हजार स्कूलों को केंद्र सरकार ने बंद करा दिया। सवाल उठ रहा कि गरीब के बच्चे अब कहां शिक्षा ग्रहण करेंगे। इसका जवाब सरकार के पास नहीं है। उन्होंने कहा, मोदी देश में वंदे भारत ट्रेन चलाकर विकास दिखा रहे हैं, लेकिन यह भूल रहे हैं कि जिस पटरी पर ट्रेन चल रही है वो कांग्रेस की देन है।

### मांडर में दिन...

घटना की जानकारी मिलते ही अपराधियों की धरपकड़ के लिए खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानीए मैक्लुस्कीगंज के थानेदार राना जंग बहादुर सिंह, चान्हो के थानेदार रंजय कुमार ठाकुर गांव के थानेदार कृष्ण कुमार सहित आसपास के कई थानों के पुलिस पहुंची। मामले को लेकर डीएसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि दुकान में मौजूद दो जेवर व्यवसाई बिहार के रहने वाले हैं और वे पिछले 1 महीने से विभिन्न जेवर दुकानों में जेवर बेचने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस उनसे भी पूछताछ कर रही है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की कोशिश की जा रही है। पुलिस हर एक बिंदु पर जांच कर रही है शीघ्र ही अपराधी पुलिस की पकड़ में होंगे।

### सभी विपक्षी दलों ...

झारखंड में राजद के वर्तमान में एक मात्र विधायक सत्यानंद भोक्ता हैं और वो भी झारखंड सरकार में मंत्री हैं। माना जा रहा है कि झारखंड में पार्टी को मजबूती देने के लिए रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीति तय करेंगे। इसके अलावा वो कार्यकर्ताओं के बीच नयी ऊर्चा का संचार करने के कई टिप्स भी देंगे। अपने नेता से मिलने के पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।

### लेफ्ट और कांग्रेस दो...

त्रिपुरा, दक्षिण एशिया का 'गेट वे' बन रहा : उन्होंने यह भी दावा किया कि पिछले पांच वर्षों में त्रिपुरा में डबल इंजन सरकार ने लोगों के विकास के लिए काम किया है। मोदी ने उम्मीद जतायी कि त्रिपुरा की जनता डबल इंजन वाली सरकार को फिर से सत्ता में लायेगी। पिछले पांच वर्षों में त्रिपुरा में विकास के बारे में जानकारी देते हुए दावा किया कि त्रिपुरा दक्षिण एशिया का 'गेट वे' बनने जा रहा है। भाजपा सरकार आदिवासियों के प्रयासों को पहचानने के अपने लगातार कदमों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सामने लाने का प्रयास करती है। 5 साल पहले मैंने जितने वादे किये थे, भाजपा ने उसे जमीन पर उतारने का काम किया है। पीएम ने कहा कि लेफ्ट और कांग्रेस के शासन में यहां हजारों गांव ऐसे थे जहां कभी सड़क ही नहीं थी। बीते 5 साल में हमने यहां लगभग 5000 गांवों तक सड़क पहुंचायी है। मैं आज आपसे एक वादा करता हूं कि जिस भी गरीब को अब तक पक्का घर नहीं मिला है। उन्हें भी भाजपा सरकार बनने के बाद घर देने का काम तेजी से आगे बढ़ाया जायेगा। आपने वामपंथियों को हटाया तो उसका नतीजा भी आपके सामने है। आज त्रिपुरा को मुफ्त राशन मिल रहा है। इससे अगर सबसे ज्यादा फायदा किसी को हुआ है तो मेरी माताओं-बहनों को हुआ है।

### कर्मचारियों हित में ...

सीएम शनिवार को झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सभागार में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन सिस्टम (एनएमओपीएस ) के नये स्वरूप झारखंड ऑफिसर टीचर्स फेडरेशन के पहले प्रांतीय अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने सरकार के अंग के रूप में कार्य कर रहे सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी से प्रयास करने को कहा, ताकि झारखंड को सुरक्षित, विकसित और उन्नत राज्य बना सकें। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार ऐसा कार्य करने की दिशा में आगे बढ़ बढ़ रही है , जो पूरे देश के लिए एक उदाहरण पेश कर सके और अन्य राज्य उसे मॉडल के रूप में अपने यहां लागू कर सके। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि एक ऐसा झारखंड बनाएं , जहां का हर व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा हो सके और पूरे मान -सम्मान के साथ जीवन यापन कर सके। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार का आपकी समस्याओं का समाधान हो, इसके प्रयास में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे अगुआ और पूर्वज काफी दूरदर्शी और विजनरी थे । वे योजनाएं लंबे भविष्य को देखकर बनाकर थे ताकि आने वाली पीढ़ी को उसका लाभ मिल सके। हमारी सरकार भी अपने नीतियों को उसी हिसाब से निर्धारित कर रही है, ताकि आने वाला वक्त झारखंड के लिए खुशहाली, समृद्धि और उन्नति का द्वार खोल खोल सके। अधिवेशन में फेडरेशन के लोगो का अनावरण मुख्यमंत्री ने किया।

### भारत जितना मोदी...

सरासर गलत और निराधार है। इस्लाम सभी धर्मों में सबसे पुराना धर्म है। यहां मुस्लिमों के खिलाफ नफरत और उकसावे के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, हाल के दिनों में इस्लामोफोबिया काफी बढ़ गया है। जमीयत चीफ ने कहा- हमारी नजर में हिंदू और मुसलमान बराबर हैं। हम इंसान के बीच कोई फर्क नहीं करते हैं। जमीयत की पॉलिसी रही है कि भारत के तमाम शहरी बराबर हैं, इनके बीच भेदभाव नहीं होना चाहिए। यूनिफॉर्म सिविल कोड सिर्फ मुसलमानों का मुद्दा नहीं : मौलाना ने यह भी कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड सिर्फ मुसलमानों का मुद्दा नहीं है। यह देश के अलग-अलग सामाजिक समूहों, समुदायों, जातियों और सभी वर्गों से संबंधित है। शनिवार को अधिवेशन में शामिल मौलवियों ने इस्लामोफोबिया, यूनिफॉर्म सिविल कोड, पर्सनल लॉ में हस्तक्षेप, पिछड़े मुसलमानों के लिए आरक्षण, मदरसों का सर्वे, इस्लाम के खिलाफ गलत सूचनाएं और कश्मीर पर प्रस्ताव भी पारित किये गये।
सौ साल पुराना संगठन : जमीयत उलेमा-ए-हिंद मुसलमानों का 100 साल पुराना संगठन है। यह संगठन मुसलमानों का सबसे बड़ा संगठन होने का दावा करता है। इसके एजेंडे में मुसलमानों के पॉलिटिकल, सोशल और धार्मिक मुद्दे रहते हैं। ये संगठन इस्लाम से जुड़ी देवबंदी विचारधारा को मानता है। असम में बाल विवाह के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को जमीयत-ए-उलमा-ए-हिंद का समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि अगर समान नागरिक संहिता पर आम सहमति बनाने के लिए कुछ संजीदा कोशिशें की जा रही हैं तो इसमें कोई बुराई नहीं है।

स्पीड न्यूज

## एलजी ने दिया डिस्कॉम से जस्मीन शाह को हटाने का आदेश



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल और आम आदमी पार्टी के बीच जारी गतिरोध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। जस्मीन शाह को डीडीडीसी के बोर्ड से हटाने के निर्देश देने के बाद अब एलजी ने उन्हें बिजली कंपनियों के बोर्ड से हटाने के भी निर्देश दिए हैं।

## एयर एशिया पर लगा 20 लाख का जुर्माना

**नयी दिल्ली।** डीजीसीए ने एयर एशिया पर 20 लाख रुपए का जुमार्ना लगा दिया है। एयर एशिया पर यह जुमार्ना डीजीसीए के नियमों के उल्लंघन के चलते लगाया गया है। दरअसल जांच के दौरान एयर एशिया के पायलट, पायलट प्रोफिशिएंसी चेक के दौरान नियमों के उल्लंघन के दोषी पाए गए।

## बेंगलुरु से संदिग्ध आतंकी आरिफ गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक से एक बड़ी खबर आ रही है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने बेंगलुरु से एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान आरिफ के रूप में हुई है। बताया जाता है कि इंटरनेट के जरिए वह पिछले दो साल से अलकायदा के संपर्क में था। मामले में एनआइए ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

## विचार विमर्श के केंद्र में हो महिलाएं : ईरानी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को कहा कि बेहतर भविष्य के लिए किसी भी विचार विमर्श में और निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं का केंद्र में होना आवश्यक है। ईरानी ने आगरा में महिला सशक्तिकरण पर जी- 20 की शुरूआती बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण है।

## मुजफ्फरपुर में नीतीश की यात्रा से पहले तीन टाइम बम बरामद

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समाधान यात्रा से ठीक तीन दिन पहले शनिवार को मुजफ्फरपुर में तीन टाइम बम मिले हैं। इससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। इस मामले में मामा और भांजा समेत तीन लोगों से पूछताछ की जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश 14 फरवरी को यहां आ रहे हैं।

### आरबीआइ बोर्ड को संबोधित करते हुये बोली वित्त मंत्री

# नये टैक्स सिस्टम से मिडिल क्लास को राहत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि नयी कर व्यवस्था से मध्यम वर्ग को लाभ होगा, क्योंकि इससे उनके हाथ में और पैसा बचेगा। बजट के बाद भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड के पारंपरिक संबोधन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के माध्यम से निवेश करने के लिए व्यक्तियों को प्रेरित करना आवश्यक नहीं है, बल्कि उन्हें निवेश के संबंध में व्यक्तिगत निर्णय लेने का अवसर देना चाहिए। मंत्री ने कहा कि जिस तरह से हमने मानक कटौती की अनुमति दी है और कर की जो दरें अलग-अलग स्लैब के लिए तय की गई हैं, इसने वास्तव में लोगों, करदाताओं, परिवारों के हाथों में अधिक पैसा छोड़ा है।

## तीन लाख रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं

नयी रियायती कर व्यवस्था अगले वित्तीय वर्ष से प्रभावी होगी। इसमें 3 लाख रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं लगाया जाएगा। 3-6 लाख रुपये के बीच की आय पर 5 प्रतिशत कर लगेगा। 6-9 लाख रुपये पर 10 फीसदी, 9-12 लाख रुपये पर 15 फीसदी, 12-15 लाख रुपये पर 20 फीसदी और 15 लाख रुपये और इससे ज्यादा की आय पर 30 फीसदी टैक्स लगेगा। हालांकि, 7 लाख रुपये तक की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं लगाया जाएगा।



### मध्यम वर्ग को राहत

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार का यह उपाय विशुद्ध रूप से मध्यम वर्ग पर कर के बोझ को कम करने के लिए था और डायरेक्ट टैक्स को सरल बनाने के कुछ साल पहले किए गए वादे से जुड़ा हुआ है।

### क्या कहा वित्त मंत्री ने

सीतारमण ने अपने नवीनतम बजट में नयी कर व्यवस्था का विकल्प चुनने वाले व्यक्तियों को 50,000 रुपये के मानक कटौती लाभ का विस्तार करने का प्रस्ताव किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि सरकार के लिए इस तरह के किसी उपाय को प्रेरित करना भी आवश्यक है। एक व्यक्ति जो अपना पैसा कमाता है और जो अपना घर चलाता है, यह जानने के लिए पर्याप्त बुद्धिमान है कि उसे अपना पैसा कहां लगाना है। मैंने उसे हतोत्साहित करने के लिए ऐसा नहीं किया है। न ही मैं उन्हें कुछ विशेष करने के लिए प्रोत्साहित कर रही हूं। यह पूरी तरह किसी व्यक्ति का चुनाव है।

### महंगाई कम करने की कोशिश : दास

महंगाई पर पूछे गये एक सवाल में आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति 2023-24 में लगभग 5.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है और अगर कच्चे तेल की कीमतें नरम रहती हैं तो इसमें और गिरावट आ सकती है। दास ने कहा कि आरबीआइने अगले वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान के लिए कच्चे तेल की 95 डॉलर प्रति बैरल दर का अनुमान लगाया है।

## अब देश में ही बनेगा कार्ल गुस्ताफ राइफल

**नयी दिल्ली।** स्वीडन की रक्षा कंपनी साब ने शनिवार को घोषणा की है कि वह कार्ल-गुस्ताफ रिकॉइललेस राइफलों का निर्माण भारत में ही करेगा। कंपनी ने कहा है कि वह भारत में एक विनिर्माण संयंत्र स्थापित कर रही है जो भारतीय सशस्त्र बलों के लिए मैन-पोर्टेबल मल्टी-रोल हथियार प्रणाली के उत्पादन में मदद करेगी। साब इंडिया टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक मैट्स पामबर्ग ने कहा कि साब भारतीय उप-आपूर्तिकर्ताओं के साथ भी साझेदारी करेगा और संयंत्र में विनिर्मित प्रणालियां 'मेक इन इंडिया' की जरूरतों को पूरी तरह से पूरा करेंगी।

## सुप्रीम कोर्ट को मिलेंगे दो और नये जज

**नयी दिल्ली।** न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार सोमवार, 13 फरवरी को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर शपथ लेंगे। शीर्ष अदालत की प्रशासनिक इकाई द्वारा जारी परिपत्र के मुताबिक प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ सोमवार को पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे न्यायमूर्ति बिंदल और न्यायमूर्ति कुमार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर शपथ दिलाएंगे।

## फिजियोथेरेपिस्ट मरीज का इलाज कर उसे हौसला भी देते हैं : मोदी



एजेंसी

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि फिजियोथेरेपिस्ट केवल मरीज का इलाज नहीं करता, बल्कि उसे हौसला भी देता है। मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट के 60वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे खुशी है कि मेडिकल फील्ड के इतने महत्वपूर्ण प्रोफेशनल्स अहमदाबाद में एक साथ जुट रहे हैं। कोई चोट हो, दर्द हो, चाहे युवा हों, या बुजुर्ग हों, खिलाड़ी हों, या फिटनेस के मुरीद हों, फिजियोथेरेपिस्ट हर परिस्थिति, हर उम्र के लोगों के सहयोगी बनकर उनकी तकलीफ दूर करते हैं। आप मुश्किल के समय में सिंबल ऑफ होप, सिंबल ऑफ रेजिलिएंस, सिंबल ऑफ रिकवरी होते हैं। क्योंकि जब कोई व्यक्ति अचानक इंजरी या एक्सिडेंट का शिकार हो जाता है, तो उसके लिए ये केवल फिजिकल ट्रॉमा नहीं होता। ये एक मेंटल और साइकोलॉजिकल चैलेंज भी होता है। ऐसे समय में फिजियोथेरेपिस्ट केवल उसका इलाज नहीं करता, बल्कि उसे हौसला भी देता है।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अक्सर मुझे भी आपके प्रोफेशन से, आपके प्रोफेशनलिज्म से बहुत प्रेरणा मिलती है। अपनी फील्ड में आपने यह जरूर सीखा होगा कि चुनौतियों से ज्यादा मजबूत आपके भीतर की ताकत होती है। प्रोत्साहन और थोड़े से एनकरेजमेंट और सपोर्ट से लोग मुश्किल से मुश्किल चुनौतियों पर भी विजय पा लेते हैं। कुछ ऐसी ही बात गवर्नेंस में भी देखने को मिलती है।

## मंजूरी मिलते ही लीथियम ब्लॉक की होगी नीलामी

**रियासी।** जम्मू-कश्मीर के रियासी के सलाल क्षेत्र में लीथियम खनिज भंडार पर जिला उपायुक्त बबीला रकवाल ने कहा कि मंजूरी मिलते ही खनिज ब्लॉक की नीलामी की जाएगी। रकवाल ने कहा, यह पूरे देश के लिए बड़ी खुशी का अवसर है। जीएसआइ के विशेषज्ञ पिछले पांच साल से काम में लगे थे। लीथियम खनिज भंडार होने की पुष्टि होने के बाद उन्होंने जीएसआइ और खनन विभाग से जानकारी ली है। सरकार की ओर से मंजूरी के बाद लीथियम खनिज भंडार के दोहन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। देश में लीथियम खनिज भंडार की पहली साइट मिलने से रियासी जिले का सलाल कोटली गांव चर्चा का विषय बन गया है।

## विदेश संबंधों पर अमेरिकी कमेटी की पहली बैठक में ही भारत बना चर्चा का केंद्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अमेरिका ने दुनिया के बाकी देशों के साथ रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए नई हाउस फॉरेन रिलेशंस कमेटी बनाई है। इस कमेटी ने भारत-अमेरिका के रिश्तों को लेकर बड़ा बयान दिया है। कहा गया है कि अमेरिका-भारत के द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार पर विशेष रूप से कमेटी की नजर है। खासतौर पर दोनों देशों रक्षा-आर्थिक क्षेत्रों, आतंकवाद विरोधी प्रयासों और भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत की रणनीतिक उपस्थिति को बढ़ाने के लिए काम करेंगे। इसी हफ्ते रिपब्लिकन कांग्रेसी माइकल मैककॉल की अध्यक्षता में कमेटी की 118वीं बैठक हुई।

### कमेटी ने भारत को लेकर क्या कहा

हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के रैंकिंग सदस्य डेमोक्रेट ग्रेगरी मीक्स ने इस बैठक के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'समिति भारत के प्रति अमेरिकी नीति और द्विपक्षीय सहयोग के निरंतर विस्तार की समीक्षा करेगी। सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग, विस्तारित भूमिकाओं के अवसर, मिशन और क्षमताओं और आतंकवाद विरोधी प्रयासों सहित अमेरिका-भारत रक्षा संबंधों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।' कमेटी ने कहा कि हम अमेरिका-भारत आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के प्रयासों पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे। जिसमें प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और फार्मास्युटिकल उद्योगों में द्विपक्षीय प्रयासों पर चर्चा शामिल है। समिति ने कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती ऊर्जा मांगों के प्रभावों की भी समीक्षा होगी।

## नक्सली हमलों का जवाब दिया जायेगा: नड्डा

**जगदलपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि नक्सली हमलों को प्रजातांत्रिक तरीके से जवाब दिया जायेगा। नड्डी शनिवार को लाल बाग मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नारायणपुर में हुए हादसे ने दिल को दहला दिया। उन्होंने कहा कि नक्सली हमलों का प्रजातांत्रिक तरीके से जवाब दिया जाएगा। उन्होंने नारायणपुर में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सागर साहू की मौत का दुख व्यक्त किया। हवाई अड्डे पर नड्डा का भाजपा के नेताओं ने स्वागत किया। उन्होंने यहां स्थानीय भाजपा कार्यालय में कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक ली और हेलीकॉप्टर से नारायणपुर के लिए रवाना हो गए।

## तुर्किये में एनडीआरएफ बना देवदूत, बनाया अस्पताल



एजेंसी

**अंकारा।** तुर्किये में भूकंप के बाद चारों ओर मौत का मंजर देखने को मिल रहा है। इमारतों के ढहने से हजारों लोगों की मौत के बाद अब मलबे में दबे लोगों को बचाने के लिए बचाव अभियान तेजी से चल रहा है।

कई देशों ने तुर्किये की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है, जिसमें भारत सबसे आगे दिख रहा है। भारतीय सेना और एनडीआरएफ लोगों को जिंदा निकालने के लिए जी जान लगा रहा है। पांच सी-17 विमान पहले ही आ भारत ने भेज दिए है और मुख्य ध्यान खोज और बचाव कार्यों और चिकित्सा राहत प्रदान करने पर है। तुर्किये में भारतीय राजदूत वीरेंद्र पॉल ने बताया कि एनडीआरएफ टीम के 101 सदस्य गाजियांटेप में राहत एवं बचाव अभियान का संचालन कर रहे हैं। हटे प्रांत में तो भारतीय सेना ने एक फील्ड अस्पताल तक स्थापित कर दिया है।

यह अस्पताल 30 बिस्तरों वाला है, जिसके लिए दो सी-17 विमान मेडिकल टीम लेकर आए।

### तेजी से चल रहा बचाव कार्य

राजदूत ने बताया कि तुर्किये में बचाव कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। एनडीआरएफ ने शुक्रवार को तुर्किये सेना के साथ मिलकर भूकंप प्रभावित तुर्किये से 8 साल की एक बच्ची को बचाया। तुर्किये के गाजियांटेप के नूरदगी में आए भूकंप में एक इमारत के मलबे के नीचे लड़की जिंदा फंस गई थी।

## घाटी में आतंकवाद, पूर्वोत्तर में उग्रवाद नियंत्रित : शाह



**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद, पूर्वोत्तर में उग्रवाद और देश के कुछ हिस्सों में वामपंथी उग्रवाद में कमी आई है। राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में आइपीएस के 74वें बैच के प्रोबेशनरों की पासिंग आउट परेड की समीक्षा करने के बाद संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा नीत राजग सरकार द्वारा अपनाये गये प्रभावी उपायों के कारण पिछले आठ वर्षों के दौरान आतंकवाद, उग्रवाद और वामपंथी उग्रवाद में प्रभावी कमी आयी है।

उन्होंने कहा कि जहां तक आंतरिक सुरक्षा का सवाल है तो कई चुनौतीपूर्ण समय भी देखे हैं।

## लालू यादव सिंगापुर से भारत लौटे

**नयी दिल्ली।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव सिंगापुर से भारत लौट गए हैं। किडनी ट्रांसप्लांट के बाद पहली बार लालू यादव शनिवार को सिंगापुर से दिल्ली पहुंचे। लालू की बड़ी बेटी मीसा भारती ने दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर अपने पिता को रिसीव किया। लालू अभी कुछ दिन दिल्ली में ही रहकर आराम करेंगे। बाद में वे बिहार आएंगे। उनके भारत पहुंचने से आरजेडी नेता और कार्यकर्ता उत्साहित हैं। लालू यादव शनिवार दोपहर में सिंगापुर से रवाना हुए। शाम में उनकी फ्लाइट दिल्ली पहुंची। दिल्ली एयरपोर्ट पर व्हीलचेयर में बैठाकर उन्हें बाहर लाया गया। इस दौरान मीसा भारती उनके साथ नजर आईं।

## पाक : नवाज शरीफ की बेटी मरियम अपने पति से ही भिड़ीं

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बढ़ता सियासी टकराव से अब नवाज शरीफ परिवार के भीतर तक पहुंच गया है। हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज सार्वजनिक रूप से अपने पति से ही भिड़ गई हैं। उन्होंने अपने पति रिटायर्ड कैप्टन मोहम्मद सफदर पर पार्टी विरोधी बयान देने का आरोप लगाया है। सूत्रों के मुताबिक अर्थव्यवस्था को संभाल पाने में नाकामी और बढ़ती राजनीति चुनौतियों का दबाव साफ तौर पर सत्ताधारी गठबंधन में शामिल पार्टियों के अंदर महसूस किया जा रहा है। सफदर ने एक



इंटरव्यू में पार्टी की नीतियों की कड़ी आलोचना कर दी। उन्होंने कहा- 'पार्टी का वोट को इज्जत दो नैरेटिव' पहले बहुत सशक्त था। लेकिन जिस रोज पार्टी ने पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा का कार्यकाल बढ़ाने के पक्ष में मतदान किया था, उसे रोक उसने इस नैरेटिव की बेइज्जती कर दी थी।

## बेहद हॉट नजर आयी सारा

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान इन दिनों ऑस्ट्रेलिया ट्रिप पर गई हुई हैं। सारा सोशल मीडिया पर फैंस संग जुड़ती हैं और एक से बढ़कर एक फोटोज शेयर करती हैं। अपने बिंदास अंदाज से वे फैंस की चहेती हैं और एक्ट्रेस के चेहरे की मुस्कुराहट हमेशा बनी रहती है हाल ही में सारा अली खान ने कुछ लेटेस्ट फोटोज शेयर की है जिसमें वे बिकिनी में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस काम से ब्रेक लेकर ऑस्ट्रेलिया घूमने गई हुई हैं और इस दौरान की तस्वीरें फैंस संग शेयर की है। ऑस्ट्रेलिया के खूबसूरत नजारों से घिरी सारा बीच किनारे बैठी हैं और सनबाथ ले रही हैं। इस सनकिस्ड फोटो में वे येलो कलर की बिकिनी में नजर आ रही हैं और उन्होंने कैप भी लगाई हुई है। एक्ट्रेस ने इसके साथ कैप्शन में लिखा- 'सनी, स्माइली, सिडनी।' सारा आमतौर पर घूमना पसंद करती हैं। कभी वे अपनी फेवरेट कंपनी यानी मां अमृता सिंह और भाई इब्राहिम अली खान के साथ घूमना पसंद करती हैं तो वहीं दूसरी तरफ वे अपने फ्रेंड्स संग भी ट्रिप पर जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी ट्रिप के लिए दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक ऑस्ट्रेलिया को चुना और वहां पर धूप का आनंद लेते हुए चिल कर रही हैं। फैंस को उनकी ये फोटोज काफी पसंद आ रही है और वे सारा की तारीफ कर रहे हैं। सारा अली खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस के पास इस समय 4 फिल्में हैं। इसमें ए वतन मेरे वतन और गैसलाइट जैसी मूवीज हैं।



## नागपुर टेस्ट : स्पिन तिकड़ी ने किया कमाल, पारी और 132 रन से जीता भारत, सीरीज में 1-0 से आगे



एजेंसी

**नागपुर।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पारी और 132 रन से हरा दिया है। इसके साथ ही टीम इंडिया ने चार मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 177 रन बनाए थे। वहीं, दूसरी पारी में यह टीम 91 रन पर सिमट गई। भारत ने पहली पारी में 400 रन बनाए और यही कंगारू टीम पर भारी पड़े। रवींद्र जडेजा ने इस मैच में 70 रन बनाने के साथ पहली पारी में पांच और दूसरी पारी में दो विकेट लिए। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की राह आसान हो गई है। अब टीम इंडिया को सीरीज के बाकी तीन में से दो मैच जीतने है और भारत आसानी से फाइनल में पहुंच जाएगा। एक मैच जीतने पर भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए किस्मत के सहारे की जरूरत होगी।

### नंबर एक टीम ने टेके घुटने

टेस्ट की नंबर एक टीम ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज से पहले ही स्पिन गेंदबाजी को लेकर डरी हुई थी और मैच में स्पिन गेंदबाजों ने ही ऑस्ट्रेलिया का बेड़ा गर्क कर दिया। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम एक सेशन में ही ऑल आउट हो गई। नागपुर में तीसरे दिन के दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने 32.3 ओवर खेले और 91 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। वहीं, तीसरे दिन ही पहले सत्र में भारत के आखिरी तीन विकेट लेने में ऑस्ट्रेलिया ने 79 रन लुटा दिए। इनमें से 37 रन तो मोहम्मद शमी ने बनाए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में सबसे ज्यादा 25 रन स्टीव स्मिथ ने बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने मैच शुरू होने से पहले ही घुटने टेक दिए थे। इसी वजह से कंगारू बल्लेबाज न तो स्पिन गेंदबाजों को खेल पाए और न ही तेज गेंदबाजों को। पहली पारी में शमी और सिराज ने ही ऑस्ट्रेलिया की सलामी जोड़ी को दो रन के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया था।

**ऑस्ट्रेलिया की पारी 177 रनों पर सिमटी**

### मैच के हीरो जडेजा पर जुर्माना

पहले मैच में ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने अपने गेंद और बल्ले से कमाल दिखाया। उन्होंने मैच में कुल सात विकेट लिए और 70 रन बनाए। जडेजा ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन वह जुर्माने से नहीं बच पाए। जडेजा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। शनिवार को मैच के पहले दिन मैदानी अंपायरों की अनुमति के बिना अपने गेंदबाजी हाथ की सूजी हुई अंगुली पर क्रीम लगाने के लिए उनके खिलाफ यह एक्शन लिया है। जडेजा ने करीब छह महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की। जडेजा की हरकत को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 का उल्लंघन माना गया। यह खेल की भावना के विपरीत आचरण प्रदर्शित करने से संबंधित है।




## पाक के खिलाफ मैच में नहीं खेलेंगी स्मृति मंधाना



**नयी दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप में भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से रविवार (12 फरवरी) को खेला जाएगा। टीम इंडिया की चिंता इस मैच से पहले बढ़ गई है। स्टार ओपनर बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मुकाबले में खेलना मुश्किल है। उनकी अंगुली में अभ्यास मैच के दौरान चोट लगी थी। 26 साल की यह सलामी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण के समय चोटिल हुई थीं। भारतीय महिला टीम के कोच ऋषिकेश कानिटकर ने मैच से पहले कहा 'हरमन खेलने के लिए फिट हैं। उन्होंने पिछले दो दिनों से नेट्स में बल्लेबाजी की है, वह ठीक हैं। स्मृति को उंगली में चोट लगी है और वह अभी भी ठीक हो रही हैं, इसलिए वह नहीं खेल पाएगीं। यह फ्रैक्चर नहीं है और हमें उम्मीद है कि वह दूसरे मैच से उपलब्ध होंगी।'

### वेस्टइंडीज के खिलाफ मजबूत स्थिति में इंग्लैंड

**पार्ल।** दक्षिण अफ्रीका में चल रहे महिला टी20 विश्व कप का दूसरा मैच वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच खेला जा रहा है। पार्ल के बोलैंड पार्क में शनिवार को वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टूर्नामेंट में ग्रुप बी का यह पहला मैच है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के अलावा इस ग्रुप में भारत, पाकिस्तान और आयरलैंड की टीम भी है। वेस्टइंडीज ने मैच में इंग्लैंड को जीत के लिए 136 रनों का लक्ष्य दिया है। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 95 रन बना लिए थें।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!